सेंसेक्स 74,085.99 ▲ +408.86
डॉलर 82.812 ▼ -0.086

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 28.0 | 16.0 | 22.0 |
| धनबाद | 31.0 | 15.0 | 24.0 |
| जमशेदपुर | 34.0 | 18.0 | 29.0 |
| पलामू | 31.0 | 15.0 | 23.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



डालटनगंज (मेदिनीनगर), फाल्गुन कृष्ण पक्ष 12, विक्रम संवत 2080

डालटनगंज (मेदिनीनगर), गुरुवार, 07 मार्च 2024, वर्ष-30, अंक- 140, पृष्ठ-16, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94

www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय — कल्पना सोरेन के समक्ष राजनीतिक चुनौतियां ... 9

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

स्पेनिश महिला के गैंगरेप पर भड़कीं एक्ट्रेस ...14 — देश/विदेश

## राज्य स्तरीय नियुक्ति पत्र वितरण समारोह

### यहां होगी नियुक्ति

स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा-2023 अंतर्गत **बायोलॉजी के 253, केमिस्ट्री के 259, फिजिक्स के 313** एवं **भूगोल के 195** स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक

नगर विकास एवं आवास विभाग अंतर्गत **15 पाईप लाइन इंस्पेक्टर** और **55 स्ट्रीट लाइट इंस्पेक्टर**

कृषि विभाग अंतर्गत **09 कनीय अभियंता**

### यहां होगी नियुक्ति

खान एवं भूतत्व विभाग अंतर्गत **34 खान निरीक्षक**

विद्युत विभाग अंतर्गत **53 कनीय अभियंता**

पथ निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग और नगर विकास एवं आवास विभाग अंतर्गत **1,268 कनीय अभियंता** (सिविल)

## 2,454

अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण

## श्री चम्पाई सोरेन

मानवीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

के कर कमलों द्वारा



दिनांक: **07 मार्च, 2024 (गुरुवार)**

समय: **12:00 बजे मध्याह्न**

स्थान: शहीद मैदान, धुर्वा, राँची

### विशिष्ट अतिथि

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य, पंचायती राज एवं संसदीय कार्य विभाग, झारखण्ड

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास एवं उद्योग विभाग, झारखण्ड

**श्री बादल पत्रलेख**
माननीय मंत्री, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड

**श्री मिथिलेश कुमार ठाकुर**
माननीय मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, झारखण्ड

**श्री बसंत सोरेन**
माननीय मंत्री, पथ निर्माण, भवन निर्माण एवं जल संसाधन विभाग, झारखण्ड

PR No 321791 (IPRD) 2023-24

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## एक नजर

### चेक पोस्ट पर वाहन चेकिंग अभियान



**नौडीहा बाजार।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार नौडीहा थाना चेक पोस्ट पर बुधवार को थाना प्रभारी कृष्ण गोपाल के नेतृत्व में एएसआई प्रमोद कुमार के द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें सभी वाहनों के कागजातो की जांच के साथ हेलमेट की भी जांच की गयी।

### अवैध शराब भट्ठी ध्वस्त



**नौडीहा बाजार।** थाना अंतर्गम पंचायत चराई के अंतर्गत धोखा कोसियार पहाड़ के समीप अवैध देशी शराब भट्ठी को गुप्त सूचना मिलने पर नौडीहा थाना प्रभारी कृष्ण गोपाल के नेतृत्व में पुलिस ने ध्वस्त किया। इस दौरान भारी मात्रा में जावा महुआ सहित उपकरणों को नष्ट किया गया। पुलिस को देखते ही शराब माफिया मौके से फरार हो गये।

### स्कॉर्पियो से पांच पेटी अंग्रेजी शराब बरामद



**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र के एनएच- 98 स्थित भगत तेंदुआ तथा बिगहा व शिकारपुर गांव में उत्पाद विभाग टीम ने बुधवार को छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान एक स्कॉर्पियो से पांच पेटी अंग्रेजी शराब जब्त किया गया। जबकि छापेमारी के दौरान शिकारपुर तथा वैध बिगहा से भारी मात्रा में जावा महुआ एवं महुआ से निर्मित शराब बरामद किया गया। इस दौरान दो शराब कारोबारी को गिरफ्तार भी किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार चार ड्रम सहित शराब बनाने के कई उपकरणों को नष्ट किया गया। बिहार से सटे सीमावर्ती इलाका होने के कारण शराब माफियाओं को इस क्षेत्र से बिहार दारू सप्लाई करना इनका मुख्य पेशा बना हुआ है।

### महाशिवरात्रि को लेकर शांति समिति की बैठक में बनी रणनीति

# शिव बारात में अश्लील व भड़काऊ गाना बजाने पर पाबंदी

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** महाशिवरात्रि शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर हैदरनगर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता हैदरनगर बीडीओ सह सीओ विश्व प्रताप मालवा ने की। बैठक में विभिन्न पंचायतों के पंचायत प्रतिनिधियों ने अपनी-अपनी बात रखी। बताया गया कि महाशिवरात्रि के मौके पर बरेवा शिव मंदिर प्रांगण में एक दिवसीय मेला लगता है। जबकि हैदरनगर के पुराने शिवालय से शिव बारात निकलती है। शिव बारात दोपहर तीन बजे से निकलकर जवाहर रोड होते रेलवे गुमटी पहुंचेगी। रेलवे गुमटी से बाजार चौक होते हुए पुनः शिवालय के प्रांगण में संपन्न होगी। उपस्थित लोगों ने पुलिस प्रशासन को आश्वस्त किया कि हैदरनगर में शांति व्यवस्था में किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना प्रभारी राजीव रंजन ने कहा कि मेला में सुरक्षा व्यवस्था रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि को लेकर पुलिस प्रशासन इंटरनेट मीडिया पर पैनी नजर रख रहा है। किसी तरह का आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि शिव बारात में अश्लील व भड़काऊ गाने पर पूरी तरह पाबंदी रहेगी। उन्होंने कमेटी के लोगों से इसपर ध्यान रखने का आग्रह किया। बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने कहा कि शिवरात्रि के मौके पर पुलिस गश्त बढ़ा दी जायेगी। उन्होंने कहा कि शिव बारात के मार्ग में पुलिस की मुकम्मल व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने शांति व्यवस्था कायम रखने में पंचायत प्रतिनिधियों, समिति के लोगों व प्रबुद्ध नागरिकों सहयोग करने की अपील की। बैठक में सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र कुमार सिंह, प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, एसआई अफजल अंसारी, मुखिया जितेंद्र सिंह, समाजसेवी राजू खान, राजी अहमद राजू, अशरफ हसन, कमल कुमार पासवान के अलावा समिति के कई सदस्य मौजूद थे।

### शांति समिति की बैठक



**मनातू।** महाशिवरात्रि को लेकर मनातू थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता सीओ राज कुमार सिंह ने एवं संचालन थाना प्रभारी निर्मल उरांव ने किया। बैठक में मनातू प्रमुख गीता देवी, जिला पार्षद प्रदीप चावला, विधायक प्रतिनिधि उदेश यादव, सांसद प्रतिनिधि बिगु साहू मौजूद थे।

# नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम को लेकर भाजपा ने की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**



**विश्रामपुर।** नावाडीह कला स्थित आरसीआईटी के सेमिनार हॉल में बुधवार को भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा बैठक कर नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम की सफलता पर चर्चा की गयी। बैठक की अध्यक्षता भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण शर्मा व संचालन महामंत्री अर्चना देवी ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी शामिल हुये। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार ने देश की महिलाओं को अभूतपूर्व सम्मान दिया है। महिलाओं के उत्थान और उन्हें स्वावलंबी बनाने हेतु कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिससे देश की महिलाएं सशक्त हुई हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी का ऑनलाइन कार्यक्रम भी प्रसारित किया गया। मौके पर विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव,जिला कार्य समिति सदस्य किरण देवी,संतोष कुमार मौजूद थे।

# क्षेत्र में गूंजा चलो मतदान करें हम का नारा

### संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज कर्मियों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**नवीन मेल संवाददाता**




**विश्रामपुर।** बी मोड़ स्थित संत तुलसीदास डिग्री महाविद्यालय कर्मियों द्वारा बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी। इस दौरान पूरा क्षेत्र चलो मतदान करें हम नारे से गूंज उठा। रैली की शुरूआत कॉलेज परिसर से की गयी। इस दौरान बी मोड़, डंडीला आदि क्षेत्रों का चक्रमण कर सभी को मतदान करने हेतु जागरूक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य संतोष कुमार मिश्रा ने कहा कि आम लोगों के मतदान से ही देश में मजबूत सरकार बनती है। जो देश को प्रगति की राह पर अग्रसर करती है। मतदाताओं का वोट किसी पार्टी के लिए नहीं देश के लिए होता है। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयं सेवकों,कालेज कर्मियों और छात्र-छात्राओं को मतदान करने हेतु शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो.राकेश शुक्ला ने किया। मौके पर परीक्षा नियंत्रक शशि रंजन सिंह, रंजन दुबे,कृष्ण कुमार चौबे, टीपी तिवारी, अजय ओझा, डॉ. श्याम मिश्रा, रामजी चौबे, ज्योति कुमारी, आशा कुमारी, शबनम निशा,प्रधान सहायक अमित कुमार,सुनील कुमार, सुधीर यादव, राधिका नमन, मधु ओझा, दिलीप कुमार चौबे, नरेंद्र मिश्रा थे।

### जपला रेलवे स्टेशन पर दस दिनों से खड़ी है कोयला लदी दो बोगी

# खराब पड़ी मालगाड़ी की बोगी से यात्रियों को परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** पूर्व मध्य रेलवे के गढ़वा रोड- डेहरी ऑन सोन रेल खंड के जपला रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर पिछले दस दिनों से मालगाड़ी की कोयला लदी दो बोगी खड़ा रहने से यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यात्रियों का कहना है कि बुजुर्ग महिलाओं को एक नंबर प्लेटफार्म से दूसरे नंबर प्लेटफार्म पर जाने में ज्यादा परेशानी होती है। सासाराम-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव भी दो नंबर प्लेटफार्म पर ही होता है। जिससे रेलवे लाइन पार होने में दुर्घटना की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। वहीं लोकल ट्रेन में चढ़ने पर भाड़ा मेल एक्सप्रेस का लिया जाता है। यात्रियों का कहना है कि खनिज संपदा की ढुलाई के लिए उक्त खंड का इस्तेमाल रेलवे विभाग द्वारा किया जाता है। यात्रियों को उपेक्षित करने का आरोप लगाया है। उधर जपला रेलवे स्टेशन के प्रबंधक संजय कुमार सिंह का कहना है कि उक्त मालगाड़ी के बोगी के पहिया में खराबी आ जाने के कारण ही उसे अलग कर के रोका गया है। एक-दो दिन में ठीक कराकर उसे उक्त लाइन से हटाया जाएगा।

### भलुवानी में लगा स्वास्थ्य शिविर

# 108 मरीजों का इलाज




**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** नावाडीह कला स्थित लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा नगर परिषद के भलुवानी गांव में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर 108 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गयी। शिविर में कई नेत्र रोगियों की स्क्रीनिंग की गयी। जांच के बाद मरीजों को मुफ्त दवा भी दिया गया। पूर्व मंत्री सह एलसीएमसीएच के संस्थापक रामचंद्र चंद्रवंशी के निर्देशन में आयोजित शिविर को लेकर ग्रामीणों में व्यापक उत्साह देखा गया। शिविर में रोगियों का इलाज डॉ . रितिका ने किया। मौके पर पार्षद देवनाथ यादव,एएनएम किरण कुमारी, राजेश कुमार, धर्मेन्द्र चंद्रवंशी, लैब टेक्निशियन निराला कुमार, मार्केटिंग मैनेजर कुंदन चंद्रवंशी मौजूद थे।

### वाहन जांच के दौरान 90 बोतल देशी शराब व बाइक बरामद

**हरिहरगंज।** बुधवार को थाना के समीप एनएच 98 इंटर-स्टेट चेकपोस्ट पर वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने बाइक पर लादकर ले जाए जा रहे 90 बोतल 180 एमएल का देशी शराब बरामद किया। जानकारी के अनुसार आगामी लोकसभा चुनाव को देखते पुलिस लगातार वाहन जांच कर रही है। इसी दौरान हरिहरगंज की ओर से बाइक को आता देख पुलिस ने जब उसे रुकने का इशारा किया तो चालक बाइक खड़ा कर फरार हो गया। तलाशी लेने पर पुलिस ने बाइक व उस पर लेदे 90 शीशी देशी शराब बरामद किया। पुलिस फरार आरोपी की तलाश में छापेमारी कर रही है।

# पीटीआर में 300 शाकाहारी जानवर लाने की तैयारी






### भगवान बिरसा जैविक उद्यान से लाये जायेंगे जानवर, जगी उम्मीद

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भगवान बिरसा जैविक उद्यान से 300 शाकाहारी जानवरों को पलामू टाइगर रिजर्व में लाने की उम्मीद फिर से जग उठी है। पलामू टाइगर रिजर्व के क्षेत्र निदेशक कुमार आशुतोष ने बताया कि भगवान बिरसा जैविक उद्यान से 280 हिरण , 10 सांभर , 8 नीलगाय व दो बायसन लाने की अनुमति प्राप्त हो गयी है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकार दिल्ली ने पिछले साल ही यह स्वीकृति दे दी थी कि पलामू टाइगर रिजर्व भगवान बिरसा जैविक उद्यान से 300 शाकाहारी जीवन को अपने यहां ला सकता है। अब बिरसा मुंडा जैविक उद्यान से स्वीकृति प्राप्त होते हुये जानवरों को लाने की प्रक्रिया शुरू की जायेगी। उसके बाद बोमा ट्रक के माध्यम से जानवरों को पीटीआर में लाया जायेगा। मार्च महीने में इस संबंध में स्वीकृति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

### पहली बार लाये जायेंगे नीलगाय

पीटीआर में पहली बार नीलगायों को लाया जा रहा है। 1974 में स्थापना के बाद से न तो कभी नीलगाया पीटीआर में लाये गये हैं और न ही उनकी गणना ही की गयी है। दक्षिणी प्रमंडल के उपनिदेशक कुमार आशीष ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि नीलगायों के आ जाने से पीटीआर के मांसाहारी जानवरों को सहज आहार प्राप्त हो सकेगा।

# एसपी ने थाना प्रभारियों के साथ की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** आदर्श आचार संहिता के प्रभावी क्रियान्वयन एवं निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने थाना प्रभारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। ब्लॉक बी सभागार में आयोजित बैठक में इलेक्शन कमीशन द्वारा जारी गाइड लाइंस के अनुसार सभी कार्यों को अधिकारियों व पदाधिकारियों के साथ साझा किया गया। प्रशिक्षण के दौरान बाहर से आने वाले अतिरिक्त अर्द्धसैनिक बल व अन्य सुरक्षा बलों को आवास, सुरक्षा व अन्य सुविधा प्रदान करने पर चर्चा की गई। नक्सली गतिविधि पर पूरी तरह से अंकुश लगाने और बाहर से आए अर्द्धसैनिक बल व जिला पुलिस के साथ मिल कर नक्सलियों के विरुद्ध अभियान चलाने के विषय पर चर्चा की गई। इस संबंध में यह भी तय किया गया कि पुलिसकर्मियों को नक्सल क्षेत्र में कैसे ड्यूटी करना है।

# विधायक ने 2 करोड़ की लागत से बन रही सड़क का किया शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता**



**सतबरवा।** मेदनीनगर विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने बुधवार को लगभग एक करोड़ बीस लाख की लागत से झाबर में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से झाबर में मुख्य नदी से यादव टोला होते हुए मोहन यादव के घर तक पथ निर्माण एवं कुंडेलवा में 96 लाख की लागत से मुख्य नहर से मथुरा सिंह के घर होते हुए पुल तक पथ निर्माण का शिलान्यास को किया। लोगों को संबोधित करते हुए आलोक चौरसिया ने कहा कि जिस पुल के नाम से राजनीतिक होता था वह हमने खत्म करने का काम किया। विकास नजर तब आता जब बड़े -बड़े काम होता है। आज मेरी मेहनत एवं आपलोगो के आशीर्वाद से 20 से 22 घंटा बिजली रहता है। आज मोदी जी के नेतृत्व में सांसद विष्णु दयाल राम को अपना आशीर्वाद देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के हाथों को मजबूत करने का करेगें। बहुत जल्द ही पाईप लाईन से आपके पास पानी पहुंचेगा। और उन्होंने कहा दस वर्ष के कार्यकाल में गांव की लगभग सभी समस्याओं का निदान कर लिया गया है इस गांव में पुल, सड़क, बिजली की समस्या थी,वह लगभग खत्म हो गया है,जो बचा हुआ है वह भी जल्द खत्म हो जायेगा। इस क्षेत्र के कई योजनाओं की स्वीकृति मिल चुकी है, और बहुत जल्द काम शुरू होगा।

इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद शमीम,राणा प्रताप कुशवाहा,सदर जिप सदस्य बासो देवी, पूर्व जिप सदस्य अर्जुन सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा, अजय उरांव, मनोज कुमार भुईंया, प्रदीप सिंह , योगेन्द्र सिंह संजय यादव समेत दर्जनों लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# इंटरस्टेट चेक पोस्ट पर जांच में एक दर्जन बाइकें जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**



**हरिहरगंज।** पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन के निर्देश पर बुधवार को थाना के समीप एनएच 98 इंटर-स्टेट चेकपोस्ट पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान सड़क से होकर गुजरने वाले दोपहिया वाहनों के कागजातों के अलावे ड्राइविंग लाइसेंस, ट्रिपल लोडिंग, डिक्की व हेलमेट आदि की सघन जांच की गयी। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि वाहन जांच के दौरान बिना हेलमेट के वाहन चलाने के विरुद्ध 12 बाइक को जब्त कर पुलिस अग्रेत्तर कार्रवाई कर रही है। उन्होंने एनएच से गुजरने वाले बाइक चालकों को सड़क सुरक्षा के मद्देनजर हर हाल में हेलमेट लगाने के साथ ही सभी आवश्यक कागजात लेकर ही चलने की अपील की। अभियान में एएसआई देवेन्द्र कुमार सिंह समेत पुलिस बल के कई जवान शामिल थे।

## प्रतियोगिता

### नक्सल प्रभावित इलाके में क्रिकेट टूर्नामेंट में दिखा उत्साह

# ईटबांध को पराजित सुशीगंज बना विजेता

**नवीन मेल संवाददाता**



**छतरपुर।** पलामू के अतिनक्सल प्रभावित इलाके का दंश झेल चुके सुशीगंज इलाके में बदलाव की बयार बह रही है। इलाके के युवक अपने हाथों में क्रिकेट का बल्ला लिए बदलाव की एक बड़ी लकीर खींच रहे हैं। कभी छतरपुर प्रखंड के सुशीगंज का इलाका नक्सल मामले में बेहद कुख्यात रहा है, किंतु अब स्थिति तेजी से बदल रही है। युवा क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में युवाओं का उत्साह देख इसकी बानगी स्पष्ट देखने को मिली। फाइनल मैच सुशीगंज और ईटबांध गांव के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुये सुशीगंज की टीम ने निर्धारित16 ओवर में 179 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ईंटबांध की टीम 154 रन पर ही ऑल आउट हो गई। 93 रन बनाने के साथ दो विकेट लेने पर बाबू को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार पंकज पासवान ने दिया। मुख्य अतिथि डॉ. रामरेश यादव, समाजसेवी सह छतरपुर नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमुन, पंकज पासवान और अरुण ठाकुर ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। मैच समाप्ति के बाद मुख्य अतिथि बीजेपी नेता कर्नल संजय सिंह और समाजसेवी लाल बिहारी यादव ने विजेता व उप विजेता टीमों को पुरस्कृत कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन किया। आयोजन में क्लब के अध्यक्ष धर्मेंद्र पासवान, पूर्व मुखिया पंकज पासवान, दीपराज, छोटू, जितेंद्र यादव, सोनल गुप्ता, मिथिलेश पासवान, अशोक कुमार राम महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### बटउआ में पीसीसी सड़क का शिलान्यास

**हैदरनगर।** मोहम्मदगंज प्रखंड के गोडाडीह पंचायत के बटउआ गांव में विधायक निधि से पीसीसी पथ निर्माण कार्य का ऑनलाइन शिलान्यास विधायक कमलेश कुमार सिंह ने किया। उन्होंने मोबाइल पर अपने संदेश में लोगों से कहा कि सुदूरवर्ती गांव व टोला को मुख्य सड़क से जोड़ने के लिए पक्की सड़क का निर्माण कार्य पूरे क्षेत्र में युद्धस्तर पर हो रहा है। मौके पर एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष रुद्रप्रताप सिंह, 20 सूत्री अध्यक्ष जियाउद्दीन खान, उपाध्यक्ष अजित कुमार सिंह, मुखिया प्रतिनिधि उदय सिंह, शंभू रजवार, राजेन्द्र सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

# बच्चों को मेनू के अनुसार नहीं दिया जा रहा मध्याह्न भोजन

### अपटी विद्यालय भवन की स्थिति जर्जर, पठन-पाठन बेपटरी




**नवीन मेल संवाददाता**

**मनातू।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत डुमरी पंचायत के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय अपटी भवन की स्थिति अत्यंत जर्जर बनी हुई है। वहीं मेनू के अनुसार मध्याह्न भोजन का संचालन नहीं किये जाने से बच्चों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। विद्यालय का बरामदा सहित छत भी टूटा-फूटा है। इससे साफ पता चलता है कि लंबे अरसे से विद्यालय भवन की मरम्मती नहीं की गयी है। इससे बच्चे जान जोखिम में डालकर पढ़ाई करने को विवश हैं। बरसात के दिनों में विद्यालय के छत से लगातार पानी का रिसाव होता है। सरकार बच्चों के पीछे लाखो रुपए खर्च करती है फिर भी बच्चों एवं विद्यालय के प्रति कोई सुधार नहीं की जा रही है सिर्फ सरकारी पैसा को खानापूर्ति की जा रही है। बच्चे को देने वाली पौष्टिक आहार भी शिक्षक डकार जा रहे है। एमडीएम मीनू के अनुसार कभी नहीं दी जाती है। विद्यालय का शौचालय जर्जर स्थिति में है। छात्र मंजीत कुमार ने बताया कि दो दिन के बजाय सप्ताह में महज एक ही दिन अंडा दिया जाता है। ग्रामीण जितन भुईयां और मालती देवी ने बताया कि विद्यालय में सात शिक्षकों की तैनाती होने के बाद भी पठन-पाठन पूरी तरह बेपटरी है। ग्रामीणों ने उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराते हुये इस संबंध में तत्काल समुचित कदम उठाये जाने की मांग की है।

संसेक्स 74,085.99 ▲ +408.86
डॉलर 82.812 ▼ -0.086

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 28.0 | 16.0 | 22.0 |
| धनबाद | 31.0 | 15.0 | 24.0 |
| जमशेदपुर | 34.0 | 18.0 | 29.0 |
| पलामू | 31.0 | 15.0 | 23.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर), फाल्गुन कृष्ण पक्ष 12, विक्रम संवत 2080 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), गुरुवार, 07 मार्च 2024, वर्ष-30, अंक- 140, पृष्ठ-16, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय — कल्पना सोरेन के समक्ष राजनीतिक चुनौतियां ... 9

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

स्पेनिश महिला के गैंगरेप पर भड़कीं एक्ट्रेस ...14 — देश/विदेश

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें हमसे**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 82925 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

## पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 65,050
चांदी (किलो) 73,430

## एक नजर

### डीएसपी साजिद जफर ने पोस्टिंग पर उठाया सवाल

**रांची।** राज्य सरकार ने 151 डीएसपी रैंक के अधिकारियों का तबादला किया। इस लिस्ट में डीएसपी खोरी महुआ के पद पर पदस्थापित डीएसपी साजिद जफर को एसआईएसएफ डीएसपी बोकारो के पद पर पदस्थापित किया गया। इसके बाद उन्होंने बुधवार को फेसबुक पोस्ट में लिखा कि स्थानांतरण के अन्यायपूर्ण निर्णय को देखकर मैंने नौकरी से इस्तीफा देने का निर्णय लिया है। जिंदगी नौकरी से बड़ी है। न्याय अवश्य मिलना चाहिए। जय हिन्द।

### झामुमो का दबाव दिखा रहा रंग, सरफराज अहमद का नाम आगे

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा का अंततः दबाव रंग लाता दिख रहा है। 21 मार्च को होने वाले राज्यसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन की ओर से प्रत्याशी का नाम लगभग तय हो चुका है, गांडेय के पूर्व विधायक सरफराज अहमद का नाम संभावित प्रत्याशियों में सबसे आगे चल रहा है। सूत्र तो कहा रहे हैं कि महागठबंधन की ओर से झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व विधायक सरफराज अहमद प्रत्याशी होंगे लेकिन अभी इसकी औपचारिक घोषणा नहीं हुई है। यहां बता दें कि झारखंड में 2 राज्यसभा सीट के लिए 21 मार्च को चुनाव होने हैं।

### पीएम ने देश के पहले अंडरवाटर मेट्रो का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली।** देश में मेट्रो सेवा के विस्तार की दृष्टि से बुधवार काफी महत्वपूर्ण दिन रहा। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोलकाता में हुगली नदी के नीचे और एस्प्लेनेड के बीच बने देश के पहले अंडरवाटर मेट्रो का उद्घाटन किया। उसके साथ ही उन्होंने ऑनलाइन कोच्ची व आगरा मेट्रो का भी उद्घाटन किया।

विस्तृत खबर पेज 12 पर

### झारखंड में एससी-एसटी व महिलाओं को 50 साल की उम्र से पेंशन देने की योजना लॉन्च

# आंगनबाड़ी सेविकाओं को 9,500 और सहायिकाओं को 4,750 मिलेगा मानदेय : चंपाई



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि आंगनबाड़ी सेविकाओं को 9500 रुपये और सहायिकाओं को 4750 रुपये हर महीने मानदेय मिलेगा। मुख्यमंत्री ने बुधवार को हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम, खेलगांव रांची में आयोजित सर्वजन पेंशन योजना के अंतर्गत 50 से 60 वर्ष के लाभुकों के बीच पहली किस्त की राशि के हस्तांतरण और आंगनबाड़ी कार्यकताओं के सम्मान समारोह में राज्य के बहन-बेटियों को कई सौगातें दी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 50 से 60 वर्ष के 01 लाख 58 हजार 218 आदिवासी, दलित और महिला लाभुकों के बैंक खाते में 31.6 करोड़ की रकम बतौर पेंशन की पहली किस्त डीबीटी के माध्यम से भेजा। पहले पेंशन के लिए न्यूनतम उम्र सीमा 60 साल थी। बीते नवंबर महीने में सरकार ने महिलाओं और अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लिए न्यूनतम उम्र सीमा 50 साल कर दी। अब पूरे राज्य में करीब 27 लाख लोगों को पेंशन का लाभ मिल रहा है।

### समारोह की खास बातें

- सर्वजन पेंशन योजना के अंतर्गत 50 से 60 आयु वर्ग के 01 लाख 58 हजार 218 नए लाभुकों को पहली किस्त हस्तांतरित।
- 76 हजार आंगनबाड़ी कार्यकताओं को मिला तोहफा। सेविकाओं को अब 9500 और सहायिका को 4750 रुपये प्रति माह मिलेगा मानदेय।
- 896 सेविका और सहायिका को उत्कृष्ट कार्य के लिए नकदी राशि देकर किया गया सम्मानित।
- नव चयनित सेविका और सहायिका को मिला नियुक्ति पत्र।
- सावित्रीबाई किशोरी समृद्धि योजना के तहत 42 हजार 489 बच्चियों के खाते में डीबीटी के माध्यम 26 करोड़ 56 लाख 64 हजार रुपये किए गए हस्तांतरित।
- सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के वेब एप्लीकेशन का लोकार्पण।
- सक्षम आंगनबाड़ी बुकलेट एवं पोषक धारा पत्रिका का विमोचन।

### विधवा पुनर्विवाह योजना भी लॉन्च

मुख्यमंत्री ने बुधवार को विधवा पुनर्विवाह योजना भी लॉन्च किया। इसके तहत पात्र महिलाओं को सरकार की तरफ से दो लाख रुपए की आर्थिक मदद दी जाएगी। सरकारी नौकरी, पेंशनधारी और आयकरदाता की श्रेणी में आने वाली विधवा महिलाओं को योजना का लाभ नहीं मिल पाएगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में पहली बार, हमारी सरकार वैसी विधवा महिलाओं को पुनर्विवाह के लिए प्रोत्साहित कर रही है, जिनकी जिंदगी शायद कहीं थम सी गई है। देश में एकल महिलाओं एवं बिना तलाक की निराश्रित परित्यक्ता महिलाओं को आर्थिक संबल देने के लिए पेंशन देने की शुरूआत भी हमारी सरकार ने की थी। इन योजनाओं की लॉन्चिंग के लिए आयोजित कार्यक्रम में मंत्री बेबी देवी भी उपस्थित रहीं।

### कैबिनेट बैठक में 41 प्रस्तावों पर मुहर

## 44 आवासीय विद्यालयों का संचालन करेंगे एनजीओ

#### कृषि उपकरणों की खरीद में अब 80 प्रतिशत तक अनुदान

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्य में 44 आवासीय विद्यालयों का संचालन गैर सरकारी संगठन करेंगे। वहीं प्रोन्नति के लिए राज्य स्तर के एक से 50 पदों के लिए आरक्षण का नया रोस्टर तय किया गया है। वहीं शिशु की देखभाल के लिए अब महिला कर्मचारियों को 730 दिन का अवकाश मिलेगा और कृषि विभाग के तहत मशीन उपकरण में अनुदान को 40 प्रतिशत से बढ़ाकर 80 प्रतिशत किया गया। उक्त निर्णय बुधवार को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के नेतृत्व में हुई कैबिनेट की हुई बैठक में लिया गया। कैबिनेट में कुल 41 प्रस्तावों पर मुहर लगी है। इसकी जानकारी कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने दी। बताया कि प्राथमिक राशि 4120 करोड़ में वर्तमान अनुसूचित दर के पांच हजार 53 करोड़ देने को मंजूरी दी गयी। मंत्रिमंडल सचिवालय ग्रामीण विभाग के प्रस्ताव पर झारखंड राज्य अभिलेखागार संपर्क के समूह-ग की भर्ती प्रोन्नति नियमावली स्वीकृत हुई। झारखंड हाई कोर्ट की स्थापना के लिए गैर संवर्ग कैडर में 25 पद सृजित किये गये। कृषि विभाग के तहत मशीन उपकरण में अनुदान को 40 प्रतिशत से बढ़ाकर 80 प्रतिशत किया गया। इसका लाभ महिला समूह, कृषकों को मिलेगा। अखिल भारतीय सेवा के पदाधिकारी को चिकित्सा प्रतिपूर्ति की प्रक्रिया में सरलीकरण किया गया है। अलग-अलग लेवल के अधिकारियों के लिए स्वीकृत प्राधिकृत प्रधिकारी नियुक्त किया गया है। जिले में डीसी और सचिवालय में सचिव होंगे। इसका लाभ रिटायर अधिकारियों को भी मिलेगा।

**महिला कर्मचारियों को 730 दिन का चाइल्ड केयर लीव :** जिनके बच्चे 18 साल से नीचे हैं उन महिलाओं को चाइल्ड केयर लीव के तहत 730 दिनों तक का अवकाश मिल सकेगा।

#### कैबिनेट के अन्य फैसले

- झारखंड प्रशासनिक सेवा के सीओ कुंदा प्रमोद राम की अपील खारिज की गयी।
- झारखंड के कलाकारों के लिए विदेश में प्रस्तुति देने के लिए एमओयू किया जायेगा।
- झारखंड फूड एंड प्रोसेसिंग पॉलिसी 2024 की स्वीकृति दी गई।
- डीआरडीए जिला ग्रामीण विकास अभिकरण का जिला परिषद में विलय किया जायेगा तथा इसे ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा संचालित सभी योजनाओं के लिए सभी जिलों में शाखा का गठन किया जायेगा। 380 कर्मियों का जिला परिषद में विलय होगा।
- आंगनबाड़ी केंद्रों में तीन वर्ष से अधिक के बच्चों को अंडा देने के लिए खरीद के लिए ?6 प्रति अंडा की दर तय की गयी और इसे सेविका खरीदेंगी।
- सचिवालय एवं संलग्न कार्यालय में ई-ऑफिस के लिए नियम में संशोधन किया गया।
- राजकीय स्वास्थ्य केंद्र और अस्पताल में पीपीपी मोड पर 10 बेड आईसीयू बेड और टेली आईसीयू के लिए कर्नाटक की एजेंसी के साथ में करार होगा।
- रिम्स, फूलों झानो अस्पताल दुमका, धनबाद और 21 अनुमंडल अस्पतालों को टेली आईसीयू होगा।
- स्कूली शिक्षा में साक्षरता विभाग के अंतर्गत जनजाति एवं क्षेत्रीय भाषा के सभी स्कूल में प्रेरक होंगे।
- धान खरीद के लंबित भुगतान के लिए एक अरब 32 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई।
- खाद्य आपूर्ति विभाग के प्रस्ताव पर नमक वितरण योजना का मुख्यमंत्री नमक वितरण योजना के नाम किया गया और एक किलोग्राम रिफाइंड आयोडीन नमक देने प्रति परिवार की स्वीकृति दी गई। पहले एक रुपये लिया जाता था।

### जंगलराज में युवाओं का पलायन बढ़ा और सिर्फ एक ही परिवार समृद्ध हुआ

## कर्पूरी, वीपी, लोहिया और आंबेडकर ने भी परिवारवाद को बढ़ावा नहीं दिया : प्रधानमंत्री

#### परिवारवादी सोच ने लाखों नौजवानों से उनका भाग्य और भविष्य छीन लिया



**बेतिया।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को बिहार के बेतिया में विपक्षी गठबंधन के परिवारवाद पर जमकर हमला करते हुए कहा कि भ्रष्टाचारियों से भरे इंडी गठबंधन का सबसे बड़ा मुद्दा मोदी का परिवार नहीं होना है। उन्होंने कहा कि आज भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर होते तो परिवारवाद के कट्टर समर्थक उनसे भी यही सवाल पूछते, जो मुझसे पूछ रहे हैं। वीपी सिंह, राममनोहर लोहिया, बीआर आंबेडकर से भी यही पूछते। इन्होंने भी परिवारवाद को बढ़ावा नहीं दिया। इंडी गठबंधन पर कटाक्ष करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि एक तरफ नया भारत बन रहा है, वहीं दूसरी तरफ राजद, कांग्रेस और इनका इंडी गठबंधन अभी भी 20वीं सदी की दुनिया में जी रहा है। हम हर घर को सूर्यघर बनाना चाहते हैं। इंडी गठबंधन अभी भी लालटेन की लौ के ही भरोसे है। उन्होंने कहा कि जब तक बिहार में लालटेन का राज रहा, तब तक सिर्फ एक ही परिवार की गरीबी मिटी, एक ही परिवार समृद्ध हुआ। आज जब मोदी ये सच्चाई बताता है, तो ये मोदी को गाली देते हैं। कहते हैं कि इनके परिवारों को लूटने का लाइसेंस मिलना चाहिए। इंडी गठबंधन के लोग जिस तरह राम और राम मंदिर के खिलाफ बातें बोल रहे हैं वो बिहार के लोग देख रहे हैं। यही परिवारवादी हैं, जिन्होंने दशकों तक रामलला को टेंट में रखा और राम मंदिर न बने, इसकी जी तोड़ कोशिश की। आज भारत अपनी विरासत और अपनी संस्कृति का सम्मान कर रहा है तो इन लोगों को परेशानी हो रही है। लालू प्रसाद पर परोक्ष हमला बोलते हुए कहा कि जो लोग बिहार में जंगल राज लाए, उन्होंने सिर्फ अपने परिवार की चिंता की। आजादी के बाद के दशकों में बिहार की एक बहुत बड़ी चुनौती रही है, यहां से युवाओं का पलायन। जब बिहार में जंगलराज आया तो ये पलायन और ज्यादा बढ़ गया। बिहार के नौजवान दूसरे राज्यों के दूसरे शहरों में रोजी रोटी के लिए जाते रहे और यहां एक ही परिवार फलता फूलता रहा। किस तरह एक-एक नौकरी के बदले जमीनों पर कब्जा किया गया, यह आप सभी ने देखा। इस परिवारवादी सोच ने बिहार के लाखों नौजवानों से उनका भाग्य और भविष्य छीन लिया।

### रेगुलेटरी कमीशन ने सभी बिजली वितरण कंपनियों को दिया निर्देश

## सेवा देने में हुई चुक तो प्रतिदिन के हिसाब से हर्जाना देंगी बिजली कंपनियां

#### उपभोक्ताओं को प्रतिदिन के हिसाब से 25 रुपए का हर्जाना देना होगा

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड में बिजली वितरण कंपनियां अगर सेवाएं देने में कोताही या लापरवाही करती हैं तो उन्हें उपभोक्ताओं को प्रतिदिन के हिसाब से हजार्ना देना होगा। अगर कंपनियां आवेदन के 30 दिनों के भीतर बिजली का कनेक्शन नहीं देती हैं या हर महीने बिल नहीं देती हैं तो भी उन पर हजार्ना लगाया जाएगा। झारखंड स्टेट इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन ने इसे लेकर राज्य की सभी बिजली वितरण कंपनियों को निर्देश जारी किया है। निदेर्शों में कहा गया है कि कंपनियां यह सुनिश्चित करें कि शहरी क्षेत्र में अगर किसी ट्रांसफॉर्मर का फ्यूज उड़ जाए तो उसे अधिकतम चार घंटे में ठीक किया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसी गड़बड़ी को ठीक करने के लिए अधिकतम 24 घंटे का वक्त दिया गया है। शहरी क्षेत्र में ट्रांसफार्मर जलने पर उसे 24 घंटे और ग्रामीण क्षेत्रों में 48 घंटे में बदलना होगा। ऐसा न होने पर कंपनियों को उस ट्रांसफॉर्मर से जुड़े सभी उपभोक्ताओं को प्रतिदिन के हिसाब से 25 रुपए का हजार्ना देना होगा। बता दें कि राज्य में बिजली का वितरण करने वाली पांच लाइसेंसी कंपनियां हैं। इनमें झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम, टाटा पावर, सेल बोकारो, जुस्को और डीवीसी शामिल हैं।



## टिकट मिलने के बाद झारखंड पहुंचे सांसद का जोरदार स्वागत

#### राम ने पीएम का जताया आभार



नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर/सतबरवा।** लगातार तीसरी बार भाजपा से लोस टिकट मिलने के बाद पलामू सांसद विष्णु दयाल राम बुधवार को झारखंड पहुंचे। राजधानी रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर पलामू सांसद वीडी राम का भाजपाइयों व समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया। श्री राम को पुष्पगुच्छ देकर उन्हें बधाई दी गयी। श्री राम ने पार्टी प्रत्याशी बनाए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। कहा कि पार्टी नेतृत्व के भरोसे पर खरा उतरते हुए पलामू लोक सभा सीट को भारी अंतर से जीत कर प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में अहम भूमिका निभाएंगे। सांसद के विश्रामपुर प्रतिनिधि सह युवा भाजपा नेता अनुज कुमार पांडेय ने वीडी राम को उम्मीदवार घोषित किए जाने पर प्रधानमंत्री सहित सभी आला नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि भोला पांडेय,सतबरवा प्रतिनिधि मनीष प्रसाद,जिला समन्वयक संजय गुप्ता,मीडिया प्रभारी धीरज जायसवाल मौजूद थे।

## सेहरा बंधने से पहले एक साथ उठी दो भाइयों की अर्थी

**दुमका।** जामा थाना क्षेत्र के ताराजोरा गांव के दो चचेरा भाई की मौत से पूरा गांव मातम में डूब गया है। सड़क दुर्घटना में मंगलवार की देर रात दोनों की मौत हो गयी है। जानकारी के अनुसार नवल किशोर खिरहर का पुत्र उदयकांत खिरहर (30) एवं अजयकान्त खिरहर का पुत्र पिंटु कुमार (25) दोनों चचेरा भाई की मौत जामताड़ा जिले के फतेहपुर थाना क्षेत्र के अंगूठीया मोड़ के पास सड़क दुर्घटना में हो गई है। दोनों युवक की शादी इसी माह 11 एवं 12 मई को थी। दोनों कार्ड वितरण करने नई बाइक से अपने रिश्तेदार के घर फतेहपुर गये थे। वहां से लौटने के क्रम में दुर्घटना के शिकार हो गये। इस दुर्घटना में पिंटु कुमार की मौत घटनास्थल पर ही हो गया। जबकि उदयकांत खिरहर की मौत धनबाद ले जाने के क्रम में रास्ते में हो गयी। मृतक उदयकांत खिरहर की शादी 11 मार्च को जरमुंडी प्रखंड के तालझारी थाना के तीनघरा गांव में तय हुआ था।

## सीआईडी ने तीन साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार, कई सामान बरामद





नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) ने तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार साइबर अपराधियों में प्रिंस राज, सुमित कुमार और उमेश कुमार रजक शामिल है। इनके पास से नौ मोबाईल, एक राउटर, एक टैबलेट, नौ सिम, दस डेविट कार्ड, तीन क्रेडिट कार्ड, एक बेसिक पेमेंट कार्ड और मामले से संबंधित डाटा बरामद किया गया है। सीआईडी साइबर थाना डीएसपी नेहा बाला ने बुधवार को बताया कि साइबर क्राइम पर अंकुश लगाने के लए झारखंड पुलिस की ओर से प्रतिबिंब पोर्टल बनाया गया है। इस पोर्टल की मदद से साइबर अपराध से जुडे नंबरों को रियल टाइम मानिटरिंग किया जाता है। इसकी शिकायत गृह मंत्रालय भारत सरकार के नेशनल साइबर क्राइम पोर्टल पर आम जनता की ओर से साइबर ठगी के खिलाफ की जाती है। इसी क्रम में प्रतिबिंब पोर्टल के माध्यम से यह जानकी मिली कि कुछ साइबर अपराधी बड़े पैमाने पर अलग-अलग बैंक के केवाईसी अपडेट करने के लिए बैंकों के खाताधारकों को इंटरनेट बैंकिग के एंड्राइड एप्लीकेशन का फेक एप्लीकेशन और फर्जी वेवसाइट का यूआरएल लिंक एवं एसएमएस भेज कर साइबर ठगी करने का काम कर रहे हैं। इसके बाद मामले में शामिल अपराधियों को चिन्हित कर गिरफ्तार किया गया।

## इंडिया — मेट्रो से विकास के कीर्तिमान रचते राज्य और पिछड़ता झारखंड



सुनील बादल

**कभी** एक समय था जब राजधानी दिल्ली सहित सभी महानगरों की सिटी बसों में पसीना बहते बेहाल लोग हसरत भरी नजरों से कारों और टैक्सियों को देखते थे जो बहुत सुविधाजनक मानी जाती थीं । कुछ दशकों में मेट्रो रेल ने न सिर्फ महानगरों, बल्कि मझोले और राज्य की राजधानियों में सुखद और सस्ती तेज यात्रा के वे कीर्तिमान रचे हैं कि नोएडा और गुरुग्राम जैसे कई उपेक्षित और दूर बसे उपनगर भी आज विश्वस्तरीय विकास के उदाहरण बन गए हैं । इसमें एक इतिहास भी जुड़ गया जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 6 मार्च को कोलकाता में देश के पहले अंडर-रिवर मेट्रो सुरंग का उद्घाटन किया। यह मेट्रो सुरंग कोलकाता की हुगली नदी के नीचे बनाई गई है। जो हावड़ा मैदान को एस्प्लेनेड से जोड़ती है। हावड़ा में भारत का सबसे गहरा मेट्रो स्टेशन होगा, जो जमीनी स्तर से 30 मीटर नीचे है। पड़ोसी यूपी की बात करें तो वर्तमान में राजधानी लखनऊ के अलावा गाजियाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, कानपुर में मेट्रो का सफलतापूर्वक संचालन हो रहा है। आगरा मेट्रो व मेरठ मेट्रो का भी निर्माण कार्य चल रहा है। साथ ही वाराणसी मेट्रो, प्रयागराज मेट्रो, गोरखपुर मेट्रो और बरेली मेट्रो पर भी विचार चल रहा है। लखनऊ मेट्रो के 12 नए स्टेशनों के प्रस्ताव को मिली योगी सरकार की मंजूरी मिल चुकी है । यूपी में चलने वाली नोएडा मेट्रो की गिनती भी सबसे बड़े मेट्रो संचालन नेटवर्क में की जाती है ।बिहार में मेट्रो की तैयारी जोरों पर है जो विकास का नया इतिहास रचेगा । मध्यप्रदेश के भोपाल मेट्रो से जुड़े कई विकास कार्यों की शुरूआत हो चुकी है । छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में भी मेट्रो चलाने की तैयारी चल रही है । अब बात अगर झारखंड की करें तो अभी अपने अस्तित्व में आने के 132 साल भी पलामू रांची वाराणसी फोरलेन की पिछले छह सालों से प्रतीक्षा कर रहा है ऐसे में मेट्रो दूर की कौड़ी है पर असंभव नहीं।यहां के बड़े नेता भी इसपर सवाल नहीं उठाते जबकि एक पूर्व मुख्यमंत्री लटककर चलने वाली मोनो रेल चलाने पर अड़े थे जिससे पब्लिक के पैसे और समय की बबार्दी हुई । अभी भी मेट्रो रेल से चरणबद्ध रूप से लौह नगरी जमशेदपुर और बोकारो के अलावा हजारीबाग खूंटी गुमला लोहरदगा के साथ चरणबद्ध तरीके से डाल्टनगंज को जिस दिन जोड़ दिया जाएगा उस दिन राजधानी को बैंगलुरु बनने से कोई रोक नहीं पाएगा और इन महत्वपूर्ण पर पिछड़े शहरों की किस्मत चमक जाएगी क्योंकि कुछ घंटों में राजधानी पहुँचने वाले लोग रांची के बजाय अपने शहर को विकसित कर वहीं रहना पसंद करेंगे पर सवाल है करेगा कौन ? राजनेता बहुत ही छोटे मुद्दों से ऊपर सोच नहीं पा रहे या उन्हें सोचने नहीं दिया जा रहा है ।मेट्रो के साथ सबसे अच्छी बात यह है कि यह जमीन के अंदर और बाहर दोनों चलती है जिससे दूरी कम हो जाती है और झारखंड के लिए यह लाइफलाइन साबित हो सकता है क्योंकि इससे बहुराष्ट्रीय कंपनियां तक निवेश करने को तैयार हो जाएंगी जिससे बेरोजगारी और पलायन रुक सकता है । अभी यहाँ की लचर ट्रैफिक व्यवस्था और बदहाल सड़क नेटवर्क देखकर निवेशक पूंजी निवेश करने से कतराते हैं । अनेक नेता पैसों की कमी का रोना रोते हैं जबकि झारखंड खनिजों की खान पर बसा है और सबसे अधिक राजस्व देने वाले राज्यों में से एक हैं । मेट्रो से राजधानी के आसपास के शहरों का विकास नोएडा और गुरुग्राम की तरह होगा जिससे सभी को लाभ होगा।



## सुप्रभात पलामू



**पलामू वासियों को नमस्कार।**
शहर आपका है। इसे स्वच्छ, सुंदर व अतिक्रमण मुक्ता रखना सामूहिक जिम्मेदारी है। कोई भी ऐसा काम नहीं करें। जिससे किसी अन्य को परेशानी हो।
**सतीश कुमार, सिटी मिशन मैनेजर मेदिनीनगर।**

## कार्यशाला में ड्रोन शो का आयोजन आज

**मेदिनीनगर।** स्थानीय राधा गोविंद विश्वविद्यालय में आयोजित ड्रोन प्रौद्योगिकी में व्यावहारिक दृष्टिकोण पर पांच दिवसीय कार्यशाला के दौरान गुरुवार को ड्रोन शो का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम के संयोजक डा. अवनीश कुमार, डा. संजय कुमार व डा. चिकेश रंजन ने बताया कि सुबह 11 बजे से आयोजित शो में विभिन्न प्रकार के 10 ड्रोनो का प्रदर्शन एवं उनका सफलता पूर्वक प्रशिक्षण किया जाएगा। उड़ान टीम में सुमेध गजघते,कुलदीप मंडल, स्वप्निल गायकवाड़, उमेश साहू एवं विप्लव चक्रवर्ती शामिल हैं।

## तस्वीर झूठ ना बोले



संबंधित विभाग ने शौचालय में ताला बंद रखा है तो वहां आने जाने वालों में बाईकों की घेरे बंदी कर रास्ता ही अवरुद्ध कर दिया है। (छाया-भोला)

### 17 मार्च को होगी मतगणना, चुनाव समिति ने लिया निर्णय

# पलामू बार एसोसिएशन चुनाव के लिये पुनर्मतदान 16 को

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला बार एसोसिएशन चुनाव के पुनर्मतदान के लिये 16 मार्च की तिथि निर्धारित की गयी है। इस आशय का निर्णय बुधवार को त्रिसदस्यीय चुनाव समिति की बैठक में लिया गया। चुनाव समिति के सदस्य अधिवक्ता शशि भूषण दुबे ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से 16 मार्च को पुनर्मतदान कराने का निर्णय लिया गया है। 17 मार्च को मतगणना के बाद परिणामों की घोषणा की जायेगी। अग्रेतर कार्रवाई के लिये पुरानी चुनाव समिति से उम्मीदवारों की सूची व मतदाता सूची लेकर बैलेट पेपर तैयार कराया जा रहा है। इसकी रिपोर्ट स्टेट बार काउंसिल को भेजी जा रही है। बैठक में चुनाव समिति के सदस्य वरिष्ठ अधिवक्ता राजेंद्र तिवारी व शौकत अली भी मौजूद रहे। विदित हो कि



इससे पूर्व जिला बार एसोसिएशन चुनाव के लिये 16 दिसंबर 2023 को मतदान हुआ था। 17 दिसंबर को मतगणना के अंतिम चक्र में उत्पन्न विवाद को देखते हुये बार काउंसिल तीन सदस्यीय नवीन चुनाव समिति का गठन कर पुनर्मतदान का निर्देश जारी किया है। बहरहाल तीन महीने के अंतराल में एक बार फिर से कचहरी परिसर में चुनावी हलचल तेज हो गयी है।

## एक नजर

### चुनावी बांड मामले पर युवा कांग्रेस का विरोध-प्रदर्शन




**मेदिनीनगर।** युवा कांग्रेस द्वारा बुधवार को जिला अध्यक्ष परवेज अली उर्फ मुन्ना खान के नेतृत्व में छह मुहान चौक पर चुनावी बांड के मामले पर विरोध-प्रदर्शन किया। इस दौरान वक्ताओं ने आरोप लगाया कि देश की सबसे बड़ी अदालत सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्टोरल बॉन्ड योजना को असंवैधानिक करार देते हुये इसे रद्द कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड योजना के तहत राजनीतिक दलों को प्राप्त चंदे का खुलासा करने के निर्देश दिये थे। इसके बावजूद एसबीआई द्वारा 30 जून तक तक समय मांगा जा रहा है। जिससे सरकार को अपना काला कारनामा छुपाने का अवसर मिल सके।

### सराहा जा रहा टाइगर मोबाइल जवान का होली गीत

**मेदिनीनगर।** इस बार होली में फिर से टाइगर मोबाइल के जवान रामजी का होली गीत फागुन में काहे ना अइला ए राजा जी सोशल मीडिया पर खूब सराहा जा रहा है। फालोअर की संख्या बढ़ने से जवान के परिजन व मित्र भी उन्हें प्रोत्साहित कर रहे हैं। होली गीत यूट्यूब चैनल और फेसबुक पर खूब वायरल हो रहा है। विदित हो कि पिछले दिनों भी जवान ने पलामू और गढ़वा जिला पर आधारित गीत प्रस्तुत किया था। जवान रामजी दास ने बताया कि उन्हें गीत-संगीत का शौक बचपन से ही है। अभी तक उन्होंने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से अपने परिवार और पुलिसकर्मियों का मनोबल बढ़ाया है।

### अवैध बालू परिवहन करते तीन ट्रैक्टर धराये

**मेदिनीनगर।** पांडू थाना क्षेत्र के दरुवा गांव से पुलिस ने अवैध रूप से बालू का परिवहन कर रहे तीन ट्रैक्टरों को जब्त कर अग्रेतर कार्रवाई के लिये खनन विभाग के सुपुर्द किया है। ट्रैक्टर जमानत पर रिहा फुलिया निवासी राजद साव की बताई जा रही है। इस पूरे मामले की जानकारी पांडू प्रभारी कुमार सौरव ने दी है। कुमार गौरव ने कहा कि पांडू जिले के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में शांति स्थापित करना, अवैध खनन पर रोक लगाना उनकी प्राथमिकता है।

### भारत स्वाभिमान ट्रस्ट और पतंजलि योग समिति की बैठक में विमर्श

**सतबरवा।** भारत स्वाभिमान ट्रस्ट एवं पतंजलि योग समिति सतबरवा इकाई की बैठक महावीर मंदिर परिसर में मंगलवार को प्रखंड प्रभारी वीरेंद्र साहू की अध्यक्षता में मंगलवार को संपन्न हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि आगामी 10 मार्च 2024 से योग प्रशिक्षण शिविर बालिका उच्च विद्यालय सतबरवा के मैदान में आयोजित किया जाएगा। पतंजलि हरिद्वार युवा भारत संगठन प्रभारी मरीन कमांडर आयरन मैन प्रवीण तेवतिया ने संबोधित करते हुए कहा कि 26/11 मुंबई आतंकी हमले में आतंकियों को मार गिराने वाले दल में शामिल हुए

### 28 सेविका व 28 सहायिकाओं को किया गया सम्मानित, दस को मिला नियुक्ति पत्र

# महिला दिवस पर महिलाओं को मिली योजनाओं की सौगात

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पोषण पखवाड़ा एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से शहर के टाउन हॉल में समारोह आयोजित कर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को जहां सम्मानित किया गया, वहीं राज्य सरकार के सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत नये महिला लाभुकों को प्रथम किस्त का भुगतान किया गया। उपायुक्त शशि रंजन व जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान सर्वजन पेंशन योजना के तहत 50-60 वर्ष के नये 4451 पेंशनधारियों के बीच कुल 89,02,000 रुपये प्रथम किस्त के रूप में उनके खाते में ट्रांसफर किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने टाउन हॉल में कुछ लाभुकों के बीच सांकेतिक रूप से स्वीकृति पत्र का भी वितरण किया।



### योजनाओं के संचालन में महिलाओं की भूमिका अहम

इस अवसर पर बोलते हुए उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने में महिलाओं की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि ग्राउंड जीरो पर कुल 28 सेविका-सहायिका तैनात रहती हैं। वो अपने परिवार का ध्यान रखते हुए विभिन्न सरकारी योजनाओं को सुचारू रूप से चलाने में अपना योगदान देती हैं। छोटे-छोटे बच्चे आंगनबाड़ी केंद्रों पर पढ़ने जाते है,वहां उनका ख्याल आंगनबाड़ी सेविका रखती हैं और बच्चे के भविष्य को संवारने में अपना योगदान देती हैं। समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने कहा कि मॉडर्न युग में महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही हैं। जिसका उदाहरण मंच पर बैठीं जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी,जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कु व जेएसएलपीएस की

### नव चयनित सेविका व सहायिका को मिला नियुक्ति पत्र

टाउन हॉल में 10 नव चयनित सेविका एवं सहायिका के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। वहीं राज्य विधवा पुनर्विवाह प्रोत्साहन योजना अंतर्गत दो लाभुकों का चयन किया गया। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत पांच लाभार्थियों को लाभ दिया गया। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 15 बच्चियों को लाभ दिया गया। वहीं 28 सेविका व 28 सहायिकाओं को सम्मानित किया गया। इसके अलावे गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं बच्चों का अन्नप्राशन भी कराया गया। उपायुक्त श्री रंजन ने खीर खिलाकर बच्चों का अन्नप्राशन कराया।

### समाज कल्याण से जुड़ी योजनाओं के लगे स्टॉल

टाउन हॉल में समाज कल्याण से जुड़े विभिन्न स्टॉल लगाये गये थे। सभी स्टॉलों का उपायुक्त ने अवलोकन किया। मौके पर सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक विक्रम आनंद, जिला कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू,सहायक समाहर्ता रवि कुमार समेत बड़ी संख्या में सेविका व सहायिका उपस्थित थे। ज्ञातव्य है कि उपरोक्त विषयक कार्यक्रम का शुभारंभ रांची में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने किया,जिसके पश्चात मेदिनीनगर के टाउन हॉल में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ।



इसके अलावे राष्ट्रीय परिवार हितलाभ योजना अंतर्गत 86 लाभुकों के बीच 20 हजार रुपये की दर से कुल 17,20,000 रुपए का भुगतान किया गया।

### प्रभारी अध्यक्ष ने लिया जायजा, दिये निर्देश

## कचहरी परिसर में साफ-सफाई जोरों पर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** महाशिवरात्रि व होली पर्व के मद्देनजर कचहरी परिसर की साफ-सफाई का कार्य जोरों पर है। प्रभारी अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव ने बुधवार सुबह मौके पर पहुंच कार्य का जायजा लेकर सफाई कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिया। अध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि सनातन धर्म का सूत्र वाक्य है। स्वच्छता में भगवान वास करते हैं। महाशिवरात्रि पर्व महादेव को समर्पित है। ऐसे में पूरे परिसर की साफ-सफाई युद्ध स्तर पर की जा रही है। सुबह नगर निगम के जेसीबी व ट्रैक्टर की मदद से परिसर में लंबे समय से एकत्रित मलबे को हटवाया गया। परिसर की सफाई से अधिवक्ताओं में हर्ष व्याप्त है।



### यूट्यूब चैनल ठीक करने के बहाने लेता था आईडी व पासवर्ड

## साइबर अपराधी गिरफ्तार, आरोपी के हैं 2.5 लाख सब्सक्राइबर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर और साइबर थाने की पुलिस ने यूट्यूब चैनल हैक करने वाले साइबर क्राइम के आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार पड़वा थाना क्षेत्र के गोल्हना निवासी कुंदन तिवारी पर उत्तर प्रदेश और दिल्ली के कई यूट्यूब चैनल हैक करने का आरोप है। बताया जाता है कि आरोपी ने जिन यूट्यूब चैनलों को हैक किया था। उनके इन्फ्लुएंसर्स हर महीने चैनल से लाखों रुपये कमाते थे। आरोपी का अपना भी यूट्यूब चैनल है और उसके करीब 2.5 लाख सब्सक्राइबर हैं। जानकारी के अनुसार आरोपी अपने चैनल के जरिए दूसरे लोगों के यूट्यूब चैनल को ठीक करने का वादा करता था। इसी माध्यम से वह दूसरे यूट्यूब चैनल मालिकों का यूजर आईडी और पासवर्ड ले लेता था। बाद में वह चैनल को हैक कर लेता था। पूरे मामले की शिकायत नोएडा और दिल्ली के इन्फ्लुएंसर्स ने साइबर सेल से की थी। पलामू साइबर थाने में एफआईआर दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। पुलिस ने उसका मोबाइल और अन्य तकनीकी सामान भी जब्त कर लिया है। साइबर थाना प्रभारी विश्राम उरांव ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

### उत्तर प्रदेश व दिल्ली में यूट्यूब चैनल हैक करने के आरोप में पुलिस पुलिस ने दबोचा




## सहायक निदेशक ने फसलों का किया भौतिक निरीक्षण



**मेदिनीनगर।** चावल विकास निदेशालय, भारत सरकार पटना के सहायक निदेशक डॉ. अरविंद कुमार के द्वारा केंद्र पोषित योजना राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन एवं टीआरएफए 2023 -24 के अनुवीक्षण के तहत पलामू जिला अंतर्गत, मेदीनीनगर, नीलांबर-पीताम्बरपुर (लेस्लीगंज), पाटन, नावाबजार प्रखंड के खनवा, रबदा, कुंदरी समेत चैनपुर के कई गावों में लगी सरसो,चना और मसूर की फसलों का भौतिक निरीक्षण किया गया। साथ ही टीआरएफए योजना के तहत नीलांबर-पीताम्बरपुर प्रखंड के सिंगल विंडो सेंटर में गरमा मूंग बीज का वितरण किया। सहायक निदेशक के साथ तकनीकी सहायक मनोज कुमार, बीटीएम सुमित वर्मा, एटीएम प्रकाश रंजन सिंह, सुनैना कुमारी,अभिमन्यु कुमार,अनिल मेहता उपस्थित थे।

## वीडी राम के प्रत्याशी बनने से उत्साह

### भाजपा की बैठक में बूथ सम्मेलन की बनी रणनीति

**मेदिनीनगर।** आगामी 10 मार्च को आयोजित होने वाले लोकसभा बूथ स्तरीय सम्मेलन की तैयारी को लेकर जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष अमित तिवारी की अध्यक्षता में जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं वरीय नेताओं की बैठक हुई। बैठक में तय किया गया कि बूथ सम्मेलन शिवाजी मैदान में होगा। इसमें बुथ कमेटी एवं शक्ति केंद्र के सदस्यगण सहित प्रखंड एवं जिले के सभी सक्रिय कार्यकर्ता भाग लेंगे। जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि कार्यक्रम में पार्टी के झारखंड के प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। श्री तिवारी ने कहा कि पलामू सांसद वीडी राम को पुनःप्रत्याशी बनाए जाने से कार्यकर्ताओं में हर्ष एवं उत्साह है। सभी प्रमुख कार्यकर्ता आज से ही अपने मंडल एवं बूथ शक्ति केंद्रों के कार्यकर्ताओं से संपर्क एवं विचार विमर्श कर कार्यक्रम को सफल बनाने में जुट जाएं। वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे ने कहा कि कार्यकर्ताओं के परिश्रम से ही सम्मेलन सफल होगा। इस बार युवा कार्यकर्ताओं की जबाबदेही बड़ी है। प्रेम सिंह ने कहा कि चुनावी शंखनाद हो गया है। कार्यकर्ता पूरे लगन एवं निष्ठा के साथ अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करें। वरीय नेता परशुराम ओझा ने भी कार्यकताओं से अपील की वह पार्टी के हर एक कार्यक्रम को सफलतापूर्वक अंजाम दें और चुनावी समर में अपने श्रेष्ठ प्रदर्शन को दोहरा कर अपनी जीत सुनिश्चित कर दें। मौके पर विनोद सिंह, रविंद्र सिंह, नरेंद्र पांडे, विभाकर पांडे, अविनाश वर्मा, दुर्गा जौहरी ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए।




## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, एक घायल

**मेदिनीनगर।** छतरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम देवताही निवासी शिवशंकर साव के पुत्र प्रसिद्ध गुप्ता उम्र 30 वर्ष की मंगलवार की रात सड़क दुर्घटना में जहां मौत हो गई। वहीं एक अन्य घटना में विश्रामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गुरी भंडार निवासी विनोद शर्मा के पुत्र अरुण कुमार उम्र 25 वर्ष बुधवार सुबह सदर थाना क्षेत्र के ग्राम सिंगरा आंगन ढाबा के पास अज्ञात ट्रक की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर हाइवा प्रेटोलिंग वाहन पर तैनात हवलदार अशोक कुमार साहू,विशुन प्रसाद, कर्मा रजवार और रामेश्वर रजक ने मौके पर पहुंच घायल युवक को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचाया। जानकारी मिलने पर परिजन भी भागे-भागे अस्पताल पहुंचे। जानकारी के अनुसार प्रसिद्ध गुप्ता मंगलवार की शाम स्कूटी से छतरपुर बाजार गए थे। घर लौटने के क्रम में देवगन मोड़ के पास तेज गति से आ रहे अनियंत्रित पिकअप की चपेट में आने से वे गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए छतरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां इलाज के क्रम में उनकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटना स्थल से पिकअप व स्कूटी को जब्त कर लिया। पुलिस द्वारा शव को अंत्यपरीक्षण के लिये मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेजवाया गया। घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।



### सदर अस्पताल में अज्ञात युवक की मौत

मेदिनीनगर। सदर अस्पताल में एक अज्ञात व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार इस अज्ञात व्यक्ति को घायल अवस्था में मंगलवार की रात सदर अस्पताल में लाया गया था। जहां इलाज के क्रम में देर रात उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा शव की शिनाख्तगी का प्रयास किया जा रहा है।

## पहल

### लोस सभा चुनाव 2024 के लिये जिला प्रशासन तैयार

# नौ मतदान केंद्रों का संचालन करेंगे दिव्यांग कर्मी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला प्रशासन आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कमर कस चुकी है। इस बार मतदान के लिये प्रशासन द्वारा नये-नये प्रयोग किये जा रहे हैं। इसके तहत तय किया गया है कि इस बार नौ मतदान केंद्र ऐसे होंगे जिन पर पीठासीन अधिकारी से लेकर समस्त कर्मी दिव्यांग ही होंगे। इन केंद्रों का संचालन पूरी तरह से दिव्यांग अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा किया जायेगा। कार्मिक कोषांग के नोडल पदाधिकारी कुंदन कुमार ने बताया कि दिव्यांग कर्मचारियों से संचालित सभी मतदान केंद्रों पर सारी प्रक्रियाएं आम मतदान केंद्रों की ही तरह होंगी। जबकि 10 मतदान केंद्रों का जिम्मेदारी युवा अधिकारी निभायेंगे। जिनकी आयु 22 वर्ष के आसपास की होगी। इसका उद्देश्य युवा अधिकारियों को भविष्य के लिये तैयार करना है। इन मतदान केंद्रों का चयन कर लिया गया है।




### पर्दानसीन मतदान केंद्रों की होगी स्थापना

इस बार बुर्का व हिजाब का प्रयोग करने वालीं महिला मतदाताओं के लिये पर्दानसीन मतदान केंद्रों की स्थापना की जायेगी। इन मतदान केदो को संचालित करने वाली टीम में हर हाल में एक महिला कर्मी का होना नितांत आवश्यक होगा। ऐसा महिला मतदाताओं को बेझिझक मतदान करने में सहयोग के लिये किया गया है। कार्मिक कोषांग के नोडल पदाधिकारी रवि कुमार ने बताया कि अभी पर्दानसीन मतदान केंद्रों की संख्या निर्धारित नहीं हुई है।

## एक नजर

### वन विभाग व पुलिस ने अफीम खेती की नष्ट



**टंडवा।** वन विभाग व पुलिस द्वारा बुधवार को टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत सुदूरवर्ती जंगलों में संयुक्त अभियान चलाया गया। उपरोक्त जानकारी देते हुवे रेंजर मुक्ति प्रकाश पन्ना ने बताया कि अभियान के दौरान फुलवरिया के मारंगलोइया जंगल में लगभग 6 डिसमिल जमीन पर लगे अवैध अफीम की खेती को पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया। ज्ञात हो कि चार दिन पूर्व हीं वन विभाग ने गुप्त सूचना के आधार पर फुलवरिया जंगल में अभियान चलाकर कत्था बनाने में प्रयुक्त भठ्ठी को नष्ट करते हुवे बड़े मात्रा में सामानों की जब्ती की गई थी। अभियान में रेंजर समेत थाना प्रभारी अनिल उरांव,वनरक्षी मुरारी प्रजापति, जयराम उरांव, सुनील उरांव, इंद्रदेव आर्य व अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

### जेई के नेतृत्व में चला छापेमारी अभियान दस का कटा कनेक्शन

**गिद्धौर।** प्रखंड के डढुवा गांव में बुधवार को विद्युत विभाग द्वारा छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी अभियान का नेतृत्व कनीय अभियंता तरुण कुमार ने किया। इस क्रम में दस बकायेदारों का विद्युत कनेक्शन काट दिया गया। साथ ही सभी को बकाया बिजली बिल जल्द जमा करने का निर्देश दिया गया। बैगर बिल जमा किये बिजली जलाते पकड़े जाने पर कार्रवाई के साथ प्राथमिकी दर्ज करने की भी चेतावनी दी। छापेमारी दल में विद्युत सहायक कर्मी संतोष दांगी, पंकज कुमार, विकास कुमार, महावीर दांगी शामिल थे।

### मातृ शिशु स्वास्थ्य के लिए सहियाओं के साथ बैठक आयोजित

**बारियातु।** गोनिया पंचायत भवन परिसर में बुधवार को एमपीडब्लू संदीप कुमार, एएनएम सरिता कुमारी, सीएचओ सबिता कुमारी ने सहियाओं के साथ बैठक की। बैठक में सहियाओं को अपने-अपने पोषक क्षेत्र में एनसीडी, फस्ट एनसी, फोरएनसी, प्रसव, शिशु के जन्म के बाद देखभाल, एचबीएनसी 42 दिन के बच्चों को देखभाल, एचबीवैसी 15 माह के बच्चे को देखभाल, गृह भ्रमण सहित अन्य कार्यों को नियमित रूप से करने पर चर्चा की गई। मौके पर सहिया साथी गौरी देवी, रेखा देवी, सहिया पार्वती देवी, बुधनी देवी, पूनम देवी, कलमनी देवी, बसंती देवी, धनिया देवी, मिना देवी, कांति देवी, रानो देवी, सुनीता भोगता, आरती देवी, किरन्ति देवी हलिमा आदि सहिया उपस्थित थीं।

### मनरेगा योजना का भुगतान नहीं होने से लाभुक परेशान

**महुआडांड़।** प्रखंड की सभी पंचायतों में चल रहे मनेरगा योजना के तहत कूप निर्माण का कार्य जोरों पर चल रहा है। लगभग सभी कूपों का 28 से 30 फीट तक खोदने का काम किया जा चुका है। साथ ही कूप बांधने के कगार पर हैं। चम्पा पंचायत के ताहिर महुआ टोली के लाभुक रामविलास नागेशिया, संजय किसान और मनोज मुंडा ने बताया कि कूप निर्माण का पैसा भुगतान नहीं होने से मजदूर रोज परेशान कर रहे हैं। लाभुकों ने जल्द से जल्द भुगतान करने की मांग लातेहार डीसी से की है।

### थाना परिसर में आयोजित बैठक में प्रशिक्षु आईपीएस अफसर ललित मीना ने की अपील

# शांति व्यवस्था कायम रखने में सभी का सहयोग जरूरी

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
जिले के पुलिस कप्तान अंजनी अंजन द्वारा बरवाडीह थाना प्रभारी के रूप में तीन माह के लिए प्रशिक्षु आईपीएस अफसर ललित मीणा की पदस्थापना की गई है। बुधवार को ललित मीणा ने योगदान देने के बाद थाना परिसर में प्रखंड के विभिन्न पंचायत प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और पत्रकारों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान प्रशिक्षु आईपीएस ने थाना क्षेत्र की विभिन्न गतिविधियों और अन्य बिंदुओं पर चर्चा करते हुए सभी लोगों से थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ पुलिस के सभी कार्यों में सहयोग करने और पुलिस को लेकर आम लोगों के अंदर फेली गलत धारणा को खत्म करने में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण अवधि में वो सभी के सहयोग से एक बेहतर पुलिसिंग करना चाहते हैं और लोगों को पुलिस सेवा का फायदा मिले इसको लेकर भी बेहतर कार्य करने को हमेशा तत्पर हैं। मौके पर सर्किल इंस्पेक्टर संजय कुमार गुप्ता, थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार, सब इंस्पेक्टर यकीन अंसारी, उप प्रमुख बीरेंद्र जयसवाल, मुखिया विपिन बिहारी सिंह, कालो देवी, नीतू देवी, आशीष सिंह, संजय सिंह, आशा देवी, पंचायत समिति सदस्य प्रवीण कुमार, घनश्याम राम, पंडित बल्लू मिश्रा, सुनील सिंह, निरंजन सिंह, शिव कुमार राम आदि मौजूद थे।



# नंद कुमार ने बारियातु के 14वें प्रखंड विकास पदाधिकारी का प्रभार संभाला

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**
अंचलाधिकारी नंद कुमार राम ने बुधवार को प्रखंड कार्यालय में 14वें प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) के रूप में अपना योगदान दिया। तत्कालीन बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने प्रभार सीओ राम को सौंपा। राम ने पत्रकारों को बताया कि मैं अंचलाधिकारी के रूप में कार्यरत था, अब प्रखंड कार्यालय का भी कार्यभार मुझे सौंपा गया है। उन्होंने कहा कि आपसी समन्वय स्थापित कर विकास का कार्य करेंगे और मैडम के बचे अधूरे कार्य को पूर्ण करने के साथ सभी प्रखंड कर्मियों, पंचायत प्रतिनिधियों व जनप्रतिनिधियों के सहयोग से प्रखंड में सभी संचालित योजनाओं को ससमय निपटारा करेंगे। सुदूरवर्ती क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक सरकार द्वारा चलाए जा रही सभी महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के साथ आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी और शांति पूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव कराना एवं अधिक से अधिक मतदान के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करना मेरी प्राथमिकता रहेगी। मौके पर सीआई अनिल होरो, अंचल नाजिर कपीलदेव सिंह, पंचायत समिति सदस्य संतोष भगत, समाजसेवी नंदु उरांव, मो मुमताज, ज्योति प्रसाद, अजय राम, प्रखंड कर्मी अरविंद पांडे, अजय मुंडा, मो दाउद इब्राहिम, अनुसेवक अबदुल बाकी, राकेश सिंह, बिंदेश्वर राम आदि मौजूद रहे।



# परिसंपत्तियों, उपकरण स्वीकृति पत्र का वितरण

### राज्य के श्रम मंत्री भोक्ता जिला स्तरीय कार्यक्रम में हुए शामिल

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
जिला खनिज निधि एवं कौशल विकास सह प्रशिक्षण केंद्र में बुधवार को मुख्यमंत्री सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत 50-60 वर्ष के लाभुकों के बीच पेंशन स्वीकृति प्रमाण पत्र एवं परिसंपत्तियो का वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राज्य के श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग तथा उद्योग विभाग झारखण्ड सरकार के मंत्री सत्यानन्द भोक्ता शामिल हुए।

मंत्री के आगमन पर उपायुक्त रमेश घोलप ने पौधा भेंट कर स्वागत किया। साथ ही उपस्थित सभी अतिथियों का भी पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। इसके पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग अंतर्गत मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियो का वितरण किया गया। दिव्यांगों के बीच ट्राई साइकिल व व्हील चेयर का वितरण किया गया। जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग अंतर्गत लाभुकों के बीच सर्वजन पेंशन योजना का स्वीकृति पत्र, राष्ट्रीय परिवार हित लाभ योजना के लाभुकों के बीच भी परिसंपत्तियो का वितरण किया गया। वहीं उत्कृष्ट सेविका और सहायिका को प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावे पोषण पखवाडा 2 का शुभारंभ बच्चों को मंत्री एवं उपायुक्त द्वारा अन्नप्रासन्न करा कर किया गया। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्रा, समाजसेवी नवल किशोर यादव, समाजसेवी पंकज प्रजापति, 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल यादव, मंत्री प्रतिनिधि चन्द्रिका यादव, अतीक मंसूरी आदि लोग उपस्थित मौजूद थे।




# हनुमंत पूजा के साथ ही शिव विवाह की तैयारी शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
प्रखंड के पहाड़ी शिव मंदिर में महाशिवरात्रि पर होने वाले शिव विवाह कार्यक्रम की तैयारी शुरू हो गई है। इसको लेकर जहां मंदिर परिसर की सफाई और रंग रोहन कराया गया है, वहीं मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। 8 मार्च को पहाड़ी शिव मंदिर में शिव विवाह कार्यक्रम को लेकर बुधवार को मंदिर के पुजारी गिरधारी मिश्रा व बल्लू मिश्रा द्वारा हनुमंत पूजा पाठ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 7 मार्च को प्रातः अखंड संकीर्तन पाठ प्रारंभ किया जाएगा। मौके पर निरंजन सिंह, राकेश कुमार सिंह, लव कुमार, बबलू सेठ, अरुण कुमार, मुरारी लाल, अनूप अग्रवाल, विवेक कुमार, यशराज, गोलू कुमार, बिट्टू कुमार आदि मौजूद थे।



# महाशिवरात्रि पर कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील

**नवीन मेल संवाददाता। कुंदा**
महाशिवरात्रि पूजा को लेकर बुधवार को कुंदा थाना परिसर में शांति समिति की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता सीओ शंभू राम व संचालन थाना प्रभारी नितेश प्रसाद ने किया। बैठक में महाशिवरात्रि पूजा के दिन प्रखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध ऐतिहासिक तीर्थ स्थल महादेव मठ में शांतिपूर्ण तरीके से जलाभिषेक व पूजा अर्चना करने को लेकर चर्चा की गई। इसके साथ ही मठ क्षेत्र के आसपास प्लास्टिक का उपयोग ना करने की सलाह दी गई। वही शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए महादेव मठ कमेटी, समाजसेवी व प्रबुद्ध जनों से सहयोग करने की अपील की गई है। वहीं बजार टांड़ में सरकारी स्तर पर लगे पशु मेला को लेकर ठेकेदार को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया गया। बैठक में मुखिया मनोज साहू, प्रमुख प्रतिनिधि जयराम भारती, बौधाडीह मुखिया प्रतिनिधि बिनोद साव, सिक्कीदाग मुखिया प्रतिनिधि अखलेश यादव, मेला ठेकेदार संतोष यादव, एएसआई मदन सिंह, एसआई जय सिंह आदि उपस्थित थे।



# 'चतरा से मंत्री सत्यानंद भोक्ता को प्रत्याशी घोषित करे इंडिया महागठबंधन'

**चंदवा।** प्रखंड के युवा समाजसेवी मो. मोजम्मील ने राज्य के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता को महागठबंधन की ओर से चतरा लोकसभा सीट से प्रत्याशी घोषित करने की मांग की है। मोजम्मील ने कहा कि मंत्री सत्यानंद भोक्ता जमीन से जुड़े हुए नेता हैं और भाजपा को सीधी टक्कर देने का मादा रखते हैं। क्षेत्र में उनकी पकड़ मजबूत है। चतरा लोकसभा क्षेत्र से वे स्थानीय उमीदवार के रूप में भी सबसे योग्य प्रत्याशी साबित होंगे। राज्य में उनके द्वारा लगातार कई विकास कार्य किये जा रहे हैं, जिसे हर कोई भली भांति देख रहा है। चतरा लोकसभा क्षेत्र की जनता भाजपा उम्मीदवार को दो बार से वोट देकर खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है। अगर महागठबंधन सत्यानंद भोक्ता को चतरा लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़वाता है तो निश्चित ही यहां से उनकी जीत पक्की है। वे यहां के लोगों और उनकी समस्याओं को बेहतर समझ सकते हैं।

# चंदवा के लाधुप में जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर मचाया उत्पात

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**
प्रखंड क्षेत्र में जंगली हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। रह रह कर जंगली हाथी क्षेत्र में अचानक से आ धमकते है और घरों समेत खेतों को नुकसान पहुंचा कर चंपत हो जाते हैं। वन विभाग भी जंगली हाथियों के सामने नमस्तक दिखाई पड़ता है। वन विभाग की लाख कोशिशों के बावजूद हाथियों का आतंक क्षेत्र में रुकने का नाम नहीं ले रहा है। बीती मंगलवार की रात भी लाधुप पंचायत के हेसला गांव में जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। हाथियों के झुंड ने हेसला निवासी रीना देवी पति, स्व सिंधु मुंडा के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया और घर में रखे अनाज को चट कर गए। रीना देवी ने बताया कि मेरे पति सिंधू मुंडा की मौत लातेहार मंडल कारा में संदिग्ध परिस्थितियों में हो गई थी। पति के मरने के बाद परिवार की स्थिति दयनीय हो गई है और अब हाथियों के झुंड ने भी घर को क्षतिग्रस्त कर दिया है। ऐसे में अब हम लोग कहां जाएंगे। इसके अलावा हाथियों के झुंड ने गांव के ही दिलीप मुंडा, सकरु गंझू, पिता मरचाई गंझू, लालू गंझू, पिता सिवधन गंझू के घर को क्षतिग्रस्त कर घर में रखे अनाज चट कर गए। वहीं बुद्धेश्वर, इलीप मुंडा के खेत में लगी चने और गेंहू की फसल को बर्बाद कर दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि मंगलवार देर रात लगभग 15 की संख्या में हाथियों का झुंड अचानक गांव में अचानक आ धमका और उत्पात मचाने लगा। ग्रामीणों ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई। लाधुप पंसस पति सह समाजसेवी बुधन गंझू हेसला गांव पहुंचे और हाथियों द्वारा पहुंचाये गए नुकसान का जायजा लिया। बुधन ने पीड़ित परिवारों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि जल्द ही वन विभाग से मिलकर हाथियों के नुकसान का मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जायेगा। वन विभाग अविलंब जंगली हाथियों के झुंड को आबादी क्षेत्र से दूर भगाये ताकि गरीबों का घर व खेती सुरक्षित रह सके।



# एनटीपीसी टंडवा ईकाई ने मनाया 25वां स्थापना दिवस

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा**
नार्थ करनपुरा थर्मल पॉवर कारपोरेशन (एनटीपीसी) की टंडवा ईकाई में बुधवार को 25 वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। कहा गया कि एनटीपीसी भारत के सबसे बड़े उर्जा उत्पादक समूह का अब हिस्सा बन गया है। प्रबंधन निरंतर अथक प्रयास कर रही है जिससे शीघ्र हीं यूनिट 3 से भी बिजली का उत्पादन शुरू हो जायेगा। मौके पर परियोजना के सभी जीएम, मगध संघमित्रा परियोजना के महाप्रबंधक नृपेन्द्र नाथ समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि, कामगार व आसपास के ग्रामीण मौजूद थे।



# बरवाडीह में मनमाने कमीशन से योजनाओं में गुणवत्ता प्रभावित

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
प्रखंड में सभी मदों से संचालित विकास योजनाओं में मनमाना कमीशन बदस्तूर जारी रहने के कारण विकास कार्यों में गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। जानकारी के अनुसार प्रखंड में मनरेगा, 15वें वित्त आयोग समेत अन्य योजनाओं से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। इस संबंध में ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य कर रहे मनरेगा एवं 15वीं वित्त आयोग के अध्यक्ष एवं सचिव ने बताया चल रही विकास योजनाओं में सर्वप्रथम प्राक्कलन बनाने के नाम पर ही संबंधित कनीय अभियंता द्वारा मनमाने पैसे वसूले जा रहे हैं। इसके साथ ही विकास योजनाओं शुरू करने के साथ ही संबंधित कनीय अभियंता व सहायक अभियंता द्वारा पैसे की वसूली की जा रही है। इसके बाद ही विकास योजनाओं को शुरू करवाया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र के कई लाभुकों ने बताया कि पूर्व में 1 लाख से कम की विकास योजनाओं की प्राक्कलन राशि में संबंधित सहायक अभियंताओं द्वारा कमीशन की राशि नहीं वसूली होती थी, लेकिन वर्तमान समय में सभी योजनाओं में कमीशन की मांग की जा रही। विकास योजनाओं के कई लाभुकों ने लातेहार उपायुक्त से प्रखंड में मनमाने कमीशन पर अंकुश लगाने की मांग की है।




### क्या कहते हैं जिप सदस्य

जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर ने बताया कि मनरेगा में लगातार रोजगार सेवक, जेई व एई को लेकर पैसे मांगने की शिकायत मिलते रहती है। प्रखंड में रोजगार सेवकों, एई व जेई द्वारा कमीशन पर अंकुश लगाने के लिए जिले में होने वाली बैठक में आवाज उठाते हुए अंकुश लगाने की बात कही है।

# सड़क दुर्घटना में पिता व पुत्र बुरी तरह गंभीर, रेफर

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत सलगा पथ के सीमर मोहल्ला के समीप बाइक दुर्घटना में बुधवार को पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए दोनों को रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि प्रखंड मुख्यालय निवासी चंद्रिका दांगी 53 वर्ष व पुत्र मनोज कुमार 19 वर्ष बाइक से सलगा गांव की ओर जा रहे थे। इसी क्रम में घर-घर नलजल योजना के तहत हो रहे कार्य में पानी का पाइप सड़क किनारे पड़ा हुआ था, जिसके ऊपर अचानक बाइक चढ़ गई, जिससे अनियंत्रित होकर दुर्घटाग्रस्त हो गई। घिटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

# नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों को दिया गया प्रशिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**
प्रखंड कार्यालय सभागार में नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों को तीन दिवसीय प्रारंभिक प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर सत्यानंद शुक्ला व विनिता कुमारी ने प्रशिक्षु वार्ड सदस्यों को उनके अधिकार, ग्राम पंचायत को प्राप्त शक्ति, ग्राम सभा, ग्रामसभा बैठक की प्रक्रिया, ग्राम पंचायत की सरंचना, ग्राम पंचायत के मुद्दे व विकास सहित कई महत्वपूर्ण जानकारी दी। साथ ही अपने पद के अनुसार कार्यों और कर्तव्यों का भी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को स्थानीय मुद्दों पर आधारित मृत्युदंड फिल्म दिखाई गयी। मौके पर उपस्थित पंचायती राज्य प्रखंड समन्वयक पंकज पांडे ने बताया कि नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों को तीन बैच में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रथम बैच का प्रशिक्षण आज समाप्त हुआ। इस बैच में बालूभांग, डाढा व फुलसु पंचायत के कुल 36 वार्ड सदस्यों में से 30 वार्ड सदस्य शामिल हुए। द्वितीय बैच का प्रशिक्षण 9, 10 व 11 मार्च को होगा, जिसमें अमरवाडीह, शिबला और टोटी पंचायत के वार्ड सदस्य सामिल होंगे। तीसरे व अंतिम बैच का प्रशिक्षण 12,13, व 14 मार्च को होगा, जिसमें साल्वे, बारियातु व गोनिया पंचायत के वार्ड सदस्य भाग्य लेंगे।




# चंदवा में आयोजित नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में शामिल हुए भाजपाई

**चंदवा।** भाजपा मंडल कमेटी द्वारा बुधवार को कामता पंचायत अध्यक्ष मनोज पाठक के आवास के समीप महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मीनाक्षी देवी की अध्यक्षता नारी शक्ति वंदन अभियान पर आयोजित लाइव प्रसारण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें अभियान के मंडल संयोजक सह मंडल उपाध्यक्ष आशीष सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद साहू, भाजपा मंडल महामंत्री दीपक निषाद, मंडल उपाध्यक्ष मंजू सिंह, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष शशि देवी, सोशल मीडिया प्रभारी कृष्णा कुमार, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष सूर्यनारायण साहू, चंद्रभूषण केसरी, पंचायत अध्यक्ष मनोज पाठक, बॉबी देवी, जय श्री देवी, सुमन सिंह, मीना देवी, बिंदिया देवी, गुड़िया देवी, ममता देवी, अमरित देवी, सुरजी देवी, दिलमणि देवी, दीपा देवी, लालमती देवी, कमला देवी, फूलमती देवी, अनिता देवी, मनीता देवी, दिलो देवी, सुनीता देवी, सांता देवी, चिंता देवी, शिला देवी, सोहबतिया देवी, नीरो देवी, दसमी देवी, चलितर ठाकुर, फुलमनी देवी, रामलखन लोहरा, कंचन लोहरा, आशा देवी, रजंति देवी, अनिता देवी आदि बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

## अव्यवस्था

### मरीजों के साथ कर्मियों को भी झेलनी पड़ती है परेशानी

# पांडेयपुरा पीएचसी में सुविधाओं की कमी

**नितेश तिवारी। हंटरगंज**
प्रखंड के पांडेयपुरा में बने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जरूरी सुविधाओं की घोर कमी है। ऐसे में आये दिन मरीजों के साथ कार्यरत कर्मचारियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्वास्थ्य केंद्र में आस-पास के लगभग पंद्रह गावों के मरीजों का आना जाना है, लेकिन यहां ना बिजली की व्यवस्था है और ना ही पेयजल के लिए चापाकल। इसके चलते मरीजों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। अब स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं की बात की जाये तो यहा ना लैब की सुविधा है और ना कोई भी सफाई कर्मी उपलब्ध है। अगर किसी महिला मरीज के साथ कोई आपत्कालीन स्थिति बन जाए तो महिला डॉक्टर भी उपलब्ध नहीं है। इसके चलते मरीजों को बाहर भेज दिया जाता है। केवल मरीज ही नहीं, यहां काम करने वाले महिला और पुरुष कर्मचारियों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्वास्थ्य केंद्र में रात्रि प्रहरी की भी अत्यंत जरूरत है, ताकि स्वास्थ्य केंद्र और कार्यरत कर्मचारियों की सुरक्षा व्यवस्था भी सुदृढ़ हो सके।




### सीओ ने मतदान केंद्रों पर विभिन्न सुविधाओं का किया निरीक्षण

**गिद्धौर।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए बुधवार को अंचल अधिकारी राकेश सहाय ने विभिन्न मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। शौचालय, पेयजल, बिजली व दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैप को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। अंचल अधिकारी ने उच्च विद्यालय बारिसाखी, गंगा स्मारक उच्च विद्यालय गिद्धौर, मध्य विद्यालय गिद्धौर, कन्या मध्य विद्यालय गिद्धौर आदि का निरीक्षण किया। कन्या मध्य विद्यालय गिद्धौर के प्रभारी प्रधानाध्यापक अर्जुन टोपो बिना सूचना के अनुपस्थित मिले।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की कोषांग के नोडल पदाधिकारियों संग बैठक, दिए निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
समाहरणालय में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में लोक सभा आम चुनाव की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की गई। इसमें सभी नोडल पदाधिकारी, सहायतार्थ पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कर्मियों को प्रशिक्षण रोस्टर अनुसार समय पर बेहतर रूप से दिया जाय। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक विकास पांडेय, डीडीसी पवन कुमार मंडल, एसी अरविन्द कुमार, निदेशक डीआरडीए, उप निर्वाचन पदाधिकारी सह एसडीओ चतरा सुरेंद्र उरांव, एसडीओ सिमरिया सन्नी राज, डीपीआरओ शकील अहमद समेत सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी एवं सहायतार्थ पदाधिकारी उपस्थित थे।

### डीडीसी ने विज्ञान प्रदर्शनी रथ को किया रवाना

**चतरा।** निदेशक उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा प्रायोजित भ्रमणशील विज्ञान प्रदर्शनी रथ को उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। समाहरणालय परिसर से चली रथ 31 मार्च तक जिले के विभिन्न प्रखंडों में जाकर विज्ञान प्रदर्शनी के प्रति छात्र-छात्राओं को जागरूक करेगी।



## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत, 9 घायल

**भंडरा।** लोहरदगा-रांची मुख्य पथ के भैसमुंदो चर्च के समीप बुधवार की देर शाम सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौके पर मौत हो गई जबकि 9 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहा डॉक्टरों द्वारा इलाज किया जा रहा है। बताया जाता है कि गडरपो पंचायत के सेमरा गांव के मांगू उरांव के घर से बराती टेंपो साउंड सिस्टम लोड कर पैसेंजर बैठा कर वापस हेसल कुर्से जा रहे थे। इसी बीच भैसमुंदो गांव के समीप विपरीत दिशा से आ रहे वाहन की तेज लाइट से टेंपो चालक का नियंत्रण खराब हो गया और टेंपो सड़क किनारे रखे चिप्स से टकराकर पलट गया। घटना के बाद टेंपो चालक फरार हो गया। घटना में ओयना पतराटोली निवासी अरुण एक्का (22) की मौके पर की मृत्यु हो गई। वहीं घायलों में प्रकाश लकड़ा कैमो पतरा टोली, नख्खी उरांव, भुजनिया, सूरज उरांव, कुटमू, अजय उरांव कुटमु, सुजीत उरांव, ओयाना करम टोली, संजीत कुजूर, बुद्धेश्वर उरांव, सेमरा, शामिल है।

### नववर्ष पर चर्चा

**लोहरदगा।** जय श्री राम समिति की बैठक गुदरी बाजार स्थित मुंद्रिका बैंक्वेट हॉल में परमेश्वर साहू की अध्यक्षता में की गई। इसमें मुख्य रूप से नववर्ष विक्रम संवत पर होने वाले कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई। बैठक में संरक्षक त्रिवेणी दास, उमेश कास्यकार,परमेश्वर साहू, संजय नायक, पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन, अजय सोनी, जिला महिला अध्यक्ष इंदिरा प्रधान, जिला संचालन समिति सदस्य अनिल उरांव, नगर अध्यक्ष दीपक साहू, सुनील अग्रवाल,गुड्डू राय, हेमंत वर्मा, अनुज आदि मौजूद थे।

### रक्तदान कर जान बचाई

**गुमला।** मारवाडी युवा मंच के सदस्य शंकर अग्रवाल एंबुलेंस प्रभारी ने बुधवार को ओ पॉजिटिव रक्तदान कर एक गर्भवती महिला की जान बचाई। रोहित खंडेलवाल ने कहा कि रक्तदान के लिए कार्य करने वाली संस्थाओं द्वारा जरूरतमंद की मदद की जाती है। मौके पर लैब टेक्नीशियन राकेश सिंह, नटवर अग्रवाल, शिल्पा अग्रवाल, रोहित खंडेलवाल आदि मौजूद थे।

### सर्वजन पेंशन योजना के लाभुकों की प्रथम किस्त का भुगतान सह सम्मान समारोह

# सर्वजन पेंशन योजना से जिले के अनेक वृद्ध लाभुक होंगे लाभान्वित : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखड सरकार के निर्देश पर नगर भवन लोहरदगा में सर्वजन पेंशन योजना (50-60 वर्ष) के लाभुकों को प्रथम किस्त का भुगतान, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह, विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं पोषण पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया।





कार्यक्रम में पोषण अभियान अंतर्गत बेहतर प्रदर्शन करने वाले आंगनवाड़ी सेविका एवं सहायिकाओं को स्पेशल इंसेंटिव के रूप में सेविका हो 5000 रुपये एवं सहायिका को 2500 रुपये राशि प्रदान की गई तथा सावित्रीबाई फुले किशोरी समृधि योजना एवं मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के लाभुकों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। राज्य विधवा पुनर्विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत 2 लाभुकों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। साथ ही गोदभराई एवं अन्नप्रासन कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे सर्वजन पेंशन योजना (50-60 वर्ष) एक महत्वपूर्ण योजना है जिसका आज प्रथम किस्त का भुगतान किया गया है। इससे जिले के अनेक वृद्ध लाभुक लाभान्वित होंगे। पोषण के बारे में जन जन तक जागरूकता फैलाने हेतु लोगों को आह्वान किया क्यूंकि सही पोषण से ही सशक्त भारत का निर्माण होगा। उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने बताया कि कुपोषण मुक्त जिला बनाने की लिए हमें जन जन तक लोगों को सही पोषण के लिए जागरूक करना होगा, जिसमें सभी की भागीदारी होनी चाहिए ताकि हम अपने लोहरदगा जिले को कुपोषण मुक्त जिला बना सके। साथ ही उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करना है। 'लोहरदगा ने यह ठाना हैं 90 प्रतिशत से अधिक मतदान कराना हैं।' कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल, अनुमंडल पदाधिकारी-सह-सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग अमित कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षका एवं जिला के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जल जमाव की समस्या से ग्रामीण हो रहे परेशान

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**

प्रखंड बस्ती के अंतर्गत साप्ताहिक बाजार के मुख्य मार्ग में जलभराव होने से लोगों को आने जाने में काफी मुश्किल हो रही है। इस तरह पानी निकासी न होने से आए दिन जब भी वर्षा होती है, गली में महीनों जलभराव हो जाता है। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा प्रशासन को इसकी शिकायत तो बार-बार दी जाती है, लेकिन अभी तक इस ओर ध्यान नहीं दिए जाने के कारण गलीवासियों के साथ बाजार जाने वाले ग्रामीणों के लिए परेशानी बढ़ गई है। नंदकिशोर साहू, टुन्नू साहू, अनूप सोनी, किशोर साहू, प्रकाश प्रजापति आदि का कहना है कि जब भी वर्षा होती है, पानी पूरी गली में जमा हो जाता है। कहीं से पानी निकलने का रास्ता नहीं है। इसकी शिकायत स्थानीय प्रशासन को भी कई बार की जा चुकी है, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं जाने के चलते उन्हें यह परेशानी वर्षों से सहन करनी पड़ रही है। मुख्य मार्ग का निर्माण होने के बाद गली नीचे चली गई है, जिस कारण गली का पानी बाहर न निकल कर गली में ही जमा हो जाता है। इससे गली वासियों को घर से निकलना दुश्वार हो गया है।

**भंडरा प्रखंड बस्ती के बाजार जाने वाले मुख्य पथ पर वर्षों से जल जमाव की समस्या**



घर से बाहर काम करने के लिए महिलाओं को निकलने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा मंगलवार, शुक्रवार व रविवार को लगने वाले बाजार जाने का मुख्य मार्ग होने के कारण हजारों ग्रामीणों को काफी मुश्किल का सामना करना पड़ता है। समस्या का स्थायी समाधान तभी हो सकता है जब गली की सड़क को मुख्य मार्ग के समांतर बनाया जाय। पानी निकासी के लिए नाली का निर्माण हो। ग्रामीणों ने इस समस्या का समाधान करने की मांग की है ताकि उन्हें परेशानी से निजात मिले।

# सेन्हा थाना क्षेत्र में चुआ से महिला का शव हुआ बरामद



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

थाना क्षेत्र की बंसरी गुरिया टोली के बृंदा तलाब के समीप निकोदिन टोप्पो के खेत स्थित चुआ से सेन्हा थाना पुलिस ने एक महिला का शव बरामद किया है। मृतक की पहचान बंसरी गुरिया टोली निवासी बुधराम उरांव की पत्नी मांगो उरांव के रूप में की गई है। बुधराम उरांव ने पुलिस को बताया कि मांगो रविवार को घर से निकली थी। बगल के गांव में बेटी दामाद का घर है। वहां आना जाना करती थी। हम लोग पता लगा रहे थे कि कहा गई है तभी बुधवार को दोपहर में खेत के पास चुआ खोदाई करने आए लोगों ने देखा कि चुआ में एक महिला का शव है। इसको देखने के बाद आसपास के ग्रामीणों ने मामले की जानकारी थाना पुलिस को दी। एसआई मनोज कुमार ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया। वहीं एसआई मनोज कुमार ने कहा कि महिला का शव बरामद हुआ है। प्रथमद्दष्टया महिला की मौत चुआ में डूबने से होना प्रतीत होती है। कहा कि अग्रतर कार्रवाई कर सभी बिंदु पर जांच की जा रही है।

# 'आगामी चुनाव लोकतंत्र विरोधियों से जनता को मुक्ति दिलाने का'

### कांग्रेस की कार्यशाला में लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने को लेकर की गई चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता। पालकोट**

प्रखंड में गोबर सिल्ली में प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में कांग्रेस पार्टी की बूथ स्तरीय कार्यशाला हुई। इसमें मुख्य रूप से सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी काली चरण मुंडा, पूर्व खूंटी लोकसभा प्रभारी अजय नाथ शहदेव आदि उपस्थित थे। इसमें आगामी लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने को लेकर चर्चा की गई। विधायक भूषण बाड़ा ने बूथ स्तर के सभी कार्यकर्ताओं को क्षेत्र भ्रमण तेज करने एवं चुनाव की तैयारी में तेजी लाने का निर्देश दिया। विधायक ने कहा कि हमें पूरी गंभीरता और ताकत के साथ 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ना है। क्योंकि यह चुनाव देश की दशा और दिशा तय करेगा। उन्होंने कहा कि यह चुनाव लोकतंत्र के लिए खतरा बने दलों से जनता को मुक्ति



दिलाने की है। उन्होंने कहा कि देश और राज्य की आम जनता पीएम मोदी के झूठ को पहचान चुकी है। उन्होंने कहा कि देश और राज्य की जनता इसका जवाब देने के लिये वोट का इंतजार कर रही है। हमें जनता तक केंद्र सरकार की करतूतों को लेकर जाना है। लोकसभा चुनाव में देश की जनता केंद्र सरकार को देश से भगाने का काम करेगी।

**भाजपा ने जनता की आंखों में झोंका है धूल :** कालीचरण मुंडा ने कहा कि गत 10 वर्षों के दौरान भाजपा ने विकास और जनता की भलाई के नाम पर जनता की आंखों में धूल ही झोंका है। हमें झारखंड की वर्तमान महागठबंधन सरकार द्वारा की गई विकास योजनाओं के बारे में भी जनता को बताना होगा। उन्होंने कहा कि चुनाव काफी नजदीक है। हमें मिलकर देश और समाज में घृणा फैलाने वाले और सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करने वाली केंद्र की भाजपा सरकार को शिकस्त देना है।

**भाजपा को जनता देगी मुहतोड़ जवाब :** डॉ अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा फैलाई गई नफरत की राजनीति इस लोकसभा चुनाव में जनता मुहतोड़ जवाब देगी। कार्यकर्ता चुनाव को लेकर तैयारी तेज करें। क्षेत्र भ्रमण कर कांग्रेस के नीति सिद्धांतों की जानकारी दें। अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ें। कार्यक्रम में कोलेंगा सह विधायक प्रतिनिधि सुषमा केरकेट्टा, विधायक प्रतिनिधि बसंत कुमार गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि सह पीसीसी डेलीगेट सह पालकोट प्रखंड लोक सभा प्रभारी प्रदीप केशरी, 20 सूत्री अध्यक्ष विनय लकड़ा, विधायक प्रतिनिधि केश्वर्र सिंह, विधायक प्रतिनिधि अशोक सिंह आदि शामिल थे।

### 'पम्पापुर कॉलेज में होगा पढ़ाई का बेहतर माहौल'

**पालकोट।** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा बुधवार को पम्पापुर कॉलेज पालकोट पहुंचे। विधायक ने कॉलेज की समस्याओं से रुबरु होते हुए समस्याओं का समय पर निदान करने का आश्वासन दिया और कहा कि बहुत जल्द कॉलेज में हॉल का निर्माण, कॉलेज तक चलने के लिए कालीकरण पथ व सभी जन सुविधाओं को दुरुस्त किया जाएगा। कॉलेज परिसर में ही पढ़ाई का बेहतर माहौल तैयार कराया जाएगा। कॉलेज की पहचान दूसरे राज्यों तक भी दिलाने का प्रयास किया जाएगा। मौके पर पालकोट राजा लाल दामोदर शहदेव, प्रिंसिपल मनोज जायसवाल, थाना प्रभारी पालकोट मो.जहागीर आदि मौजूद थे।

# निबंध लेखन प्रतियोगिता में नेहा खलखो रही अव्वल




**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

'मेरा पहला वोट देश के लिए' अभियान के तहत जिले के चैनपुर स्थित परमवीर अल्बर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज में पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने के लिए बुधवार को तीसरे दिन कई कार्यक्रम हुए। अंतिम दिन कॉलेज में निबंध प्रतियोगिता और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता में नेहा खलखो ने प्रथम, प्रियंका कुमारी ने द्वितीय और आरती कुमारी ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं क्विज प्रतियोगिता में अनुरिमा मिंज ने प्रथम, डोली नागेसिया ने द्वितीय और रोशन कुमार ने तृतीय स्थान हासिल किया। साथ ही विद्यार्थियों ने कई ऑनलाइन प्रतियोगिताओं में भी भाग लिया। वहीं कॉलेज में बनाए गए मतदाता जागरूकता पर आधारित सेल्फी प्वाइंट पर फोटो खिंचाकर और उसे सोशल मीडिया में पोस्ट कर वोट के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। मौके पर कॉलेज के प्राचार्य फादर इनोसेंट कुजूर और कॉलेज के सभी प्राध्यापकगण व विद्यार्थी मौजूद थे।

# गजराजों की धमक व उत्पात से दहशत में ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**

लोहरदगा और लातेहार जिले के कुडू और चंदवा प्रखंड के सीमावर्ती जंगलवर्ती इलाके में पिछले लगभग एक सप्ताह से लगभग डेढ़ दर्जन गजराजों के झुंड के विचारण से ग्रामीणों में दहशत कायम है। इन जंगली हाथियों ने आए दिन फसलों को नुकसान पहुंचाने के अलावे मंगलवार की रात हेसला में ग्रामीणों के घर को बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं आधा दर्जन लोगों के खेतों में लगी गेहूं, टमाटर आदि फसल को खाकर व रौंदकर बर्बाद कर दिया। मंगलवार की रात हेसला



निवासी रीना देवी पति स्व. सिंधु मुंडा, दिलीप मुंडा, पिता स्व. सुधु मुंडा, सकरु गंझू, पिता मचाय गंझू, लालू गंझू, पिता शिवधन गंझु के घर को हाथियों ने क्षतिग्रस्त कर दिया औरअनाज चट कर गए। वहीं गांव के उदेसर महतो, दिलीप मुंडा, एलू गंझु, निक्कू यादव के खेत में लगी गेहूं, टमाटर की फसलों को खाकर व रौंदकर बर्बाद कर दिया। एक दिन पहले ही जंगल लकड़ी लाने गए कुडू के जिंगी निवासी विनोद टाना भगत को हाथियों ने पटककर गंभीर रूप से घायल कर दिया था।

**बाल-बाल बचे दो लोग :** सोमवार को अपराहन लगभग पांच बजे हेसलोंग निवासी मिथिलेश गंझु और एक अन्य युवक अपना घर जा रहे थे। अचानक जंगली हाथियों से सामना हो गया। हाथियों ने दोनों को कुछ दूर तक खदेड़ा, लेकिन दोनों ने भागकर अपनी जान बचाई। दोनों बाल-बाल बच गए। बुधवार के दिन में हाथियों का झुंड कुडू से सटे रुद जंगल में होने की सूचना थी। हाथियों के भय से जंगलवर्ती गांव के लोग रतजगा करने को मजबूर हैं।

## दुर्घटना में बाइक सवार युवक घायल

**सेन्हा।** प्रखंड मुख्यालय के समीप स्थित शिव मंदिर के पास हुई सड़क दुर्घटना में बुलेट बाइक सवार एक युवक घायल हो गया। पत्रकारों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां से उसे सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर कर दिया गया। एसआई मनोज कुमार दलबल के साथ घटना स्थल पहुंच क्षतिग्रस्त बुलेट को जब्त कर लिया। घायल की पहचान गुमला थाना क्षेत्र के सिसई रोड करम डीपा निवासी संजू बड़ा के पुत्र एमानबेल बाड़ा के रूप में की गई है। गुमला से प्रदीप केरकेट्टा के पुत्र सुनील केरकेट्टा एवं एमानबेल बाड़ा चंदवा जा रहे थे। अज्ञात ट्रक से टकराते हुए सड़क के किनारे जा गिरे, जिससे एमानबेल बाड़ा को सिर पर गंभीर चोटें आई हैं।

## पेड़ से गिरकर स्कूल का बच्चा जख्मी

**सेन्हा।** प्रखंड क्षेत्र के मुर्की में संचालित सरकारी मध्य विद्यालय के पांचवी कक्षा के छात्र सुमित उरांव विद्यालय से निकल बेर खाने गया था। वह पेड़ पर चढ़ कर बेर तोड़ रहा था। इसी क्रम में पैर फिसलने से नीचे गिर गया, जिससे उसके सिर एवं बायें हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। बताया जाता है कि कोयनर टोली निवासी बालेश्वर उरांव के पुत्र सुमित नित्यदिन की तरह बुधवार को भी स्कूल गया हुआ था, लेकिन विद्यालय में गार्डिंग के अभाव में बाहर निकल गया। परिजनों ने बताया कि सुमित को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर कर दिया गया।

# बस स्टैंड से लोडेड पिस्टल के साथ युवक हुआ गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर**

प्रखंड मुख्यालय के बस स्टैंड के पास पुलिस ने बरवेनगर निवासी आकाश खेरवार, पिता घंटु खेरवार को लोडेड पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है। थाना परिसर में प्रेस वार्ता कर एसडीपीओ अमिता लकड़ा ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी की एक युवक हथियार लेकर बस स्टैंड के पास घूम रहा है। इसके बाद चैनपुर थाना प्रभारी के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन करते हुए युवक को गिरफ्तार किया गया और तलाशी लेने पर उसके कमर से नाइन एमएम की पिस्टल, जिसमें पांच गोली लोडेड थी, बरामद की। पूछताछ के दौरान युवक ने बताया कि उसकी प्रेमिका से कुछ लड़के बातचीत करते थे। उसी को धमकाने के लिए मैंने बरवेनगर के साफरान अंसारी, पिता पाचन मियां से हथियार लिया था। पुलिस ने पूछताछ के बाद युवक को जेल भेज दिया है। छापामारी दल में मुख्य रूप से चैनपुर थाना प्रभारी अजय यादव, सअनि मदन शर्मा आदि मौजूद थे।

**अच्छी खबर** | **बगीचा मालिकों के साथ व्यापारी और खुदरा दुकानदार भी खुश**

# अच्छे मंजर से आम के अधिक उत्पादन की उम्मीद

**कुलदीप कच्छप। भंडरा**

प्रखंड में इस वर्ष आम के पेड़ों पर लगे अच्छे-खासे मंजर से किसानों में नई आस जगी है। इस वर्ष अधिकांश आम के पेड़ों पर इतने मंजर आए हैं कि पेड़ के पत्ते तक नहीं दिख रहे हैं। बताते चलें कि प्रखंड के धनामुंजी, सेमरा, पोड़हा, बिटपी, तिलसिरी, मलगटोली, टोटो छापर टोली, भैसमुंदोसे से आम प्रतिवर्ष बाहर भी भेजे जाते हैं। मालदा, दशहरी, लगड़ा, आम्रपाली सहित अन्य प्रजाति के आम की पैदावार अच्छी होती है। मौसम ने साथ दिया तो इस वर्ष आम की अच्छी पैदावार प्रखंड क्षेत्र के किसानों के बेहतर आय का माध्यम बनेगी। ऐसी आस किसानों की है। बगीचा मालिकों के साथ-साथ आम का सीजनली व्यापार करने वाले व्यापारी और खुदरा दुकानदार खुश हैं।



**तापमान बढ़ते हीं दिखने लगा मंजर :** कुछ दिन पहले तक तापमान कम होने के कारण आम में काफी कम मंजर लगा था, लेकिन तापमान बढ़ना ज्यों ही शुरू हुआ तो आम के पेड़ों में मंजर काफी दिखाई देने लगा। किसान अशोक उरांव, दानियाल लकड़ा, सुरेंद्र उरांव, दिलीप उरांव, बुद्धेश्वर उरांव आदि ने बताया कि आम की फसल के लिए मार्च एवं अप्रैल का महीना काफी महत्वपूर्ण है। हल्की हवा एवं बदलते मौसम के कारण आम के पेड़ पर लगा मंजर गिरने लगता है। वहीं किट पतंगों के चलते आम की फसल में काला धब्बा, काली फफुंदी, पत्ती अंगमारी, गुच्छा रोग सहित अन्य बीमारियों से मंजर को नुकसान पहुंचता है। आम के मंजर में विभिन्न प्रकार की बीमारियां लगती हैं। इसके बचाव के लिए दवा का छिड़काव करना पड़ता है। बीमार टहनियों की कटाई छटाई कर गिरे हुए पत्तियों को जला देना होता है।

### उदरंगी क्षेत्र में ओलावृष्टि से आम के मंजर हुए बर्बाद

पिछले दिनों बारिश और ओलावृष्टि से क्षेत्र के उदरंगी, सेगराटोली, टंगरा टोली आदि क्षेत्र में सब्जी, आम सहित कई अन्य फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं। किसानों को लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। प्रति दिन किसान अंचल कार्यालय पहुंचकर आवेदन पत्र जमा कर रहे हैं।

# चैनपुर व डुमरी थाना क्षेत्र में अवैध महुआ शराब की नष्ट, तीन गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर**

चैनपुर मुख्यालय के बरवेनगर परहा टोली एवं डुमरी के सिरसी गांव में उत्पाद विभाग की टीम ने बुधवार की अहले सुबह अवैध महुआ शराब की बिक्री के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया और कई घरों से 20 लीटर महुआ शराब एवं 50 किलो जावा महुआ जब्त करते हुए तीन धंधेबाजों को गिरफ्तार किया। उत्पाद विभाग की टीम सर्वप्रथम बरवेनगर के परहा टोली पहुंची, जहां घरों में छापामारी करते हुए महुआ शराब को जब्त किया और जावा महुआ को मौके पर ही नष्ट कर दिया। मौके से दो धंधेबाजों को गिरफ्तार किया। इसके बाद उत्पाद विभाग की टीम डुमरी प्रखंड के सिरसी गांव के कई घरों में छापामारी की और अवैध महुआ शराब को जब्त करते हुए एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया। मौके पर उत्पाद दरोगा ने बताया कि वरीय पदाधिकारियों के आदेश पर छापामारी अभियान चलाया जा रहा है और आगे भी अवैध शराब के खिलाफ छापामारी अभियान जारी रहेगा। इधर छापामारी की सूचना मिलते ही शराब विक्रेताओं में हड़कंप मचा हुआ है।



# गिरिडीह कालेज गिरिडीह में 'पुरुष उत्पीड़न' पर संगोष्ठी आयोजित




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गिरिडीह कालेज गिरिडीह में एन एस एस इकाई-2 एवं आई क्यू ए सी के तत्वावधान में एन एस एस-2 की प्रभारी प्रो अरुणिमा सिंह ने छात्र छात्राओं के बीच 'पुरुष उत्पीड़न ' जैसे नए विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ अनुज कुमार ने किया तथा मंच संचालन प्रो धर्मेंद्र कुमार ने किया। डॉ अनुज कुमार ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के समीप होने पर भी पुरुष उत्पीड़न जैसे नए मुद्दे पर संगोष्ठी विचारणीय है, उन्होंने कहा कि सदियों से पुरुष उत्पीड़ित होते आ रहे हैं। कैकेई के उत्पीड़न से ही दशरथ ने आहत होकर राम को वनवास दिया। आज के पुरुष भी उत्पीड़ित होते हैं लेकिन मुंह नहीं खोलते हैं। आवश्यकता है स्त्री और पुरुष दोनों के आपसी तालमेल का, तभी आदर्श परिवार की स्थापना हो सकती है। प्रो सतीश यादव ने कहा कि वर्तमान समय में पुरुषों का उत्पीडन की पृष्ठभूमि को समझना आवश्यक है। पुरुष उत्पीड़न का प्रभाव मनोवैज्ञानिक रूप से घातक है। प्रो विनीता कुमारी ने कहा कि महिला और पुरुष समाज के दो पहिए हैं जिनके सहयोग से ही विकसित समाज का निर्माण होता है, इसलिए वर्तमान में दोनों को एक दूसरे का सहयोग करना चाहिए ताकि न ही महिला और न ही पुरुष का उत्पीडन हो। इस विषय पर आयोजित संगोष्ठी में प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया जिसमें प्रथम पुरस्कार छात्रा हीना परवीन एवं द्वितीय पुरस्कार विकास कुमार को दिया गया। मौके पर प्रो रश्मि कुमारी,प्रो आशा रजवार, रंजीत, हीरालाल, अवधेश मिश्रा,सिमरन, राहुल यादव,विशाल आदि सैकड़ों छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## दूसरी बार ट्रांसफर से नाराज एसडीपीओ

**गिरिडीह।** राज्य सरकार द्वारा एक महीने में दूसरी बार हुए ट्रांसफर से नाराज झारखंड पुलिस सेवा के एक अधिकारी ने इस्तीफा देने का ऐलान कर दिया। दरअसल राज्य भर में कई पुलिस पदाधिकारियों का ट्रांसफर हुआ है। इसमें गिरिडीह जिले के खोरीमहुआ अनुमंडल एसडीपीओ साजिद जफर का नाम भी शामिल हैं। लगभग एक महीना पूर्व ही एसडीपीओ साजिद जफर की नियुक्ति खोरीमहुआ अनुमंडल में तैनाती हुई थी। फिर जब नई सूची आई तो उनका फिर से तबादला कर दिया गया। एसडीपीओ साजिद जफर की नाराजगी बार बार हो रहे तबादले को लेकर है। इस फैसले से नाराज होकर उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर नाराजगी जाहिर करते हुए नौकरी से रिजाइन देने तक की बात कह दी है। फेसबुक में लिखा कि तबादले का अन्यायपूर्ण फैसला देखकर मैंने नौकरी से इस्तीफा देने का फैसला लेता हूँ। आगे उन्होंने लिखा कि जीवन नौकरी से बड़ा है। न्याय की जीत होनी चाहिए। अधिकारी की यह पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## पांच हजार से अधिक लाभुकों को खाते में भेजी गई राशि : डीसी




**धनबाद।** मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन के लाभुकों को प्रथम किस्त की भुगतान, पोषण 2.0 योजना अंतर्गत पोषण पखवाड़ा 2024, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2024 के पूर्व राज्य की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को सम्मान एवं अन्य विभागीय योजनाओं का लाभ कार्यक्रम का जिला स्तरीय आयोजन बुधवार को धनबाद स्थित न्यू टाउन हॉल में किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद की उपायुक्त माधवी मिश्रा मौजूद रही। कार्यक्रम में संबंध में उपायुक्त ने बताया कि आज के इस कार्यक्रम में पांच हजार से अधिक लाभुकों को उनकी राशि उनके खाते में भेजी गई। इसके साथ ही बाकी के सात हजार लाभुकों का नाम आज एसएसएपी पोर्टल पर रजिस्टर किया गया। उन्होंने बताया कि आज के इस कार्यक्रम के दौरान सर्जन पेंशन योजना के नए लाभुकों को जोड़ा गया। इसके साथ ही उन्हें पेंशन की पहली किस्त भी दी गई। इसके अलावा आंगनबाड़ी सेविकाएं और सहियाओं जिन्होंने उत्कृष्ट कार्य का प्रदर्शन किया है उन्हें भी आज कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। इसके साथ ही राष्ट्र पारिवारिकहित योजना के लाभुकों को भी सम्मानित किया गया। इसके अलावा सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की लाभुक नई बच्चियों को भी उन्हें पहली किस्त दी गई।उन्होंने बताया कि इसके अलावा यहां आधार पंजीकरण, नए सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि जाए कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ने के लिए इसके कई स्टॉल भी लगाए गए है।

## अनशनकारियों का 72 घण्टे बाद अनशन समाप्त

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
जमुआ में विभिन्न मांगों को लेकर झारखण्ड यूथ फोर्स द्वारा जारी अनशन आखिरकार 72 घण्टे के बाद बुधवार को समाप्त हो गया। जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा धरना स्थल पर पहुंचकर लिखित आश्वासन के बाद गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू द्वारा जूस पिलाकर अनशन समाप्त किया गया। अनशनकारियों के विभिन्न मांगों पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने लिखित दिया है। दो माह के बैकलॉग में दोषी पदाधिकारियों को जिला निर्देश के विरुद्ध 1 माह में समुचित कार्रवाई की जाएगी। तकनीकी कारणों से लाभुकों ने इपॉश मशीन में फरवरी और मार्च का अंगूठा लगाया है । लेकिन भौतिक रूप से उसे अनाज उपलब्ध नहीं कराया गया है, जिसे निगरानी समिति के मंतव्य के आलोक में प्रखण्ड और जिलापूर्ति पदाधिकारी को प्रतिवेदित करेंगे और इसकी एक प्रति धरना पर बैठे सामाजिक कार्यकर्ता को उपलब्ध कराएंगे। प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी , जिला और एजीएम ये निर्धारित करेंगें कि प्रत्येक माह के 10 तारीख तक खाद्यान की आपूर्ति हो जाय। साथ ही डीलर स्तर पर गठित निगरानी समिति और उससे जुड़े लोगों को राशन जाने से पहले सूचना दी जाएगी। निबंधित सभी गाड़ी डोर स्टेप डिलीवरी के लिए पर्याप्त गाड़ी देना है। नहीं देने पर उसे टर्मिनेट किया जाए। गोदाम में कैमरा लगाना एवं 40 दिन तक डीबीआर में दिखे। राशन देते समय पर्ची निकालना आवश्यक है अन्यथा कार्रवाई की बात कही गई है।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा

**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**
**ई0 निविदा संख्या– WRD/MID/GARHWA/F$_2$-29/2023-24**
पत्रांक – 195 गढ़वा/दिनांक – 06.03.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | यूरिया नदी पर चेकडैम का निर्माण, प्रखण्ड– धुरकी, जिला– गढ़वा। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 74,71,300/– |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 11.03.2024 (11:00 AM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 27.03.2024 (03:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (Jharkhandteders.gov.in) 27.03.2024 (03:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 28.03.2024 (03:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एंव पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 8789558294 eemidgarh-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 प्रोक्योमेन्ट सेल एवं हेल्पलाईन संख्या | 0651–2214784 |

नोटः– केवल ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।
कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा
PR 321699 (Minor Irrigation)23-24*D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा

**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**
ई0 निविदा संख्या– WRD/MID/GARHWA/F$_2$-28/2023-24
पपत्रांक – 194 गढ़वा/दिनांक – 06.03.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | गुडगुड़वा नाला पर चेकडैम का निर्माण, प्रखण्ड– गढ़वा, जिला– गढ़वा। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 53,06,600/– |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 11.03.2024 (11:00 AM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 27.03.2024 (03:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (Jharkhandteders.gov.in) 27.03.2024 (03:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 28.03.2024 (03:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एंव पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 8789558294 eemidgarh-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 प्रोक्योमेन्ट सेल एवं हेल्पलाईन संख्या | 0651–2214784 |

नोटः– केवल ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– रींतींदकजमदकमतेण्हवअण्पद में देखा जा सकता है।कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।
कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा
PR 321695 Minor Irrigation(23-24)#D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**
**e-Tender Reference No. : WRD/MID/MEDININAGAR/F$_2$-05/2023-24 Dated :-06/03/2024**

1. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, मेदिनीनगर।
2. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का मोबाईल नम्बर :– 06562-240100
3. वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 11/03/2024 (अपराह्न 04.00 बजे से )
4. वेबसाईट में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 28/03/2024 (अपराह्न 12.00 बजे तक)
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 30/03/2024 (अपराह्न 01.00 बजे)

| क्र0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रुपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रुपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | भैंसबोरवा नाला (छेछानी ढोढ़ा) पर पक्का चेकडैम निर्माण | चैनपुर | 40,97,000.00 | 82,000.00 | 5,000.00 | 11 माह |
| 2 | रामपुर में गुड़गुडवा नाला पर पक्का चेकडैम का निर्माण | चैनपुर | 62,73,500.00 | 1,25,500.00 | 10,000.00 | 11 माह |
| 3 | शिव नाला तेतरियादामर पर पक्का चेकडैम का निर्माण | चैनपुर | 50,28,900.00 | 1,00,600.00 | 10,000.00 | 11 माह |
| 4 | भैंसलदवा नाला पर चेकडैम निर्माण | मनातू | 57,54,000.00 | 1,15,100.00 | 10,000.00 | 11 माह |
| 5 | कोहबरवा नाला पर चेकडैम निर्माण | मनातू | 69,02,400.00 | 1,38,100.00 | 10,000.00 | 11 माह |
| 6 | दलदलिया नाला पर चेकडैम निर्माण | मनातू | 52,09,600.00 | 1,04,200.00 | 10,000.00 | 11 माह |
| 7 | पनडुब्बी नाला पर चेकडैम निर्माण | पांकी | 59,48,100.00 | 1,19,000.00 | 10,000.00 | 11 माह |

(1) केवल ई–निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
(2) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा ही स्वीकार्य होगी।
(3) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जवाबदेही संबंधित निविदादाता की होगी।
(4) प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती है। अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार होगी।
(5) राज्य सरकार के द्वारा निर्गत सभी अद्यतन आदेश/परिपत्र लागु होंगे।
(6) विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **http://jharkhandtenders.gov.in** मेंलॉगआन करें।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर।
PR.NO.321682 Water Resource(23-24):D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**
**e-Tender Reference No. : WRD/MID/MEDININAGAR/F$_2$-04/2023-24 Dated :-06/03/2024**

1. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, मेदिनीनगर।
2. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का मोबाईल नम्बर :– 06562-240100
3. वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 11/03/2024 (अपराह्न 04.00 बजे से )
**एजेंसी। कोलकाता।** उत्तर 24 परगना के बारासात में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा पूरी होने के बाद ममता बनर्जी ने भी चेतावनी दी है। पीएम ने अपनी जनसभा से राज्य प्रशासन और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि बंगाल में महिलाओं के साथ जो हुआ वह घोर पाप है और यह बात संदेशखाली तक ही नहीं बल्कि दूर तक जाएगी। इस पर पलटवार करते हुए ममता बनर्जी ने एक वीडियो जारी किया है। इसमें उन्होंने कहा है कि किसी की



खामोशी को उसकी कमजोरी नहीं समझी जानी चाहिए। आगामी 10 मार्च को ब्रिगेड परेड मैदान में तृणमूल कांग्रेस की महासभा में अधिक से अधिक लोगों का आह्वान करते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि बंगाल के धैर्य और शिष्टाचार को उसकी कमजोरी नहीं समझा जाना चाहिए। बाहर से आने वाले जमींदारों को 10 मार्च को यह याद दिलाना होगा।

इस रविवार को ब्रिगेड ग्राउंड में उस भूमि पर एक ऐतिहासिक कार्यक्रम होगा जिसने हमेशा अपने अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी है। बंगाल के सुरक्षित भविष्य के लिए जन आंदोलन का नेतृत्व करते हुए हमसे जुड़ें। ममता ने अपने वीडियो में कहा है कि बंगाल ही रास्ता दिखाएगा।

## केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने दर्ज की तीन प्राथमिकियां

**कोलकाता।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पांच जनवरी को पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में छापेमारी करने गई प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों की टीम पर हमले के सिलसिले में दो और प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश पर सीबीआई ने अब तीन मामलों की जांच अपने हाथ में ले ली है। सीबीआई ने उच्च न्यायालय के आदेश पर तीन प्राथमिकी दर्ज की लेकिन राज्य पुलिस ने मामला न्यायालय में विचाराधीन होने का हवाला देते हुए शेख की हिरासत नहीं सौंपी।

## संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं से मिले प्रधानमंत्री

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं के एक समूह से मुलाकात की। प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तर 24 परगना जिले के बारासात में एक जनसभा के बाद महिलाओं से मुलाकात की है। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई की महासचिव अग्निमित्रा पॉल ने बताया, जनसभा के बाद, प्रधानमंत्री ने संदेशखाली की कुछ महिलाओं से मुलाकात की। महिलाओं ने उन पर हुए अत्याचारों के बारे में बताया। महिलाएं प्रधानमंत्री को आपबीती सुनाते समय भावुक हो गईं और प्रधानमंत्री ने धैर्यपूर्वक उनकी बात सुनीं।

## शाहजहां को बचाने के लिए काम कर रही टीएमसी सरकार



**नई दिल्ली।** संदेशखाली घटना के आरोपित तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता शेख शाहजहां की गिरफ्तारी के बाद उसे सीबीआई को सौंपने पर राजनीति गरमाती जा रही है। भाजपा ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार बेटी बचाओ नहीं, शाहजहां बचाओ मुहिम में जुटी हुई है। बुधवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि पश्चिम बंगाल की पुलिस पूरी तरह से पक्षपात पूर्ण रवैया अपना रही है। पुलिस संदेशखाली के मुख्य आरोपित को सीबीआई को नहीं सौंप रही है।

## महिला आयोग ने सौंपी रिपोर्ट




**एजेंसी। नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में हुई हिंसा की रिपोर्ट राष्ट्रीय महिला आयोग ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंप दी है। 13 पन्नों के इस रिपोर्ट में राष्ट्रीय महिला आयोग ने पश्चिम बंगाल के हालात का जिक्र करते हुए राष्ट्रपति शासन लगाने की सिफारिश की है। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने मंगलवार को राष्ट्रपति से मुलाकात की थी। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने राष्ट्रपति को स्थिति से अवगत कराया। राष्ट्रीय महिला आयोग की रिपोर्ट में संदेशखाली में महिलाओं के खिलाफ हुए अपराध और उनकी हालत के बारे में जानकारी दी गई है। आयोग का कहना है कि इस रिपोर्ट में उन महिलाओं के परेशान करने वाले बयान दर्ज हैं। जिन्होंने बताया है कि किस तरह से पुलिस अधिकारियों और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सदस्यों ने डर का माहौल पैदा किया। महिलाओं ने अपने साथ हुई घटनाओं के बारे में बताया।

रिपोर्ट में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की मंशा पर भी सवाल उठाया गया है। आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने कहा कि 'संदेशखाली इकलौती घटना नहीं है। पहले भी राज्य में महिलाओं के खिलाफ हिंसा की ढेरों घटनाएं रिपोर्ट की गई हैं लेकिन राज्य सरकार की तरफ से इन पर कोई एक्शन नहीं लिया गया।' रेखा शर्मा ने बताया कि राष्ट्रपति को संदेशखाली की स्थिति से अवगत कराया गया है।

## राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा आज राजस्थान में प्रवेश करेगी



**एजेंसी। जयपुर।** राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' गुरुवार को बांसवाड़ा जिले के दानपुर से राजस्थान में प्रवेश करेगी। वर्तमान में यात्रा मध्य प्रदेश में है। कांग्रेस अधिकारियों ने पुष्टि की कि राजस्थान के बाद राहुल गांधी की यात्रा दाहोद के रास्ते गुजरात में प्रवेश करेगी। कांग्रेस प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने कहा, "यात्रा सुबह करीब 10.30 बजे राजस्थान के बांसवाड़ा में प्रवेश करेगी और फिर गुजरात जाएगी।" प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद डोटासरा व्यवस्थाओं की समीक्षा करने, सभा स्थल और यात्रा के मार्ग का जायजा लेने के लिए बुधवार को बांसवाड़ा पहुंचे। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर रंधावा समेत पार्टी के वरिष्ठ नेता भी यात्रा में शामिल होंगे।

# दिल्ली विस से सात भाजपा विधायकों का निलंबन आदेश हाईकोर्ट ने निरस्त किया

**एजेंसी। नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली विधानसभा के बजट सत्र के लिए भाजपा विधायकों को निलंबित करने के दिल्ली विधानसभा के आदेश को निरस्त कर दिया है। सुब्रमण्यम प्रसाद की बेंच ने ये फैसला सुनाया। इससे पहले हाई कोर्ट ने 27 फरवरी को फैसला सुरक्षित रख लिया था।

हाई कोर्ट ने इस मामले पर सुनवाई के दौरान कहा था कि कोर्ट में मामला लंबित रहने के दौरान विशेषाधिकार समिति को आगे की कार्रवाई नहीं जारी रखनी चाहिए। सुनवाई के दौरान दिल्ली विधानसभा ने कहा था कि भाजपा के निलंबित सात विधायकों के खिलाफ चल रही कार्यवाही बिना




देरी के खत्म हो जाएगी और उनका निलंबन असहमति के आवाज को खत्म करना कतई नहीं है। सुनवाई के दौरान दिल्ली विधानसभा की ओर से पेश वकील सुधीर नंद्राजोग ने कहा कि विधायकों का निलंबन विपक्षी विधायकों के गलत आचरण के खिलाफ स्व-अनुशासन की एक प्रक्रिया है। सात निलंबित विधायकों की ओर से 21 फरवरी को कहा गया था कि विधायकों ने उप-राज्यपाल से मिलकर माफी मांग ली है। इन विधायकों की ओर से पेश वकील जयंत मेहता ने कहा था कि सुप्रीम कोर्ट ये पहले ही कह चुका है कि आप अनिश्चित काल तक किसी को निलंबित नहीं रख सकते हैं। जयंत मेहता ने कहा था कि पहली घटना पर किसी विधायक को तीन दिनों की अधिकतम सजा दी जा सकती है और दूसरी बार सात दिनों की अधिकतम सजा दी जा सकती है। इस मामले में इन विधायकों की ये पहले सजा है, ऐसे में उन्हें तीन दिन से ज्यादा की सजा नहीं दी जा सकती है।

### विधायकों पर उप-राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान बाधा डालने का लगा था आरोप

दरअसल, 15 फरवरी को दिल्ली विधानसभा में उप-राज्यपाल वीके सक्सेना के अभिभाषण के दौरान कथित तौर पर बाधा डालने के आरोप में भाजपा विधायकों मोहन सिंह बिष्ट, अजय महावर, ओपी शर्मा, अभय वर्मा, अनिल वाजपेयी, जीतेंद्र महाजन और विजेंद्र गुप्ता को निलंबित कर दिया गया था। आप विधायक दिलीप पांडेय ने विधानसभा में सातों विधायकों के निलंबन का प्रस्ताव रखा, जिसे पारित कर दिया गया। दिल्ली विधानसभा के स्पीकर रामनिवास गोयल ने विधायकों की ओर से बाधा डालने के मामले को विशेषाधिकार समिति को सौंप दिया था।

## बीजापुर : नक्सलियों ने की भाजपा नेता कैलाश नाग की हत्या, जेसीबी को किया आग के हवाले

**बीजापुर।** जिले के जांगला थानाक्षेत्र अंतर्गत भुरीपांनी के जंगल में आज बुधवार देर शाम नक्सलियों ने धारदार हथियार (कुल्हाड़ी) से एक भाजपा नेता और व्यापारी प्रकोष्ठ के मंडल उपाध्यक्ष कैलाश नाग की हत्या कर दी। साथ ही वन विभाग द्वारा तालाब निर्माण कार्य में लगे जेसीबी को भी आग के हवाले कर दिया। जानकारी के अनुसार, भाजपा नेता कैलाश नाग वन विभाग के तालाब निर्माण कार्य करवा रहा था, इसी दौरान नक्सलियों ने जेसीबी मालिक भाजपा नेता कैलाश नाग का अपहरण के बाद हत्या की वारदात को अंजाम दिया है। बीजापुर एसपी अजय यादव ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि तालाब निर्माण कार्य में लगे एक जेसीबी को अज्ञात व्यक्तियों ने आग लगा दी। घटना स्थल के समीप पगडंडी रास्ते पर जेसीबी मालिक कैलाश नाग की हत्या कर दी गई। घटना के संबन्ध में थाना जांगला में अग्रिम विवेचना की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रपति मुर्मू ने राष्ट्रपति निलयम में आगंतुक सुविधा केंद्र का उद्घाटन किया




**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को वर्चुअली माध्यम से सिकंदराबाद में स्थित राष्ट्रपति निलयम में आगंतुक सुविधा केंद्र (वीएफसी) का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि राष्ट्रपति निलयम में ऐतिहासिक लकड़ी के झंडे की 120 फीट की प्रतिकृति, जय हिंद बावड़ी, भूलभुलैया उद्यान, बच्चों का पार्क और रॉक गार्डन में दिव्य शिव और नंदी बैल की मूर्तियां सहित अपने देश की सांस्कृतिक समृद्धि में डूबने के लिए विभिन्न ऐतिहासिक आकर्षण आगंतुकों को सक्षम बना रहे हैं। वीएफसी हमारे देश की समृद्ध विरासत से लोगों को जोड़ने के लिए एक और महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वीएफसी सभी आगंतुकों के लिए वन-स्टॉप सुविधा के रूप में सेवा करके राष्ट्रपति निलयम में आगंतुक अनुभव को और बढ़ाएगा। राष्ट्रपति ने कहा कि इन आकर्षणों को विकसित करने के पीछे का लक्ष्य युवा, उत्साही परिवर्तनकर्ताओं के एक समुदाय का पोषण करना है, जो हमारे राष्ट्र की समृद्ध विरासत को आगे बढ़ाएंगे।

### रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट हमलावर पर 10 लाख का इनाम किया घोषित

**नई दिल्ली।** बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट मामले में एनआईए ने हमलावर के बारे में जानकारी देने वाले को 10 लाख रुपये के नकद इनाम की घोषणा की है। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। एक मार्च को बेंगलुरू के रामेश्वर कैफे में हुए ब्लास्ट मामले की जांच मंगलवार को गृह मंत्रालय ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंप दी है। एनआईए ने हमलावर का फोटो पोस्टर रूप में जारी किया है। कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर का कहना है कि शहर की पुलिस को मामले में महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं और वह इसे सुलझाने के करीब पहुंच रही है। उल्लेखनीय है कि एक मार्च को व्यस्ततम समय में हुए ब्लास्ट में 10 लोग घायल हो गए थे।

### शार्ट सर्किट से घर में आग लगने से सिलेंडर फटे, दंपति समेत पांच की मौत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के काकोरी थाना क्षेत्र में मंगलवार रात एक घर में शार्ट सर्किट से आग लग गई। आग ने विकराल रूप ले लिया और घर में रखे दो गैस सिलेंडर चपेट में आने से तेज धमाके के साथ फट गए। इस विस्फोट में मकान की छत ढह गई और उसकी चपेट में आकर पति-पत्नी और तीन बच्चों की मौत हो गई है जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस और फायर बिग्रेड की तीन गाड़ियों ने आग पर काबू पाकर रेस्क्यू करते हुए झुलसे लोगों को बाहर निकालकर ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। काकोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत हाता हजरत साहब कस्बा में रहने वाले मुशीर के घर में शॉर्ट सर्किट की वजह से दो सिलेंडरों में बीती रात ब्लास्ट हो गया। इस ब्लास्ट की चपेट में आकर परिवार के नौ लोग घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक मुशीर अली जरदोजी का काम करने के साथ-साथ पटाखा का भी कारोबारी था। पुलिस घटना के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। इस हादसे में मुशीर पुत्र पुत्तू (50) उसकी पत्नी हुस्न बानो (45), रइया पुत्री बबलू (07), अजमद की पुत्री उमा और हिना (02) की मौत हो गई है। झुलसे लोगों में ईशा पुत्री मुशीर(17),लकब पुत्री मुशीर (21), मुशीर के बहनोई अजमद (34) व अनम (18) पुत्री बबलू (मुशीर के भाई) का इलाज ट्रामा सेंटर में चल रहा है।

### कांग्रेस अध्यक्ष ने सुधीर शर्मा को एआईसीसी के सचिव पद से हटाया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को एक बड़ा फैसला लिया, जिसके तहत एआईसीसी के सचिव पद पर तैनात सुधीर शर्मा को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। दरअसल, कांग्रेस ने 27 फरवरी के राज्यसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में क्रॉस वोटिंग करने वाले हिमाचल प्रदेश के छह पार्टी विधायकों में से एक सुधीर शर्मा को सचिव पद से हटा दिया। कांग्रेस ने एक पत्र जारी किया है, जिसके मुताबिक पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सुधीर शर्मा को तत्काल प्रभाव से सचिव पद से हटा दिया है। सुधीर शर्मा इससे पहले तब सुर्खियों में आए थे, जब उन्होंने राज्यसभा चुनाव 2024 के दौरान हिमाचल प्रदेश में पार्टी के खिलाफ बगावत कर दी थी। सुधीर शर्मा धर्मशाला के वरिष्ठ नेता और हिमाचल प्रदेश के पूर्व मंत्री हैं। पार्टी व्हीप का उल्लंघन करने के कारण उन्हें विधायक के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया गया था।

# कांग्रेस नेताओं के साथ आरोपियों की तस्वीरें जारी की

## पाकिस्तान समर्थक नारा मामला

**एजेंसी। बेंगलुरु।** कर्नाटक में पुलिस ने कथित तौर पर पाकिस्तान समर्थित नारा लगाने के मामले में कई आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कर्नाटक भाजपा ने बुधवार को मामले में गिरफ्तार आरोपियों में से एक मोहम्मद शफी नसीपुड़ी की कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के साथ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की। भाजपा का कहना है कि भारत में कांग्रेस ने राष्ट्र विरोधियों की एक समिति बनाई है। कमेटी के सदस्य वे लोग हैं जिन्होंने पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे




लगाए थे। गिरफ्तार आरोपी मोहम्मद शफी के राहुल गांधी और राज्यसभा सदस्य सैयद नसीर हुसैन से संपर्क हैं। वह जब चाहे मुख्यमंत्री सिद्दारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार से भी मिलने की क्षमता रखते हैं।

भाजपा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कांग्रेस नेता चिंतित हैं कि वे राष्ट्र-विरोधी समिति के सदस्य मोहम्मद शफी को नहीं बचा सके। भाजपा ने आरोपी मोहम्मद शफी की सीएम सिद्दारमैया, डीके शिवकुमार, एआईसीसी मीडिया पवन खेड़ा, केपीसीसी के कार्यकारी अध्यक्ष और एमएलसी सलीम अहमद और पीडब्ल्यूडी मंत्री सतीश जारकीहोली के साथ सोशल मीडिया पर तस्वीरें शेयर की।

इस बीच उत्तर कन्नड़ जिले के सिरसी शहर में सीएम सिद्दारमैया ने बुधवार को कहा सरकार किसी निजी संस्था की एफएसएल परीक्षण रिपोर्ट को प्रमाण पत्र नहीं देगी। पाकिस्तान समर्थित नारा मामले में पुलिस विभाग की ओर से दी गई रिपोर्ट अंतिम है। भाजपा नेता प्रतिपक्ष आर अशोक ने पाकिस्तान समर्थक नारा मामले में गिरफ्तार एक और आरोपी मोहम्मद इल्ताज की राहुल गांधी के साथ तस्वीर जारी की।

## कलाकारों ने भारत की विविधता को एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य किया: द्रौपदी मुर्मू



**एजेंसी नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि कला से जुड़ाव हमें सृजनशील बनाता है। कला, सत्य की खोज का मार्ग प्रदान करती है। कला के सानिध्य में हम अध्यात्म और अपने मूल से जुड़ते हैं।

कला, जीवन को सार्थकता प्रदान करती है। कला एवं कलाकारों ने भारत की विविधता को एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य किया है। यह कार्य करके हमारे कलाकारों ने संविधान में निहित मूल कर्तव्यों का पालन भी किया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार को विज्ञान भवन में आयोजित संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार समारोह को संबोधित कर रही थीं। इस अवसर पर द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि संगीत नाटक अकादमी ने पिछले लगभग सात दशकों से विभिन्न कला-विधाओं के प्रोत्साहन एवं प्रचार-प्रसार के लिए योगदान दिया है।

## कटिहार में अपराधियों ने विधायक के भतीजे को गोलियों से भूना



**एजेंसी। कटिहार।** बिहार के कटिहार में बुधवार को हथियारबंद अपराधियों ने विधायक कविता देवी के भतीजे को गोलियों से भून डाला। बताया जा रहा है कि मेडिकल कॉलेज की दहलीज पर पहुंचते ही पीड़ित ने दम तोड़ दिया। मृतक नीरज पासवान, मेयर शिवा पासवान मर्डर केस में नामजद आरोपी था और हाल ही में जमानत पर जेल से बाहर आया था। दरअसल, पूरी घटना नगर थाना क्षेत्र के संग्राम चौक ड्राइवर टोला इलाके की है। आनन-फानन में पीड़ित को इलाज के कटिहार मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, कटिहार पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में स्थानीय लोगों की मदद से वारदात को अंजाम देकर भाग रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चार असलहे को भी बरामद किया गया है।

# बिहार में गठबंधनों की तस्वीर बदलने से सीट बंटवारे को लेकर उलझा गणित

**एजेंसी। पटना।** बिहार में सत्ताधारी एनडीए हो या विपक्षी महागठबंधन, लोकसभा चुनाव में सीट बंटवारे को लेकर दोनों गठबंधनों में गणित उलझा दिख रहा है। भाजपा ने पिछले दिनों भले ही कई राज्यों के लोकसभा क्षेत्रों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। लेकिन, बिहार में अब तक एक भी प्रत्याशी की घोषणा नहीं कर सकी है। महागठबंधन में भी कमोबेश यही स्थिति है। बताया जाता है कि नीतीश कुमार के एनडीए में आने के बाद दोनों गठबंधनों की तस्वीर बदल गई है। भाजपा के नेता बताते भी हैं कि नीतीश कुमार की पार्टी जदयू के एनडीए में नहीं आने के पहले तक स्थितियां करीब-करीब साफ थी, लेकिन



उनके एनडीए में आने के बाद स्थितियां बदल गई हैं।

एनडीए में शामिल हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने बुधवार को कहा कि एनडीए में जल्द सीट बंटवारा हो जाएगा। भाजपा बड़ी राष्ट्रीय पार्टी है और जिताऊ प्रत्याशी को लेकर तलाश की जा रही है, जिसमें समय लग रहा है। उन्होंने कहा कि एक-एक सीट को लेकर मंथन किया जा रहा। हम बिहार की सभी 40 में से 40 सीट जीतेंगे। राजद के नेता तेजस्वी यादव ने मंगलवार को कहा था कि सीट बंटवारे को लेकर चर्चा हो रही है। एनडीए से पहले हमलोग सीट शेयरिंग कर लेंगे। पिछले लोकसभा चुनाव में एनडीए की ओर से भाजपा और जदयू 17-17 तथा लोजपा ने 6 सीटों पर प्रत्याशी उतारे थे, लेकिन, इस बार एनडीए में घटक दलों की संख्या बढ़ गई है। फिलहाल, बिहार में एनडीए में भाजपा, जदयू के अलावा लोजपा (रामविलास), हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा, राष्ट्रीय लोजपा और उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी शामिल है। कहा जा रहा है कि भाजपा के कई सांसदों का टिकट कट सकता है। मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में चुनाव समिति की बैठक हुई थी। बैठक में राष्ट्रीय महामंत्री सह बिहार प्रभारी विनोद तावड़े भी उपस्थित थे। बताया जा रहा है कि विनोद तावड़े ने लोकसभा क्षेत्र के पर्यवेक्षकों से बात की।

बहरहाल, दोनों गठबंधनों में प्रत्याशियों की भी लंबी कतार है और घटक दलों में सीटों को लेकर दावेदारी भी अधिक है। ऐसे में देखने वाली बात होगी की किस दल को कितनी सीटें मिलती है।

## एक नजर

### अनियंत्रित बाइक गिरी, दो घायल

गढ़वा। एनएच-343 गढ़वा-अंबिकापुर मार्ग पर गढ़वा थाना क्षेत्र के अन्नराज नावाडीह गांव के समीप सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल हो गए। घायलों में रंका थाना क्षेत्र के रंका निवासी सत्यम कुमार पिता रविंद्र कुमार एवं अरविंद कुमार पिता शिवकुमार शामिल हैं। दोनों घायलों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। बताया जाता है कि बुधवार को दोनों बाइक से अपने घर जा रहे थे। इस दौरान बोलेरो से साइड लेने के क्रम में अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई। समीपवर्ती लोगों की मदद से दोनों घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### झामुमो नेता ने थाना प्रभारी से की मुलाकात

**भवनाथपुर।** झामुमो के जिला कार्य समित सदस्य सुरेश गुप्ता ने भवनाथपुर थाना प्रभारी कृष्णा कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की। मौके पर बीस सूत्री सदस्य शशि दूबे,संजय ठाकुर,हीरामन राम,जसमुद्दीन अंसारी, राजेंद्र मेहता आदि मौजूद रहे। थाना प्रभारी ने कहा कि नागरिकों के सहयोग से भयमुक्त एवं अपराध मुक्त वातावरण का निर्माण होगा।

### पूर्व बीडीओ कालीदास मुंडा को दी गई भावभीनी विदाई

**चिनियां।** प्रखंड के नए बीडीओ के रूप में शेखर वर्मा ने प्रभार ग्रहण किया। इससे पूर्व एसडीओ के पद पर पदोन्नति हो जाने के कारण धनबाद स्थानांतरित पूर्व बीडीओ कालीदास मुंडा को भावभीनी विदाई दी गयी। प्रखंड व अंचल कर्मियों तथा जन प्रतिनिधियों व समाजसेवियों द्वारा अंग वस्त्र तथा पुष्प गुच्छ देकर उन्हें सम्मनित किया। प्रभार ग्रहण करने के बाद नये बीडीओ श्री वर्मा ने कहा कि सरकार की सभी जनोपयोगी योजनाओं को धरातल पर उतारना प्राथमिकता है। मौके पर एई अनुज कुमार, प्रखंड नाजिर अधिराज टोप्पो, सीआई विनय कुमार, कर्मचारी विनोद दुबे, जिप सदस्य बनारसी सिंह, समाजसेवी मोहम्मद फरीद, झामुमो के अरविंद यादव, उप प्रमुख मोहम्मद फारूक, बेता पंचायत के मुखिया रामेश्वर सिंह मौजूद थे।

### लाभुकों को मिलेगा धोती -साड़ी

**केतार।** केतार प्रखंड के 30 जनवितरण प्रणाली के दुकानों के 11,106 लाभुकों के बीच धोती-साड़ी अथवा लूंगी का वितरण किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी ने कहा की जनवितरण प्रणाली के दुकान में लाभुकों को दस रूपये में धोती-साड़ी अथवा लूंगी दिया जायेगा।

### पेड़ गिरने से बच्चे की मौत

**कांडी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत राणाडीह पंचायत क्षेत्र के घुरुआ गांव में बैर का पेड़ गिरने से सत्येंद्र विश्वकर्मा के 12 वर्षीय पुत्र लवकुश कुमार की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार लवकुश कुमार राजकीय प्राथमिक विद्यालय घुरुआ के पांचवी क्लास का छात्र था। मां कमला देवी ने बताया कि दोपहर तीन बजे स्कूल से छुट्टी होने के बाद वह घर आया। उसके बाद खेलने के लिये घर से बाहर निकला था। इसी दौरान सूचना मिली कि लव कुश के ऊपर बैर का पेड़ गिर गया है। आनन-फानन में बच्चे को जयनगरा गांव के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां जांच के बाद डॉक्टर के द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृतक का पिता सत्येंद्र विश्वकर्मा महाराष्ट्र के नागपुर में मजदूरी का काम करता है। सत्येंद्र विश्वकर्मा के पहुंचने के बाद शव का अंतिम संस्कार किया जाएगा। सूचना पर थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम के नेतृत्व में पुलिस ने भी मौका मुआयना किया। वहीं पंचायत मुखिया ललित बैठा ने भी मृतक के घर पहुंचकर सांत्वना दी। मुखिया के नेतृत्व में अर्जुन विश्वकर्मा, राधेश्याम विश्वकर्मा, शंकर विश्वकर्मा, जयकुमार विश्वकर्मा, अजीत विश्वकर्मा, धर्मेंद्र विश्वकर्मा, उदय शर्मा, लालू राम, उदय कुमार मेहता, ललू साह, जोखन राम, घूरन राम, अवध राम सहित दर्जनों ग्रामीणों ने हस्ताक्षर कर कर पोस्टमार्टम नहीं कराने पर सहमति जताई है।

## पड़ोसियों ने महिला के साथ की मारपीट, घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** भवनाथपुर थाना क्षेत्र के बघमनवां गांव निवासी नुरैशा बीबी पति अली हसन अंसारी के साथ उसके पड़ोसियों ने डायन बिसाही पड़ोसी डायन होने का आरोप लगाकर आये दिन उन्हें प्रताड़ित करते हैं। मंगलवार की रात में पड़ोसी नेयाजुद्दीन अंसारी, उसकी पत्नी सजीमा बीबी के साथ तमन्ना बीबी, खुशबून बीबी, मुश्ताक अंसारी आदि ने नुरैशा बीबी पर बर्तन चोरी करने एवं डायन होने का आरोप लगाते हुए उसके घर में घुसकर हमला बोल दिया। उसने बताया कि तीन मार्च को भी उक्त लोगों ने मारपीट की थी। शिकायत के बाद भी पुलिस द्वारा मामला दर्ज नहीं किये जाने से हमलावरों का मनोबल बढ़ा हुआ है।



एवं चोरी करने का आरोप लगाते हुये मारपीट की। घायल महिला का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस संबंध में नुरैशा बीबी ने बताया कि उसे छह पुत्रियां हैं। बेटा नहीं होने के कारण उसके

### मुकुन्दपुर पंचायत सचिवालय में ग्राम सभा का आयोजन

## मजदूरों ने मुखिया से मांगा रोजगार

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी के निर्देश पर बुधवार को मुकुन्दपुर पंचायत सचिवालय में जन योजना अभियान के तहत ग्राम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया मुंगा साह ने की। जन योजना अभियान 2024-25 के लिए वार्षिक योजना तैयार करने हेतु विभिन्न योजनाओं को सुचिबद्ध किया गया। इसमें पंद्रहवें वित्त, पीसीसी सड़क,नाली निर्माण, मनरेगा योजना अंतर्गत मेडबंदी, टीसीबी, आम बागवानी, तालाब,डोभा, सिंचाई कूप,पशु शेड सहित अन्य योजनाओं को लिया गया। इस दौरान मनरेगा मजदूरों ने मुखिया मुंगा साह से मनरेगा योजना के तहत गांव में काम की मांग की। मजदूरों ने कहा कि पिछले कई महीनों से उन्हें मनरेगा योजना में काम नहीं मिल रहा है। इससे उन्हें घर परिवार चलाने में परेशानी हो रही है। इस पर मुखिया ने कहा कि गांव के मजदूरों को गांव में ही रोजगार उपलब्ध कराने के लिए जल्द मनरेगा योजना का कार्य शुरू कराया जायेगा। इसीलिए सभी गांवों में ग्राम सभा कराकर योजनाओं को सूचीबद्ध किया जा रहा है। इस मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष संजय सिंह खरवार,पंचायत सचिव आदित्य कुमार, प्रभारी बीपीओ दीपक जायसवाल, वार्ड सदस्य धर्मेन्द्र सिंह , राजा प्रसाद, सुरजन गुप्ता, विरेन्द्र लाल, सुदामा सिंह, नैना देवी, अनिता देवी, सुखाड़ी साह, हीरामन साह,विवेक गुप्ता मौजूद थे।



**जन योजना अभियान 2024-25 के लिए वार्षिक योजना तैयार करने हेतु विभिन्न योजनाओं को सुचिबद्ध किया गया**

## मुखिया पति की बीडीओ से शिकायत

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के परसोडीह गांव निवासी शंकर राम ने प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी और थाना प्रभारी रौशन कुमार को आवेदन देकर मुखिया पति पर दुर्व्यवहार व धमकी देने की शिकायत की है। आवेदन में उन्होंने उल्लेख किया है कि चार मार्च को पंचायत सचिवालय परसोडीह में जन योजना अभियान के तहत ग्राम सभा का आयोजन किया गया था। ग्राम सभा में मुखिया बसंती देवी के स्थान पर उनके पति कलेंदर पासवान बैठे थे। इस दौरान उनको देखते ही उन्होंने दुर्व्यवहार करते हुये कहा कि चापानल मरम्मती का भुगतान नहीं होगा। जहां जाना हो वहां जाओ। ग्राम सभा में हमको देखते ही मुखिया पति दुर्व्यवहार करने लगे, बोले की तुमको जहां जाना है जाओ चापानल मरम्मती का भुगतान नहीं होंगा। शंकर ने बताया कि घर के समीप स्थित चापानल की मरम्मती पंचायत सचिव के निर्देश पर कराया था। जिसका भुगतान नहीं किया जा रहा है। उन्होंने भुगतान कराने और मुखिया पति पर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

**ग्रामीण ने दुर्व्यवहार व धमकी देने का लगाया आरोप**



### लेजर शो के साथ चार दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव का समापन, उमड़े लोग

## स्वतंत्रता सेनानियों की बदौलत देश गुलामी की जंजीरों से मुक्त

नवीन मेल संवाददाता

गढ़वा। गोविंद उच्च विद्यालय (नीलांबर-पीतांबर बहुउद्देशीय सांस्कृतिक भवन, टाउन हॉल) के मैदान पर मंगलवार की संध्या आयोजित लेजर शो के साथ चार दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव का समापन किया गया। ज्ञात हो कि गढ़वा में गत तीन मार्च को आयोजित पांच बड़ी योजनाओं के सीएम द्वारा लोकार्पण के बाद गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर की ओर से चार दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन कराया गया था। लेजर शो के माध्यम से सर्वप्रथम गढ़वा के वीर शहीद नीलांबर-पीतांबर की जीवनी का प्रदर्शन किया गया। उसके बाद कई देशभक्ति गानों का लेजर शो के माध्यम से प्रर्दशन किया गया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि हमारे वीर शहीद नीलांबर-पीतांबर सहित अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों की शहादत के बाद आज हम आजाद भारत में जिंदगी जी रहे हैं। जिन स्वतंत्रता सेनानियों ने अपनी जान की कुबार्नी दे कर भारत मां को गुलामी की जंजीरों से आजाद कराया है, ऐसे सभी वीर शहीदों को शत-शत नमन है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चौबे, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू, अनिता दत्त, दिलीप गुप्ता उपस्थित थे।



**लेजर शो के माध्यम से सर्वप्रथम गढ़वा के वीर शहीद नीलांबर-पीतांबर की जीवनी का प्रदर्शन किया गया। उसके बाद कई देशभक्ति गानों का लेजर शो के माध्यम से प्रर्दशन किया गया**

**हमारे वीर शहीद नीलांबर-पीतांबर सहित अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों की शहादत के बाद आज हम आजाद भारत में जिंदगी जी रहे हैं: श्री ठाकुर**

### स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों ने सुनाई व्यथा

खरौंधी। अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी के परिजनों ने प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर बीडीओ रविंद्र कुमार को केंद्र तथा राज्य सरकार से मिलने वाली बुनियादी एवं लोक कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने संबंधी मांग पत्र सौंपा। संघ के अध्यक्ष रामबली राम ने बताया कि अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन में देश के लाखों लोगों ने स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया था। देश को आजाद करने में अपने प्राणों की आहुति दी थी। स्वतंत्रता सेनानियों को उम्मीद थी कि उनकी मृत्यु के बाद उनके परिजनों को को सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक अधिकार केंद्र तथा राज्य सरकार के द्वारा प्रदान किया जाएगा। परंतु वर्तमान समय में सब कुछ स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों के विपरीत हो रहा है। जिससे स्वतन्त्रता सेनानियों के परिजनों के मन में सरकार के प्रति आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने बीडीओ का ध्यान आकृष्ट कराते हुये इस संबंध में तत्काल समुचित कदम उठाये जाने की मांग की है। इस संबंध में बीडीओ रविंद्र कुमार ने बताया कि वरीय पदाधिकारियों से वार्ता कर उनकी मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार किया जायेगा। इस दौरान स्वतंत्रता सेनानी के परिजन जगदेव पासवान, चंद्रदेव बैठा, कुलदीप सिंह, झरी सिंह, श्याम नारायण सिंह, रामाटन साह, रामसेवक साह, ब्रजेश गुप्ता, नागेंद्र पासवान, धनीप साह उपस्थित थे।



## न्याय मिलने तक जारी रहेगा आंदोलन

**झामुमो ने गरबांध में निकाला न्याय मार्च, जताया आक्रोश**



### सामूहिक विवाह के नाम पर चंदा उगाही

इस दौरान पूर्व विधायक श्री देव ने विधायक भानू प्रताप शाही पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि सामुहिक विवाह के नाम पर पूरे क्षेत्र में चंदा उगाही की गई है। आम जन के पैसे से नाच गाना कराना शर्म की बात है। इससे सामाजिक कार्य की महत्ता भी कम हो रही है।

**श्रीबंशीधर नगर।** झामुमो द्वारा गरबांध में न्याय यात्रा का आयोजन किया गया। पंचायत के पाटगढ़ से राजा तालाब तक मार्च में सैकडों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान केंद्रीय एजेंसी के विरोध और हेमंत सोरेन के समर्थन में जमकर नारेबाजी की गयी। राजा तालाब के समीप आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुये पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार के इशारे पर केंद्रीय एजेंसियां विपक्षी पार्टी के नेताओ को परेशान कर रही है। झूठे केस में फंसाकर विपक्ष के नेताओ को दबाने का काम किया जा रहा है। यह लोकतंत्र की हत्या है। जबकि सबसे अधिक भ्रष्टाचार में लिप्त भाजपा के ही लोग हैं, किंतु उन पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि जब तक न्याय नही मिल जाता, झामुमो का आंदोलन जारी रहेगा। कार्यक्रम के दौरान 21 लोग झामुमो में शामिल हुए। सभी को पूर्व विधायक ने पार्टी में स्वागत किया। कार्यक्रम को अनुमंडल अध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय,पूर्व मुखिया सोहन उरांव, अमरनाथ पांडेय,दिनेश यादव, जितेश गुप्ता,जितेंद्र वर्मा, रंजीत यादव, धर्मेंद्र गुप्ता, जितेंद्र राम सहित कई लोगों ने संबोधित किया। मौके पर नीतीश चंद्रवंशी, रामजन्म चंद्रवंशी, परिखन उरांव, किरण देवी, झालो देवी, दामोदर साह, प्रभु उरांव, नीतीश चंद्रवंशी, अशोक यादव, ओमनाथ गुप्ता, नंदू ठाकुर, कुचिया देवी मौजूद थे।

## श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात करना ही राम कथा का मर्म

**नवीन मेल संवाददाता**

**कांडी।** सतबहिनी झरना तीर्थ में आयोजित 24वें मानस महायज्ञ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। अहले सुबह यज्ञशाला की परिक्रमा करने के लिये भक्तों का तांता लगा है। आठवें दिन के प्रवचन सत्र में श्रीराम कथा को उसके सही परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत कर समाज में व्याप्त कूरीतियों व भ्रांतियों का उन्मूलन करते हुये पं. अखिलेश मणि शांडिल्य ने कहा कि 90 फीसदी लोग राम के नाम पर फिदा हैं, लेकिन राम के काम से उनको कोई मतलब नहीं है। राम की कथा राम के लिए नहीं, भरत की भरत के लिए नहीं व हनुमान की कथा हनुमान के लिए नहीं है। सुधरना कथा का श्रवण करने वालों को है। उन्होंने कहा कि श्रीराम के आदर्शों का अनुसरण ही सही मायने में राम कथा का मर्म है। आचार्य धर्मराज शास्त्री ने कहा कि सतबहिनी विकास समिति के लोगों ने यहां प्रयागराज के त्रिवेणी को साकार कर दिया है। इसका लाभ नहीं लें पाएं तो हमारा दुर्भाग्य है। कथा को सामाजिक संदर्भ देते हुए कहा कि शहरों में तुलसी का पौधा लगाना लोग अपमान समझ रहे। उन्हें पता नहीं है कि गरुड़ पुराण में लिखा है कि जिस घर में सुबह शाम तुलसी के पौधे की आरती होती हो वहां अकाल मृत्यु का प्रवेश नहीं होता है। वृंदावन की देवीशिखा चतुर्वेदी ने कहा कि ठाकुर जी व बालक की सेवा अवश्य करनी चाहिये। मोथा रोहतास के पं. सत्येंद्र कुमार पाठक उर्फ मुन्ना पाठक ने भी श्रीराम कथा कही।

### कृषि उत्पादन बाजार समिति की हालत खस्ता, व्यापारियों को होती है परेशानी

## करोड़ों का कारोबार, बुनियादी सुविधायें भी मयस्सर नहीं

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला मुख्यालय स्थित कृषि उत्पादन बाजार समिति में प्रतिदिन एक करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार होता है। इसके बाद भी यहां व्यापारियों के लिए बुनियादी सुविधाएं नहीं हैं। परिसर में निर्मित विशालकाय गड्ढों की चपेट में आने से आये दिन लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं, पर बाजार समिति प्रबंधन को इससे कोई लेना-देना नहीं है। लोगों का कहना है कि जो बाजार समिति कभी अन्य क्षेत्रों में विकास कार्य व सुविधाओं का विस्तार करता था। दूसरों को फंड उपलब्ध कराता था। आज उसकी खुद की स्थिति दयनीय है। दुकानें और गोदाम जर्जर हो चुके हैं। सड़कें कीचड़ में तब्दील हो चुकी हैं। यहां आने वाले किसान इसी स्थिति में अपने उत्पाद लेकर बैठने को मजबूर हैं। बाजार समिति में फल, सब्जी, अनाज व किराने के सामानों का प्रतिदिन एक करोड़ रुपये का करोबार होता है। बाजार समिति में समीपवर्ती छतीसगढ़, यूपी एवं बिहार के व्यापारी भी पहुंचते हैं। यहां बड़े पैमाने पर कई राज्यों से प्रतिदिन दर्जनों ट्रक आलू, फल और अनाज का आवक होता है। यहां से आस-पास के बाजारों के अलावे समीपवर्ती राज्यों में भी सामान पहुंचता है,लेकिन व्यापारियों को सुविधा के नाम पर कुछ नहीं है।



### वर्षों से नहीं हुई मरम्मत

कृषि उत्पादन बाजार समिति परिसर में भवन, गोदाम व दुकानें अत्यंत जर्जर स्थिति में हैं। वर्षों से इनकी मरम्मत न होने से कई भवन गिरने की स्थिति में पहुंच गये हैं। सड़कों की स्थिति भी बदतर है। इससे ग्राहक, व्यापारी, किसान सबको परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बोर्ड द्वारा फंड उपलब्ध नहीं कराये जाने के कारण परिसर की स्थिति दिन-प्रतिदिन बदतर होती जा रही है।

### कम होती जा रही आमदनी

कृषि उत्पादन बाजार समिति परिसर में कुल 24 गोदाम व 150 दुकानें हैं। इनमें से ज्यादातर की स्थिति जर्जर है। साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था न होने से परिसर में आने वालों को बहुत परेशानी होती है। मालूम हो कि जिले के कुल 38 हाट बाजारों की बंदोबस्ती से बाजार समिति को प्रतिवर्ष 3.5 करोड़ रुपये की आमदनी होती थी, जो अब पूरी तरह से बंद हो गयी है। इधर अब इस मामले में कृषि उत्पादन बाजार समिति के विपणन सचिव से बाजार परिसर में सुविधाओं, विकास, कमियां, क्षेत्रफल व आवश्यकता के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट की मांग की गयी है।

### मंत्री से मिला है आश्वासन : अध्यक्ष



बाजार समिति व्यवसायी संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता उर्फ फंटूस ने बताया कि बाजार समिति में सुविधाओं को बहाल करने को लेकर उन्होंने स्थानीय विधायक सह राज्य के मंत्री मिथिलेश ठाकुर से मुलाकात की है। मंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया है कि शीघ्र ही इस बारे में ठोस कदम उठाया जायेगा।

### सुविधाओं को लेकर प्रस्ताव भेजा गया है

इस संबंध में पूछे जाने पर विपणन सचिव राहुल कुमार ने बताया कि परिसर में सुविधाओं का अभाव है। सड़कें भी जर्जर हैं। इन सब को लेकर उन्होंने बोर्ड को प्रस्ताव भेजा है, लेकिन अब तक कोई जबाब नहीं आया है। उन्होंने कहा कि परिसर में बने गड्ढे को शीघ्र भरवाया जायेगा ताकि व्यापारियों को परेशानी न हो।

**आयोजन** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में परिवार नियोजन कार्यक्रम, दी गयी जानकारी

## जनसंख्या वृद्धि पर रोक के प्रति महिलाओं में जागरूरता जरूरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गढ़वा के सभागार में बुधवार को परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत एएनएम एवं सीएचओ के लिये एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसमें आइयूसीडी, पीपीआइयूसीडी, अंतरा आदि को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में बतौर प्रशिक्षक डीआरसीएचओ डा.संध्या टोपनो, सीएचसी गढ़वा के एमओआइसी डा.संजय कुमार सिंह, आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डा.गौरव विक्रम एवं डा.नादिया उपस्थित थे। मौके पर प्रशिक्षकों ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण के लिए महिलाओं में जागरुकता लाना जरूरी है। परिवार नियोजन के उपायों के बारे में महिलाओं को समुचित जानकारी देकर ही परिवार नियोजन कार्यक्रम सफल होगा। उन्होंने कहा कि बच्चों के बीच अंतर रखने के लिए आइयूसीडी, पीपीआइयूसीडी, अंतरा आदि का उपयोग किया जा सकता है। इससे महिलाएं एवं बच्चे दोनों ही स्वस्थ रहेंगे। मौके पर बीएएम प्रेममणि सुधांशु, एलटी रंजीत कुमार सिन्हा, एएनएम ललिता कुमारी, रिंकी कुमारी, एलेना होरो, पूजा प्रकाश, ललिता देवी आदि उपस्थित थीं।




**प्रशिक्षकों ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण के लिए महिलाओं में जागरुकता लाना जरूरी है। परिवार नियोजन के उपायों के बारे में महिलाओं को समुचित जानकारी देकर ही परिवार नियोजन कार्यक्रम सफल होगा।**

## आंगनबाड़ी केंद्र अधूरा नौनिहालों को परेशानी

**नवीन मेल संवददाता**

**केतार।** प्रखंड के सात पंचायतों में जिला कल्याण विभाग की ओर से 16 आंगनबाड़ी केंद्र भवन का निर्माण कार्य वर्ष 2021 में शुरू कराया गया था, लेकिन दो वर्ष से अधिक समय होने के बाद विभागीय लापरवाही और लाभुकों द्वारा कार्य में दिलचस्पी नहीं लेने व भुगतान लंबित होने के कारण इसका निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है। फिलहाल पाचाडूमर और कोसडिहरा गांव में दो आंगनबाड़ी केंद्र भवन का निर्माण कार्य ही पूर्ण हुआ है। आंगनबाड़ी में पढ़ने वाले नौनिहालों और आंगनबाड़ी सेविका को भी इससे बहुत परेशानी झेलनी पड़ रही है। उल्लेखनीय है कि छह लाख 12 हजार रुपए की लागत से बनने वाला आंगनबाड़ी भवन विभागीय अधिकारियों और प्रखंड कर्मियों की उदासीनता के कारण दो वर्ष से भी अधिक समय होने के बाद भी पूर्ण नहीं हो पाया है। प्रखंड के अधिकतर आंगनबाड़ी केंद्र भाड़े के रूम या झोपडीनुमा घर में संचालित हो रहे हैं।



# राष्ट्रीय चैंपियनशिप महत्वपूर्ण घरेलू टूर्नामेंट : अध्यक्ष

**एजेंसी। नई दिल्ली।** सभी की निगाहें आगामी 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2024 पुणे पर होंगी। जहां भारत के शीर्ष हॉकी खिलाड़ी और उभरते सितारे अपनी-अपनी राज्य टीमों का प्रतिनिधित्व करते हुए सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।

हॉकी इंडिया के चयनकर्ता आगामी राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए मुख्य संभावित खिलाड़ियों को चुनने के लिए यहां खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर करीब से नजर रखेंगे। अब ध्यान 2026 में एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप की योग्यता को ध्यान में रखते हुए खिलाड़ियों का एक मजबूत पूल बनाने पर होगा।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने बुधवार को एक आधिकारिक बयान में कहा हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप एक बहुत ही महत्वपूर्ण घरेलू टूर्नामेंट है। जहां हमें विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से नई प्रतिभाएं उभरती हुई देखने को मिलेंगी। इस साल 28 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से हमारी भागीदारी होगी।



जिसमें भारतीय टीम के सदस्य अपने संबंधित राज्यों का प्रतिनिधित्व करेंगे। हॉकी इंडिया के चयनकर्ता सभी खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर बारीकी से नजर रखेंगे और उनकी सिफारिश के आधार पर एक नए कोर ग्रुप का चयन किया जाएगा।

उन्होंने आगे इस बात पर जोर दिया कि मौजूदा भारतीय टीम के खिलाड़ियों के लिए भी, 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2024 में अच्छा प्रदर्शन कोर ग्रुप में अपनी जगह बनाए रखने के लिए जरूरी है।

उन्होंने कहा कोई भी खिलाड़ी कोर ग्रुप में अपनी जगह पक्की नहीं कर सकता। हर किसी को जगह बनाने के लिए अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता से प्रदर्शन करना होगा। हमें अब 2026 में एफआईएच महिला विश्व कप के लिए क्वालीफिकेशन बनाने और लॉस एंजिल्स ओलंपिक की ओर बढ़ने पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। भारत में काफी प्रतिभा है। राष्ट्रीय चैंपियनशिप नई प्रतिभाओं की पहचान करने का एक महत्वपूर्ण मंच है और हमें उन्हें सामने लाने के लिए घरेलू ढांचे को और मजबूत करने की जरूरत है।

हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा हम घरेलू कैलेंडर में कुछ नये टूर्नामेंट शुरू करने पर विचार कर रहे हैं। खासकर महिला हॉकी के विकास के लिए। हमारे पास पहले से ही एक पुनर्गठित राष्ट्रीय चैंपियनशिप है लेकिन हम महिलाओं के लिए एक घरेलू लीग शुरू करने पर भी काम कर रहे हैं जो महत्वाकांक्षी खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और राष्ट्रीय कार्यक्रम में अपनी जगह बनाने का अवसर दे सकती है। अब समय आ गया है कि पुनर्निर्माण किया जाये और भविष्य में निवेश पर ध्यान केंद्रित किया जाये।

# नंबर-1 पर बुमराह, हेजलवुड और लियोन को मिली बढ़त










**एजेंसी। दुबई।** आईसीसी ने नई टेस्ट रैंकिंग जारी कर दी है। इसमें ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड और नाथन लियोन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरूआती मैच में अपने प्रदर्शन के बाद रैंकिंग में शीर्ष भारतीय गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के काफी करीब पहुंच गए हैं।

भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह रांची में इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट से बाहर रहने के बावजूद टेस्ट गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं जबकि न्यूजीलैंड के खिलाफ वेलिंगटन में अपने प्रदर्शन के दम पर जोश हेजलवुड (एक स्थान ऊपर चौथे स्थान पर) और ऑफ स्पिनर नाथन लियोन (दो स्थान ऊपर छठे स्थान पर) पहुंच गए हैं।

वेलिंगटन में शुरूआती टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की 172 रन की जीत में इस ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने कुल 14 विकेट लिये। हेजलवुड ने प्रत्येक पारी में न्यूजीलैंड के दो विकेट चटकाए, जबकि लियोन ने कुल मिलाकर 10 विकेट चटकाए जिससे बेसिन रिजर्व में ऑस्ट्रेलिया का दबदबा रहा।

बल्लेबाजी चार्ट में ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज कैमरून ग्रीन शीर्ष 20 में पहुंच गए हैं। उनके नाबाद शतक के बाद ऑस्ट्रेलिया ने वेलिंगटन में पहले टेस्ट में न्यूजीलैंड को 172 रनों से हराया था। पहली पारी में नाबाद 174 रन बनाने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए ग्रीन 22 पायदान ऊपर 23वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

वेलिंगटन में शून्य और 9 के स्कोर के बावजूद न्यूजीलैंड के बल्लेबाज केन विलियमसन बल्लेबाजी चार्ट में शीर्ष पर बने हुए हैं। जबकि स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड और मार्नस लाबुशेन रैंकिंग में नीचे खिसक गए हैं। स्मिथ 31 और शून्य के स्कोर के बाद एक स्थान नीचे तीसरे नंबर पर आ गए हैं। 2014 के बाद पहली बार वह 800 रेटिंग अंक से नीचे गए हैं। लाबुशेन सिर्फ तीन रन बनाने के बाद दिसंबर 2019 के बाद पहली बार शीर्ष 10 से बाहर हो गए हैं।

हेड के भी एक पायदान खिसकने से भारत के बल्लेबाजों विराट कोहली (एक पायदान ऊपर आठवें), यशस्वी जायसवाल (दो पायदान ऊपर 10वें) और रोहित शर्मा (दो पायदान ऊपर 11वें) को रैंकिंग में फायदा हुआ है।

## डब्ल्यूपीएल

### शबनीम इस्माइल ने फेंकी महिला क्रिकेट इतिहास की सबसे तेज गेंद



**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका की तेज गेंदबाज शबनीम इस्माइल ने पहली बार 130 किमी प्रति घंटे की बाधा को पार करते हुए करते हुए महिला क्रिकेट के इतिहास में सबसे तेज गेंद फेंकी है। इस्माइल ने मंगलवार को दिल्ली में अपनी टीम मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच डब्ल्यूपीएल मैच में 132.1 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से गेंद फेंकी थी, जिसे ब्रॉडकास्ट पर स्पीड-गन ने रिकॉर्ड किया था। यह मैच के तीसरे ओवर की दूसरी गेंद थी जिसे इस्माइल ने कैपिटल्स की कप्तान मेग लैनिंग को फुल बॉल फेंकी, जो गेंद चूक गई और फ्रंट पैड पर लगी। मुंबई ने एलबीडब्ल्यू की अपील की लेकिन इसे ठुकरा दिया गया।

# खेलो इंडिया के एथलीट अब सरकारी नौकरियों के लिए पात्र होंगे : अनुराग



**एजेंसी। नई दिल्ली।** केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को कहा कि केंद्र ने सरकारी नौकरी चाहने वाले खिलाड़ियों और खेलो इंडिया गेम्स के पदक विजेताओं के लिए पात्रता मानदंड में संशोधन किया है। इन नौकरियों के लिए खेलो इंडिया यूथ, यूनिवर्सिटी, पैरा और विंटर गेम्स के पदक विजेता पात्र होंगे।

ठाकुर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह कदम प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत खेल पारिस्थितिकी तंत्र के दृष्टिकोण और भारत को एक खेल महाशक्ति बनाने के लिए एथलीटों के समर्थन में एक महत्वपूर्ण प्रगति को ध्यान में रखते उठाया गया है।

खेलमंत्री ने बुधवार को एक्स पर लिखा खिलाड़ियों के लिए बड़ी घोषणा! हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के एक मजबूत खेल पारिस्थितिकी तंत्र, जमीनी स्तर पर प्रतिभा का पोषण करने और खेल को एक आकर्षक और व्यवहार्य कैरियर विकल्प में बदलने के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए, खेलो इंडिया एथलीट अब सरकारी नौकरियों के लिए पात्र होंगे। मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग और खेल मंत्रालय के परामर्श से, सरकारी नौकरी चाहने वाले खिलाड़ियों के लिए पात्रता मानदंड में प्रगतिशील संशोधन किए हैं!

उन्होंने आगे कहा यह अभूतपूर्व कदम अब खेलो इंडिया गेम्स- यूथ, यूनिवर्सिटी, पैरा और विंटर गेम्स के पदक विजेताओं को सरकारी नौकरियों के लिए पात्र बनाता है। इसके अतिरिक्त, विभिन्न खेलों में समावेशिता सुनिश्चित करने के लिए खेलों और आयोजनों को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है। ये संशोधित हैं ये नियम भारत को एक खेल महाशक्ति बनाने में हमारे एथलीटों का समर्थन करने में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतीक हैं।

खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 29 फरवरी को संपन्न हुए, जिसमें चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने 32 स्वर्ण, 18 रजत और 21 कांस्य पदक सहित कुल 71 पदकों के साथ विजेता ट्रॉफी हासिल की।

वहीं भारतीय सेना लद्दाख में आयोजित खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों के चौथे संस्करण की समग्र विजेता बनकर उभरी।

# चेतन देवराज मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू



**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** 31वें चेतन देवराज मेमोरियल ईस्ट जोन इंटर टेक्निकल क्रिकेट टूनार्मेंट की शुरूआत बुधवार को कुलपति डॉ इंद्रनील मन्ना ने बल्लेबाजी कर की। आज के उद्घाटन मैच के पहले मुकाबले में उषा मार्टिन विश्वविद्यालय ने बीआईटी पटना को हराया। आज के दूसरे मैच में सरला बिरला विश्वविद्यालय ने बीआईटी देवघर को हराया।

आज उषा मार्टिन के अमन ने 30 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। पटना के अनिकेत ने मुकाबला करते हुए 37 रन बनाए, पर टीम को जीत नहीं दिला सके और 17 रन से उषा मार्टिन ने मैच जीत लिया। वहीं, दूसरे मुकाबले में सरला बिरला विवि 90 रन से जीत गया। एक अन्य मैच में बीआईटी लालपुर का मुकाबला निफ्ट से हुआ। इसमें निफ्ट ने बीआईटी लालपुर को पराजित किया। इस प्रकार सरला बिरला विवि, उषा मार्टिन विवि और निफ्ट ने जीत दर्ज की।

आज के उद्घाटन समारोह में मुख्य रूप से पूर्व रणजी खिलाड़ी सब्बीर हुसैन और सचिन मौजूद थे। उद्‌घाटन समारोह में डीन डोफा डॉ भास्कर कर्ण, डॉ महेंद्र कुमार, डॉ संदीप शाहदेव, डॉ गौतम संदेलिया, राम महल, दुर्गा चरण, मनोज कुमार, एसपी सिंह और राणा प्रताप मिश्रा सहित बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

# दिव्यांगों को दिया जा रहा उचित प्लेटफॉर्म : सुदेश

## सेकेंड ईस्ट जोन दिव्यांग टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का रंगारंग उद्‌घाटन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ऑफ इंडिया से एफिलिएटेड इंडियन क्रिकेट फेडरेशन फॉर डिसएबल इंडिया और झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन फॉर डिफरेंटली एबल्ड के तत्वावधान में दूसरी पूर्वी क्षेत्र दिव्यांग क्रिकेट चैंपियनशिप का आयोजन रांची के मेकॉन स्टेडियम में हो रहा है। इस प्रतियोगिता में पूर्वी भारत की पांच टीमें भाग ले रही हैं। बुधवार को टूनार्मेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व उपमुख्यमंत्री और आजसू पार्टी के प्रमुख सुदेश कुमार महतो, विशिष्ट अतिथि आदिल हुसैन खेल मैनेजर, सीसीएल, अमित कुमार बेहरा, सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी एनटीपीसी, रवि शंकर, निर्देशक एआईएम कोचिंग सेंटर, मोनिका आर्य, अध्यक्ष संभव ट्रस्ट ने किया। मौके पर सुदेश कुमार महतो ने कहा कि अब दिव्यांगों को उचित प्लेटफार्म दिया जा रहा है। इस मौके पर दिव्यांगों ने कई रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये। इस टूर्नामेंट में जेके इंटरनेशनल द्वारा बेस्ट प्लेयर अवार्ड के रूप में होंडा एक्टिवा दिया जा रहा है। बेस्ट बॉलर, बेस्ट बैट्समैन, बेस्ट फील्डर, बेस्ट विकेटकीपर को भी इनामी राशि और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा।

मौके पर झारखंड डिसएबल स्पोर्ट्स एंड वेलफेयर एकेडमी के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने कहा कि आपको भगवान ने कुछ अलग होने का सामर्थ्य दिया है, आप इसका सही उपयोग करें। झारखंड डिसएबल स्पोर्ट्स एंड वेलफेयर एकेडमी के सचिव आफताब आलम ने कहा कि इस प्रतियोगिता के आयोजक खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय झारखंड पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग और सहयोग नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन, अदाणी पावर, मेकॉन लिमिटेड, शिव शिष्य परिवार, सुधा डेयरी, एआईएम कोचिंग सेंटर, सीएमपीडीआई, सीसीएल, केनरा बैंक, इंडियन बैंक, पारस एचईसी हॉस्पिटल, मेकॉन और जेके इंटरनेशनल स्कूल हैं। इस मौके पर झारखंड डिसएबल एंड वेलफेयर सोसाइटी के सह सचिव मुकेश कुमार दुबे भी उपस्थित थे।

आज का पहला मैच पश्चिम बंगाल और असम के बीच खेला गया। पश्चिम बंगाल ने टॉस जीत कर पहले बैटिंग की और 15 ओवर में दो विकेट खोकर 177 रन बनाए। तुषार पॉल 41 बॉल में शानदार 70 रन बनाकर नाबाद रहे। सुबोध घोष 39, उप्पल मजूमदार 27 और संदीप लाल ने 19 रन बनाए। जवाब में असम की टीम 14.5 ओवर में 45 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। उत्पल मजूमदार, प्रकाश छेत्री, संदीप लाल ने दो-दो विकेट हासिल किए। मैन ऑफ द मैच पश्चिम बंगाल के तुषार पॉल रहे।

दूसरा मैच बिहार और ओडिशा के बीच हुआ। बिहार की टीम पहले बैटिंग करते हुए 15 ओवर में 50 रन बनाकर और ऑल आउट हो गई। वकार 25, कुणाल 16 रन बनाए। ओडिशा की तरफ से राजेश और सुहैल ने तीन तीन विकेट लिए। बाद में बैटिंग करते हुए ओडिशा की टीम ने 11.2 ओवर में 2 विकेट पर 86 रन बना लिये और मैच जीत लिया। ओडिशा की तरफ से सोमनाथ 33 एवं भारत 28 रन बनाए। मैन ऑफ द मैच राजेश चुने गए। गुरुवार को टूर्नामेंट में तीन मैच होंगे।

# रणजी राष्ट्रीय खिलाड़ियों को कभी-कभी बुनियादी चीजों को फिर से खोजने का मौका देता है : सचिन



**एजेंसी। नई दिल्ली।** महान भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने कहा कि रणजी ट्रॉफी में खेलने से राष्ट्रीय खिलाड़ियों को बुनियादी बातों की ओर लौटने का मौका मिला है, साथ ही घरेलू टूर्नामेंट के स्तर को भी बढ़ावा मिला।

तेंदुलकर ने घरेलू क्रिकेट को समान प्राथमिकता देने की भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की पहल की भी सराहना की। बीसीसीआई ने इस महीने की शुरूआत में 2023-24 सीजन के लिए अनुबंधों की घोषणा की। ईशान किशन और श्रेयस अय्यर वार्षिक खिलाड़ी अनुबंध सूची से बाहर किए गए दो सबसे बड़े नामों में से थे।

तेंदुलकर ने मंगलवार रात एक्स पर पोस्ट किया बड़े होते हुए, हमारे ड्रेसिंग रूम में लगभग 7-8 भारतीय खिलाड़ी थे और उनके साथ खेलना मजेदार था। जब भारत के खिलाड़ी अपनी घरेलू टीमों के लिए खेलते हैं तो इससे युवाओं के लिए खेल की गुणवत्ता बढ़ जाती है और कभी-कभी नई प्रतिभा की पहचान होती है। यह राष्ट्रीय खिलाड़ियों को कभी-कभी बुनियादी बातों को फिर से खोजने का मौका देता है। समय के साथ घरेलू टूर्नामेंटों में भाग लेने वाले शीर्ष खिलाड़ियों के साथ प्रशंसक भी अपनी घरेलू टीमों का अनुसरण करना और उनका अधिक समर्थन करना शुरू कर देंगे। बीसीसीआई को घरेलू क्रिकेट को प्राथमिकता देते हुए देखना अद्भुत है।

नागपुर में दूसरे रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल मैच के चौथे दिन विदर्भ अपने गेंदबाजों और यश राठौड़ और अक्षय वखारे की साहसिक पारियों की मदद से मध्य प्रदेश पर थोड़ी बढ़त बनाए हुए दिख रहा है। मैच पूरी तरह से तैयार है और मध्य प्रदेश को जीत के लिए 93 रनों की जरूरत है और उसके आखिरी चार विकेट बाकी हैं।

सचिन ने रणजी मैच पर कहा रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल रोमांचक रहा है! मुंबई को फाइनल में पहुंचने में शानदार बल्लेबाजी की मदद मिली जबकि दूसरा सेमीफाइनल अंतिम दिन तक अधर में लटका हुआ है - मध्य प्रदेश को जीत के लिए 90 रनों की जरूरत है, विदर्भ को 4 विकेट की जरूरत है। अपने पूरे करियर के दौरान, जब भी मुझे मौका मिला, मैं मुंबई के लिए खेलने के लिए उत्सुक रहा।

## टेनिस में वापसी को लेकर उत्सुक सिमोना



**नई दिल्ली।** पूर्व विंबलडन चैंपियन सिमोना हालेप खेल मध्यस्थता अदालत (सीएएस) द्वारा उनके चार साल के प्रतिबंध को घटाकर 9 महीने करने के बाद नए जोश के साथ टेनिस में वापसी करने के लिए उत्सुक हैं। इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन इंडिपेंडेंट ट्रिब्यूनल ने हालेप को डोपिंग रोधी नियम उल्लंघन का दोषी पाया था और पिछले सितंबर में उन पर चार साल का बैन लगाया था लेकिन अब इस बैन को कम कर दिया गया है। अब जल्द दौरे पर लौटने के लिए स्वतंत्र है।

# अस्मिता खेलो इंडिया योगासन प्रतिस्पर्धा के लिए झारखंड टीम उत्तर प्रदेश रवाना




**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में अस्मिता खेलो इंडिया योगासन प्रतिस्पर्धा का आयोजन 8 से 10 मार्च को होगा। इसमें भाग लेने के लिए पूजा नायक के नेतृत्व में योगासन झारखंड की टीम धनबाद रेलवे स्टेशन से रवाना हुई। संघ के महासचिव विपिन कुमार पांडे ने सभी खिलाड़ियों को विदा किया। अस्मिता खेलो इंडिया वीमेंस लीग केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं को खेल के क्षेत्र में सशक्त बनाने के लिए पिछले दो वर्षों से प्रारंभ की गई है। टीम के बेहतर प्रदर्शन के लिए झारखंड योगासन के सभी सदस्यों ने अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

## खबरें व्यापार जगत की

# आरबीआई ने क्रेडिट कार्ड के नियमों में किया बदलाव

**एजेंसी। नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने क्रेडिट कार्ड जारी करने और उसके इस्तेमाल से जुड़े नियमों में बदलाव किया है। इससे क्रेडिट कार्ड लेते वक्त आपको अपने हिसाब से कार्ड नेटवर्क चुनने की सहूलियत मिलेगी।

रिजर्व बैंक ने बुधवार को क्रेडिट कार्ड नेटवर्क और कार्ड जारीकर्ता बैंक और एनबीएफसी के लिए नई गाइड लाइन जारी की है। आरबीआई की नई दिशा-निर्देश के अनुसार अब कार्ड जारीकर्ता को अपने ग्राहकों को क्रेडिट कार्ड जारी करते समय एक से ज्यादा कार्ड नेटवर्क में से चुनने का ऑप्शन देना होगा। बैंकों को ग्राहक से पूछना होगा कि उन्हें किस नेटवर्क का क्रेडिट कार्ड चाहिए।

आरबीआई की नई गाइड लाइन के मुताबिक मौजूदा कार्डधारकों के लिए यह विकल्प अगले नवीनीकरण के समय प्रदान किया जा सकता है। यह निर्देश 10 लाख से कम सक्रिय कार्ड वाले क्रेडिट कार्ड जारीकताओं पर लागू नहीं होंगे। आरबीआई ने कहा कि जारी करते समय ग्राहकों की पसंद के बारे में यह नियम अधिसूचना की तारीख से छह महीने तक प्रभावी रहेंगे। मौजूदा समय में भारत में पांच कार्ड नेटवर्क कंपनियां- वीजा, मास्टर कार्ड, रूपे, अमेरिकन एक्सप्रेस और डायनर क्लब हैं। इन कंपनियों का अलग-अलग फाइनेंशियल इंस्टिट्यूशन के साथ टाइअप है। इस कारण ग्राहक को अपने पसंद का कार्ड नेटवर्क चुनने का ऑप्शन नहीं मिलता है। कुछ कार्ड नेटवर्क क्रेडिट कार्ड पर अन्य के मुकाबले ज्यादा सालाना फीस चार्ज करते हैं। ऐसे में अगर कोई बैंक आपको एक से ज्यादा कार्ड नेटवर्क का ऑप्शन नहीं देता है, तो आपको मजबूरी में वहीं नेटवर्क चुकाना होगा जिस पर ज्यादा फीस है। वहीं, एक से ज्यादा कार्ड नेटवर्क का ऑप्शन मिलेगा तो आप अपनी जरूरत, इसकी फीस और नेटवर्क पर मिलने वाली सुविधा के आधार पर सही ऑप्शन का चुनाव कर सकेंगे।

दुनिया की सबसे बड़ी कार्ड कंपनी वीसा है। यह 200 से ज्यादा देश और टेरिटरी में मौजूद है। इसका बाजार पूंजीकरण 489.50 अरब डॉलर (करीब 40 लाख करोड़ रुपये) है। वीसा के बाद दूसरी सबसे पॉपुलर कैशलेस पेमेंट कंपनी मास्टरकार्ड है। यह विश्व के 150 देशों में मौजूद है, जिसका मार्केट कैप 372.55 अरब डॉलर करीब 30 लाख करोड़ रुपये है। एक रिपोर्ट के अनुसार अप्रैल, 2023 तक भारत में 8.6 करोड़ क्रेडिट कार्ड प्रचलन में थे।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में नामांकन कराने वाले किसानों की संख्या 27 फीसदी बढ़ी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के तहत चालू वित्त वर्ष 2023-24 में किसानों के नामांकन की संख्या में 27 फीसदी का इजाफा हुआ है। इस योजना के तहत पिछले 8 साल में 56.80 करोड़ किसानों के आवेदन नामांकित किए गए हैं। कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि पीएमएफबीवाई के कार्यान्वयन के पिछले 8 साल में 56.80 करोड़ किसानों के आवेदन नामांकित किए गए हैं। इनमें से 23.22 करोड़ से ज्यादा कृषक आवेदकों को अपने दावे का भुगतान मिला। इस दौरान किसानों ने प्रीमियम के अपने हिस्से के रूप में करीब 31,139 करोड़ रुपये चुकाए, जिसके आधार पर उन्हें 1,55,977 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया गया। मंत्रालय के मुताबिक प्रधानमंत्री फसल बीमा स्कीम एक मांग आधारित योजना है। यह राज्यों के साथ-साथ किसानों के लिए भी स्वैच्छिक है। वित्त वर्ष 2021-22 और वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान किसान आवेदनों की संख्या में साल-दर-साल क्रमशः 33.4 फीसदी और 41 फीसदी की वृद्धि हुई है। इसके अलावा वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान अब तक इस योजना के तहत नामांकित किसानों की संख्या में 27 फीसदी की वृद्धि हुई है। इसके साथ ही वित्त वर्ष 2023-24 में योजना के तहत बीमित कुल किसानों में से 42 फीसदी गैर-ऋणी किसान हैं।

# केंद्र ने कर्नाटक में हाईवे प्रोजेक्ट के लिए 2,675 करोड़ रुपए मंजूर किये

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि बागलकोट में राष्ट्रीय राजमार्ग-748ए के बेलगाम-हुंगुंड-रायचूर खंड को 4-लेन करने के लिए 2,675.31 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है। कर्नाटक में बेलगावी जिले में यह पहल कुल 92.4 किमी की लंबाई तक फैली हुई है और इसे हाइब्रिड वार्षिकी मोड के माध्यम से कार्यान्वित किया जाएगा जिसमें सार्वजनिक-निजी भागीदारी शामिल है। मंत्री ने कहा कि यह उपक्रम पणजी-हैदराबाद आर्थिक गलियारे का एक अभिन्न अंग है। यह आर्थिक गलियारा 10 परियोजना पणजी सहित प्रमुख औद्योगिक केंद्रों को जोड़ती है, जो मत्स्य पालन, पर्यटन, कृषि और दवा उद्योगों के लिए प्रसिद्ध है। राजमार्ग परियोजनाओं में निजी डेवलपर्स की रुचि को पुनर्जीवित कर देश में सड़कों के निर्माण में तेजी लाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) के निर्माण के लिए हाइब्रिड वार्षिकी मॉडल (एचएएम) लागू किया जा रहा है। इस निजी-सार्वजनिक भागीदारी (पीपीपी) मोड के तहत, परियोजना लागत का 40 प्रतिशत सरकार देगी और शेष 60 प्रतिशत ब्याज के साथ परिचालन अवधि के दौरान वार्षिकी भुगतान के रूप में भुगतान किया जाएगा।

# आर्थिक सलाहकार पद के लिए 16वें वित्त आयोग ने आवेदन आमंत्रित किये

**नई दिल्ली।** 16वें वित्त आयोग ने प्रतिनियुक्ति या अनुबंध के आधार पर आर्थिक सलाहकार के पद के लिए आवेदन आमंत्रित किये हैं। यह 7वें केंद्रीय वेतन आयोग (सीपीसी) के वेतन मैट्रिक्स के लेवल पर संयुक्त सचिव स्तर का पद है। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को जारी बयान में बताया कि 16वां वित्त आयोग ने प्रतिनियुक्ति या अनुबंध के आधार पर 7वें सीपीसी के वेतन मैट्रिक्स लेवल-14 (संयुक्त सचिव स्तर) पर आर्थिक सलाहकार के पद के लिए आवेदन आमंत्रित किये हैं। मंत्रालय के मुताबिक 16वें वित्त आयोग ने आर्थिक सलाहकार के पद के लिए योग्यता, नौकरी की जिम्मेदारियां, परिलब्धियां और आवेदन पत्र अपनी वेबसाइट सर्कुलर EA Vacancy-Annexure II.docx (live.com) पर अपलोड कर दी है। योग्य उम्मीदवार इसके लिए आवेदन कर सकते हैं।

# घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या 8-13 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद : आईसीआरए

**नई दिल्ली।** आपूर्ति श्रृंखला चुनौतियों और इंजन विफलताओं का सामना करने के बावजूद भारतीय विमानन उद्योग आने वाले वर्षों में नई ऊंचाइयाँ छूने के लिए तैयार है। प्रमुख क्रेडिट रेटिंग एजेंसी आईसीआरए की हालिया रिपोर्ट में यह बात कही गई है। आईसीआरए ने अपनी रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या में उल्लेखनीय 8-13 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया है, जो कोविड-पूर्व के स्तर से कहीं ज्यादा है। रिपोर्ट के अनुसार विकास की यह गति वित्त वर्ष 2025 तक जारी रहने की उम्मीद है, जो हवाई अड्डे के बुनियादी ढांचे में सुधार के साथ-साथ अवकाश और व्यावसायिक यात्रा दोनों की बढ़ती मांग से प्रेरित है। इसके अलावा, वित्त वर्ष 2023-24 और वित्त वर्ष 2024-25 में अनुमानित 7-12 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर के साथ भारतीय विमान सेवा कंपनियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों की संख्या में जोरदार उछाल की उम्मीद है। आईसीआरए ने बताया कि इस प्रकार यह महामारी से पहले के स्तरों को पार कर जायेगी।

# हर परिवार को मिलेगा रोटी, कपड़ा और मकान





**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अब राज्य की सभी बेटियों को सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ मिलेगा। देश में पहली बार, हमारी सरकार वैसी विधवा महिलाओं को पुनर्विवाह के लिए प्रोत्साहित कर रही है, जिनकी जिन्दगी शायद कहीं थम सी गई है। सीएम ने कहा कि अब हर परिवार को रोटी, कपड़ा और मकान दिया जाएगा, उसके साथ में शिक्षा और स्वास्थ्य की सुविधा भी मिलेगी। कोई भी इन सुविधाओं से वंचित नहीं होगा। उक्त बातें बुधवार को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने खेलगांव में सर्वजन पेंशन योजना की शुरूआत करते हुए कही। सीएम ने कहा कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को

## बेटियों को सबल बनाना सरकार का लक्ष्य

हर सुविधा दिया जाएगा, जिससे छोटे बच्चों को कुपोषण से बचाया जा सके। बच्चों को छोटी अवस्था से ही शारीरिक मजबूती के लिए उन्हें पौष्टिक भोजन आंगनबाड़ी केंद्रों में ही उपलब्ध कराएं जाएंगे। मुख्यमंत्री ने भाजपा पर निशाना साधते कहा कि डबल इंजन की सरकार ने राज्य को काफी पीछे धकेल दिया। यहां के आदिवासियों, मूलवासियों, दलित, अल्पसंख्यक लोगों के प्रति कोई हमदर्दी नहीं था, जिसके कारण ये लोग लगातार पिछड़ते चले गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला बाल विभाग एवं समाजिक सुरक्षा विभाग की मंत्री बेबी देवी ने कहा कि सर्वजन पेंशन योजना शुरू करना हेमंत सोरेन का सपना था, जो आज पूरा हो गया। राज्य सभा सांसद महुआ माजी ने कहा कि राज्य को अव्वल बनाने का जो सपना हेमंत सोरेन ने देखा था, उसे मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन बखूबी पूरा कर रहे हैं। सांसद ने कहा कि झारखंड मानव तस्करी के लिए बदनाम था, हमारी महिलाएं कमठ हैं, लेकिन सबल बनाने की दिशा में कोई पहल नहीं की गई, अब मुख्यमंत्री समाज सुधारने के साथ महिलाओं को मजबूती देने के लिए सराहनीय प्रयास कर रहे हैं।

# खरकई डैम प्रोजेक्ट को पूरा किया जाना चाहिए : हाई कोर्ट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में सरायकेला के खरकई डैम प्रोजेक्ट में छह हजार करोड़ से अधिक राशि खर्च किए जाने के बाद राज्य सरकार द्वारा इसे बंद करने पर आपत्ति जताते हुए संतोष कुमार सोनी की दायर जनहित याचिका की सुनवाई बुधवार को हुई। मामले में हाई कोर्ट में भू राजस्व विभाग के सचिव हाजिर हुए। उन्होंने खरकई डैम प्रोजेक्ट के लिए जमीन अधिग्रहण के संबंध में जानकारी दी। कोर्ट ने उन्हें शपथ पत्र दाखिल कर बताने को कहा कि अभी इस प्रोजेक्ट के लिए और कितने जमीन के अधिग्रहण का काम बचा है और इसके लिए कितनी राशि आपके पास बची है। जल संसाधन विभाग के अधीक्षण अभियंता ने कोर्ट को बताया कि जमीन अधिग्रहण पर स्थानीय ग्रामीणों के विरोध के कारण इस प्रोजेक्ट को पूरा करने में बाधा हो रही है। इस पर कोर्ट ने मौखिक कहा कि आपस में मिलजुल कर इसका समाधान निकाला जाना चाहिए। इस प्रोजेक्ट के लिए 6100 करोड़ रुपये खर्च हो चुका है। इतनी राशि खर्च होने के बाद इसे आधा में नहीं रोका जाना चाहिए। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 20 मार्च निर्धारित की है। पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा था कि छह हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च करने के बाद खरकई डैम प्रोजेक्ट को वर्ष 2020 में एक पत्र लिखकर इस प्रोजेक्ट को क्यों बंद कर दिया गया था? उल्लेखनीय है कि वर्ष 1978 में एकीकृत बिहार, उड़ीसा एवं पश्चिम बंगाल सरकार के बीच एक त्रिपक्षीय समझौता हुआ था।

# अंकिता राय बनी गिरिडीह मुख्यालय वन की डीएसपी

## 42 डीएसपी का तबादला

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** राज्य सरकार ने 42 डीएसपी का तबादला किया है। इस संबंध में गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने मंगलवार देर रात अधिसूचना जारी कर दी है। जैप-6 के डीएसपी जयश्री कुजूर को रेल डीएसपी जमशेदपुर, जैप-3 के डीएसपी सुमित सौरभ लकड़ा को एसडीपीओ मधुपुर, सराकेला मुख्यालय डीएसपी चंदन कुमार वत्स को रामगढ़ मुख्यालय डीएसपी, बोकारो यातायात डीएसपी पूनम मिंज को जैप-10 डीएसपी, रांची यातायात डीएसपी कपिद्र उरांव को जैप-5 का डीएसपी बनाया गया हैं।

सिमडेगा मुख्यालय डीएसपी पतरस बिरुआ को जैप-4, आईआरबी-1 के डीएसपी मजरुल होदा को जैप-8, गुमला के डीएसपी अभियान मनीष कुमार को चक्रधरपुर डीएसपी रेल, एसडीपीओ लेस्लीगंज आलोक कुमार टूटी को जैप-2, रांची की सीसीआर डीएसपी अंकित राय को गिरिडीह मुख्यालय वन का डीएसपी, जैप-1 डीएसपी जयप्रकाश नाग को जैप-2, जैप-7 के डीएसपी तालो सोरेन को एसआईआरबी-1, जैप-7 के डीएसपी शशिकांत सुधाशू कुजूर को विशेष शाखा, जैप-9 के डीएसपी अलबिनुस बाड़ा को जंगल वारफेयर स्कूल नेतरहाट, जैप-10 के डीएसपी मो परवेज आलम को एसीबी, आईआरबी-3 अरुण कुमार तिर्की को एसीबी, आईआरबी-4 के डीएसपी नोवेल कुजूर एसटीएफ, आईआरबी-4 के डीएसपी प्रदीप पॉल कच्छप को एटीएस, आईआरबी-5 के डीएसपी अमित कुमार कच्छप को मुख्यालय डीएसपी देवघर, जैप-8 के डीएसपी बेनेडिक्ट मरांडी का आईआरबी-10, आईआरबी-3 के डीएसपी महावीर शिलांद किडो रेल आईजी कार्यालय, आईआरबी-3 के डीएसपी श्रीराम समद को सीसीआर रांची, आईआरबी-5 के डीएसपी अशोक कुमार सिंह एटीएस, जैप-1 के डीएसपी शिवेंद्र को मुख्यालय डीएसपी चाईबासा, जैप-4 के डीएसपी विनोद कुमार महतो एसीबी, जैप-9 के डीएसपी विजय कुमार कुशवाहा को मुख्यालय डीएसपी साहिबगंज, आईआरबी-3 के डीएसपी जितेंद्र कुमार पाकुड़ मुख्यालय डीएसपी, आईआरबी-9 के डीएसपी संजय कुमार को एटीएस, एसीबी के डीएसपी समीर कुमार तिर्की को लोहरदगा मुख्यालय डीएसपी, सीआईडी डीएसपी नीरज कुमार सिंह को एसडीपीओ खोरी महुआ, विशेष शाखा के डीएसपी आशीष कुमार महली को बोकारो यातायात, साहेबगंज मुख्यालय डीएसपी संजीव कुमार मिश्रा को एसडीपीओ साहिबगंज, एसीबी डीएसपी विमलेश कुमार त्रिपाठी को एसडीपीओ राजमहल, गोड्डा मुख्यालय डीएसपी राजेद्र दुबे को जैप-7, एसडीपीओ राजमहल अनिल कुमार सिंह को आईजी कार्यालय रांची, एसडीपीओ छतरपुर अवध कुमार यादव को सिमडेगा मुख्यालय डीएसपी, एसडीपीओ सरायकेला दिलीप खलखो को एसडीपीओ पाकुड़, एसडीपीओ पाकुड़ प्रदीप उरांव को सरायकेला मुख्यालय, एसडीपीओ बरही नौशाद आलम को एसडीपीओ छतरपुर, एसडीपीओ खोरी महुआ साजिद जफर को एसआईएसबी बोकारो, एसीबी डीएसपी नितिन खंडेलवाल को एटीएस और एसीबी डीएसपी संतोष कुमार मिश्र को एसडीपीओ सरायकेला के पद पर तबादला किया गया है।

# आशाराम बापू के भक्तों ने निकाला जन जागृति मौन मार्च

## रिहा करने के लिए राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन




**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** 86 वर्षीय वयोवृद्ध संत आशारामजी बापू के गंभीर स्वास्थ्य के चलते उन्हें अनुकूल व बेहतर त्वरित उपचार व उनकी शीघ्र रिहाई की मांग को लेकर राजधानी रांची में हजारों की संख्या में बापू के भक्त साधक भाई-बहनों का जूटान बुधवार को हुआ। देशव्यापी कार्यक्रम के तहत छगनलाल धर्मशाला लेक रोड के समीप से कचहरी रोड होते हुए मौन यात्रा निकाली गयी। जो राजभवन तक गयी। सैंकड़ों पुरूष- महिलाओं-बच्चों ने हाथों में होंर्डिंग-बैनर तख्ता लेकर बापू के रिहाई की मांग को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। बापूजी निर्दोष है बापू को रिहा करो, सच के साथ जो खड़ा नहीं हुआ हमारा नेता नहीं, बापू का केस बोगस जैसे अनेक नारे लगाए गए। सरकार होश में आओ। योग वेदांत सेवा समिति व महिला मंडल के तत्वाधान में राजभवन के पास जाकर राज्यपाल को राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इसके जरिये बापू को शीघ्र न्याय दिलाने ओर वर्तमान में स्वास्थ्य की स्थिति को देखते हुए उन्हें तुरंत जमानत या पैरोल देने की मांग की गयी। हजारों साधक भाई बहनों ने एक साथ कहा कि अगर सरकार अविलंब बापू को रिहा करने की कार्रवाई नहीं करती तो आगामी लोकसभा चुनाव में देशभर के 15 करोड़ से अधिक साधक, भाई बहन उन्हें सबक सिखाएगी, वोट का बहिष्कार भी करेगी।

वर्तमान सरकार को हम वोट नहीं देंगे दागी व्यक्तियों को भ्रष्टाचारियों को सरकार अपने में शामिल करके उनकी न्यायिक प्रक्रिया को छोटी कर देती है और तुरंत उन्हें सुविधा प्रदान करती है। यह पाक साफ हो जाते हैं। न्यायपालिका भी जनहित में राष्ट्रहित में मामलों को संज्ञान में लेती है। सरकार और न्यायपालिका से अनुरोध है कि पूज्य संत आसाराम बापू के बढ़ती हुई उम्र को देखते हुए 40 बार पैरोल की अपील की गई लेकिन पैरोल नहीं दी गई। यह अभी षड्यंत्र नहीं लगता है। रैली में कई महिलाओं के आंखो से आंसू भी छलक पड़े थे। बता दें कि, देशभर में 17 हजार से अधिक युवा सेवा संध, 1400 योग वेंदांत समिति, 2000 से अधिक महिला मंडल अभी संचालित हैं। इस अवसर पर योग वेदांत सेवा समिति के अध्यक्ष धमेंद्र तिवारी ने कहा कि सरकार को अविलंब हमारी आवाज को सुनना चाहिए और बापू को रिहा करने की कार्रवाई करनी चाहिए। धर्म की राजनीति करने वाली सरकार यह मालूम होना चाहिए। राम मंदिर के नाम पर जो जनता को गुमराह किया जा रहा है। सरकार द्वारा उन्हें मालूम होना चाहिए कि पूज्य संत आसाराम जी बापू लोगों के हृदय में राम को स्थापित किए हैं।

# नवप्रोन्नत 78 और प्रतीक्षारत 31 डीएसपी को मिली पोस्टिंग

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** राज्य सरकार से नवप्रोन्नत 78 डीएसपी की पोस्टिंग की है। इन डीएसपी का सीआईडी विशेष शाखा सहित अन्य पुलिस विंग में तैनाती की गई हैं। साथ ही 31 प्रतीक्षारत डीएसपी को भी पदस्थापित किया गया है। गृह विभाग ने इससे संबंधित अधिसूचना मंगलवार देर रात जारी कर दिया है।

जारी अधिसूचना के अनुसार राजभल्लव पासवान को एसआईएसएफ बोकारो, लक्ष्मण प्रसाद को सीसीआर देवघर, अरुणा मिश्रा को जैप 6 जमशेदपुर, प्रमोद सिंह को आईआरबी 1 जामताड़ा, अशोक पासवान को जैप 9 साहिबगंज, अनिल एक्का को एसीबी रांची, अटल सांडिल को एसीबी रांची, किशोर तिर्की को आईआरबी 9 गिरिडीह, गोवर्धन उरांव को आईआरबी 6 गुमला, अजीत अरुण एक्का को एसीबी रांची, सुधीर सुरीन को स्पेशल ब्रांच रांची, मुनू टुडू को एसीबी रांची में तैनात किया गया है।

नलिन कुमार मरांडी को जेएपीटीसी पदमा, अर्जुन पूर्ति को स्पेशल ब्रांच रांची, रफायल मुर्मू को स्पेशल ब्रांच रांची, चंद्रमोहन हांसदा को सीआईडी रांची, रामजी महतो को स्पेशल ब्रांच रांची, अलबिनुस इंदवार को एसीबी रांची, प्रकाश टोप्पो को स्पेशल ब्रांच रांची, अनूप बीपी केरकेट्टा को आईआरबी 9 गिरिडीह, संतोष कुमार को एसटीएफ रांची, दीपाली नायक को जैप 10 होटवार, मनोज कुमार सिंह को सीसीआर हजारीबाग, सतीश सिन्हा को सीआईडी रांची, श्रीनिवास सिंह को स्पेशल ब्रांच रांची, जय गोविंद प्रसाद गुप्ता को रेल धनबाद, रमाकांत तिवारी को सीआईडी रांची में तैनात किया गया है।

# सिंहभूम में कांग्रेस के लिए आसान नहीं है जीत

## गीता कोड़ा को टक्कर देने के लिए दमदार चेहरे की तलाश







**उपेंद्र गुप्ता। रांची।** जैसे-जैसे लोकसभा 2024 का चुनाव नजदीक आता जा रहा है, वैसे-वैसे सरगर्मी भी बढ़ती जा रही है। लोकसभा चुनाव के लिए सभी पार्टियां जोश शोर से तैयारी कर रही है। अब प्रत्याशियों के नाम भी फाइनल किए जाने लगे हैं। झारखंड के सिंहभूम लोकसभा सीट की बात करें तो कोल्हान प्रमंडल का ये सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। यह सीट कभी झारखंड पार्टी का गढ़ हुआ करती थी. लेकिन बदलते वक्त के साथ लोगों के विचार भी बदले और अब यहां के लोग किसी एक पार्टी या फिर उम्मीदवार पर वैसा भरोसा नहीं दिखाते हैं।

सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र से बीजेपी ने अपने उम्मीदवार का एलान करते हुए कांग्रेस से उनकी पार्टी में शामिल हुईं गीता कोड़ा पर भरोसा जताया है। 2019 में जिस प्रचंड मोदी लहर को रोक कर गीता कोड़ा ने तत्कालीन भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मण गिलुवा को हराया था। 2024 में उसी मोदी लहर पर सवार होकर गीता कोड़ा फिर से सांसद बनने की तैयारी में जुटी है। ऐसे में यहां पर चुनाव काफी दिलचस्प होने वाला है।

गीता कोड़ा पूर्व सीएम मधू कोड़ा की पत्नी है, मधू कोड़ा के जेल जाने के बाद राजनीति में उतरी और पहले ही विधानसभा चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में जीत दर्ज की। फिर 2014 लोकसभा चुनाव में लक्ष्मण गिलुवा से चुनाव हार गई, लेकिन 2019 में जीत दर्ज कर सांसद बनीं। मधू कोड़ा और गीता कोड़ा का कोल्हान में अपना जनाधार है। कोल्हान के आदिवासियों के बीच कोड़ा दंपति का जबरदस्त पकड़ है, जिसके कारण ही कोड़ा दंपति हर चुनाव जीतते रहे हैं। कोड़ा दंपति जिस के साथ हैं, जीत की गारंटी लगभग मानी जाती है।

### कोड़ा दंपति और भाजपा दोनों को एक-दूसरे की जरूरत

2019 में पार्टी की हार से सेबक लेते हुए भाजपा इस बार सिंहभूम सीट हर हाल सें जीतना चाहती थी लेकिन लक्ष्मण गिलुवा के निधन के बाद भाजपा को वैसा दमदार प्रत्याशी नहीं मिल रहा था। जो गीता कोड़ा को टक्कर दे सके इसलिए भाजपा के कई बड़े नेता कोड़ा दंपति के साथ पिछले कई माह से संपर्क में थे। गीता कोड़ा कांग्रेस में रहकर भी जीत सकती थी लेकिन इस बार उन्हें गठबंधन से ही भीतरघात का सामना करना पड़ सकता था। जिसका अंदेशा कोड़ा दंपति को अच्छी तरह पता था। उसके बाद कांग्रेस से भी उन्हें कोई खास उम्मीद नहीं थी। कांग्रेस में गीता कोड़ा प्रदेश सांसद के साथ कार्यकारी अध्यक्ष भी थी लेकिन पार्टी के बैठकों में बहुत कम बुलाया जाता था, जिससे भी उनकी नाराजगी थी। दूसरी तरफ पीएम नरेंद्र मोदी की तीसरी जीत लगभग तय माना जा रहा है,जिससे पूरा देश वाकिफ हैं। वैसे में कोड़ा दंपति ने कांग्रेस में रहने के बजाय भाजपा में जाना बेहतर समझा। मतलब भाजपा और कोड़ा दंपति दोनों को एक-दूसरे की जरूरत थी, नतीजा दोनों एक दूसरे के हो गये।

### सांसद पत्नी के साथ मधू कोड़ा ने की भाजपा में वापसी

यहां यह बताना भी जरूरी है कि मधू कोड़ा ने भाजपा से ही अपनी राजनीति एक मजदूर नेता के रूप में शुरू की थी, बाद में विधायक और मंत्री भी बनें, मधू कोड़ा का तब और आज भी संघ के नेताओं से काफी बेहतर संबंध था, लेकिन 2005 में मंत्री पद पर रहते हुए उनका टिकट काट दिया गया, जिसके बाद ने निर्दलीय मैदान में उतरें और जीत दर्ज की, फिर अर्जुन मुंडा की सरकार में मंत्री बन गए, लेकिन कुछ समय बाद अचानक अर्जुन मुंडा सरकार से समर्थन वापस लेकर देश के पहले निर्दलीय सीएम बन गए थे, तब से वे भाजपा से दूर थे, लेकिन बदली परिस्थिति में मधू कोड़ा ने फिर से भाजपा में वासपी कर ली।

### कांग्रेस के पास दमदार चेहरे की कमी

भाजपा में गीता कोड़ा के शामिल होने से कोल्हान में कांग्रेस को काफी जोर का झटका लगा है, आदिवासियों के कद्दावर नेता बागुन सुम्बुरूई के निधन के बाद कोड़ा दंपति ने कांग्रेस पार्टी में शामिल होकर जान फूंक दी थी, 2019 में यदि कोड़ा दंपति कांग्रेस में चुनाव नहीं लड़ती तो कांग्रेस के लिए सीट जीतना काफी मुश्किल होता, जैसा 2014 में हुआ था, तब निर्दलीय प्रत्याशी होकर भी गीता कोड़ा ने भाजपा को टक्कर दी थी।

### सिंहभूम सीट नहीं छोड़ना चाहती कांग्रेस

सिंहभूम कांग्रेस का गढ़ रहा है इसलिए कांग्रेस किसी भी हाल में अपनी दावेदारी नहीं छोड़ना चाहती है। गीता कोड़ा के पर्ची छोड़ने के बाद भी अपना प्रत्याशी उतारने की कवायद में जुटी है। कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधू तिर्की ने भी चाईबासा दौरे में कार्यकर्ताओं को चुनाव के लिए तैयारी में जुट जाने का निर्देश कर साफ कर दिया कि सिंहभूम से कांग्रेस ही प्रत्याशी देगी लेकिन प्रत्याशी कौन होगा। इस पर कुछ नहीं कहा। सिंहभूम सीट में सरायकेला, चाईबासा, मझगांव, जगनाथपुर, चक्रधरपुर और मनोहरपुर छह विधानसभा सीट है, खरसावां का एक प्रखंड की शामिल है। सभी विधानसभा सीट पर गठबंधन का कब्जा है।

## संक्षिप्त खबरें

### सांसद गीता कोड़ा की मां के निधन पर प्रदेश भाजपा ने जताया शोक

**रांची।** प्रदेश भाजपा ने सिंहभूम की सांसद गीता कोड़ा की मां के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह,नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने शोक प्रकट करते हुए आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। नेताओं ने कहा कि ईश्वर परिजनों को इस दुख की घड़ी में धैर्य एवम साहस प्रदान करें। रिम्स में बुधवार अहले सुबह इलाज के दौरान गीता कोड़ा की माता का निधन हो गया था। वह लम्बे समय से बीमार थीं।

### निवेश कुमार के खिलाफ ईडी ने किया आरोप पत्र दायर

**रांची।** प्रतिबंधित संगठन पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप से दो करोड़ की ठगी करने वाले निवेश कुमार के खिलाफ ईडी ने ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में बुधवार को आरोप पत्र दाखिल किया है। निवेश कुमार दिनेश गोप का आर्थिक सलाहकार रहा है। ईडी ने यह जानकारी दी है कि निवेश दिनेश गोप का फंड मैनेज करता था और पीएलएफआई द्वारा लेवी के रूप में वसूली की गई राशि को अलग-अलग जगह इन्वेस्ट करने में मदद करता था। विदेशी हथियार दिलाने के नाम पर निवेश कुमार ने दिनेश गोप से दो करोड़ों की ठगी की थी। विदेशी अत्याधुनिक हथियार की तस्वीर वीडियो कॉल के माध्यम से दिखाकर निवेश कुमार ने दिनेश गोप से ठगी की थी। उल्लेखनीय है कि छह जनवरी 2022 को नक्सल विरोधी अभियान के दौरान निवेश कुमार को धुर्वा थाना क्षेत्र से पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

### महिला की हत्या मामले में सौतन और उसके भाई को उम्रकैद

**रांची।** अपर न्यायायुक्त एमके वर्मा की अदालत ने बुधवार को महिला की हत्या के दोषी भाई-बहन सुभाष महतो और मिमता देवी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत में मृतका के पति धनराज महतो को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। उल्लेखनीय है कि कांके थाना क्षेत्र में धनराज महतो की दूसरी पत्नी अंजू देवी की हत्या धनराज महतो की पहली पत्नी मिमता देवी ने अपने भाई सुभाष महतो के साथ मिलकर कर दी थी। धनराज महतो की दोनों पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता था। 13 जनवरी 2001 को पहली पत्नी ने अपने भाई के साथ मिलकर हत्या की घटना को अंजाम दिया था। मामले को लेकर मृतका के पिता ने अपने दामाद धनराज महतो, उसकी पहली पत्नी और उनके भाई के खिलाफ कांके थाना में एफआईआर दर्ज कराया था। अभियोजन की ओर से 11 गवाहों की गवाही हुई। जबकि बचाव पक्ष की ओर से एक गवाह प्रस्तुत किया गया था।

### राज्य बिजली वितरण निगम के तकनीकी अधिकारियों के तबादले

**रांची।** झारखंड बिजली वितरण निगम ने क्षेत्रीय तकनीकी महाप्रबंधकों का तबादला किया है। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गयी है, जिसके मुताबिक छतरपुर के वरीय प्रबंधक तकनीकी राम गोपाल राम को स्थानांतरित करते हुए वरीय प्रबंधक तकनीकी विद्युत आपूर्ति अंचल साहेबगंज में पदस्थापित किया गया है। निगम मुख्यालय में पदस्थापित वरीय प्रबंधक तकनीकी शोभन सिंह को वरीय प्रबंधक तकनीकी छतरपुर में स्थानांतरित किया गया है। नगर उंटारी में कनीय अभियंता रहे धनंजय प्रसाद को राजखरसावां विद्युत आपूर्ति प्रशाखा जमशेदपुर पदस्थापित किया गया है। तकनीकी महाप्रबंधक संजय सिंह को उप महाप्रबंधक पावर परचेस का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इसके साथ संजय सिंह महाप्रबंधक वाणिज्यिक के कार्यों का वहन भी करेंगे। इस संबंध में निगम मुख्यालय की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गयी है। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों जीएम वाणिज्यिक के पद पर कार्यरत अधिकारी ऋषि नंदन का आकस्मिक निधन हो गया था, जिसके बाद से ये पद रिक्त था।

### मुख्यमंत्री से मिले टाटा स्टील के सीईओ एवं प्रबंध निदेशक



**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से बुधवार को झारखंड मंत्रालय में टाटा स्टील के सीईओ एवं प्रबंध निदेशक टीवी नरेंद्रन ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। इस अवसर पर उपाध्यक्ष टाटा स्टील (कारपोरेट सर्विसेज) चाणक्य चौधरी भी उपस्थित रहे।

### कांग्रेस की गोड्डा लोकसभा समन्वय समिति की बैठक स्थगित

**रांची।** कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर की लोकसभा समन्वय समिति की बैठक के कार्यक्रम में मामूली फेरबदल किया गया है। इस संबंध में बुधवार को प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि पूर्व निर्धारित गोड्डा लोकसभा समन्वय समिति की देवघर में आठ मार्च को प्रस्तावित बैठक को महाशिवरात्रि के पर्व को देखते हुए स्थगित कर दिया गया है।

### आज एसबीआई के सामने धरना देंगे कांग्रेसी

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने सभी जिला अध्यक्षों को 7 मार्च को जिला मुख्यालयों में स्थित भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य शाखा के सामने विरोध प्रदर्शन करने का निर्देश दिया है, साथ ही सभी पूर्व विधायकों,पूर्व जिला अध्यक्ष ,प्रदेश पदाधिकारियों प्रखंड अध्यक्ष एवं वरीय नेताओं से प्रदर्शन में आवश्यक रूप से भाग लेने का अनुरोध किया।

### श्रीश्री ठाकुर अनुकूलचंद्र का जन्मोत्सव दस को

**रांची।** श्रीश्री ठाकुर अनुकूलचंद्र का 136वां जन्मोत्सव और सत्संग बिहार रांची का उद्बोधन कार्यक्रम 10 मार्च को बोडेया रोड में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। सत्संग बिहार रांची के सचिव देव आशीष गुप्ता ने बुधवार को बताया कि वेद मांगलिक शहनाई के साथ सुबह 4.30 बजे कार्यक्रम शुरू होगा। कीर्तन, विनती प्रार्थना और वाणी पाठ आदि होंगे। पूज्य सिपाई दादा के कर कमल से उसी सत्संग बिहार का शुभ उद्बोधन होगा। मुख्य धर्म सभा का आयोजन होगा।

### हजारीबाग केंद्रीय कारा के रिकॉर्ड को संरक्षित रखने के संबंध में राज्य सरकार से मांगी रिपोर्ट

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने बुधवार को हजारीबाग केंद्रीय कारा के ऐतिहासिक महत्व को देखते हुए उसके रिकॉर्ड को संरक्षित रखने के संबंध में राज्य सरकार से रिपोर्ट मांगी है। जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने हजारीबाग के जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा में स्वतंत्रता सेनानियों को रखे जाने को देखते हुए वर्ष 1911 के पहले के इस जेल के ऐतिहासिक दस्तावेज को संरक्षित किए जाने को लेकर उठाए गए कदम पर जानकारी मांगी है। सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि हजारीबाग केंद्रीय कारा का इतिहास करीब वर्ष 1800 के आसपास का है। इस जेल में स्वतंत्रता सेनानियों को रखा जाता था।

# KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट



Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिबल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## एक नजर

### पूर्व सांसद धनंजय सिंह को सात साल की सजा 50 हजार का जुर्माना



**जौनपुर।** जौनपुर जिले की एक अदालत ने बुधवार को पूर्व सांसद धनंजय सिंह को अपहरण और रंगदारी मांगने के मामले में सात साल की सजा सुनाई और 50 हजार का जुमार्ना भी लगाया। अपर सत्र न्यायाधीश एमपी-एमएलए कोर्ट शरद त्रिपाठी ने मंगलवार को पूर्व सांसद को दोषी करार दिया था। बुधवार को मामले की सुनवाई के दौरान उन्होंने अपना फैसला सुनाया। नमामि गंगे के प्रोजेक्ट मैनेजर अभिनव सिंघल का चार साल पहले अपहरण कराने, रंगदारी मांगने, गालियां और धमकी देने के आरोपी पूर्व सांसद धनंजय सिंह और सहयोगी संतोष विक्रम को सात साल की सजा सुनाई गई है।

### पेरू के प्रधानमंत्री अल्बर्टो ओटारोला ने इस्तीफा दिया



**लीमा।** विवादों में घिरे पेरू के ताकतवर पीएम अल्बर्टो ओटारोला ने आखिरकार अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने एक युवती की मदद करने के लिए प्रभाव डालने के आरोपों के बीच यह निर्णय लिया। उन्होंने इस युवती को कथित तौर पर 'आई लव यू' कहा था। सिनार डेली समाचार पत्र के एक्स हैंडल में उपलब्ध संक्षिप्त रिपोर्ट के अनुसार अल्बर्टो ओटारोला ने संवाददाता सम्मेलन में इस्तीफा देने की घोषणा की।

### सांसद नवनीत राणा को जान से मारने की मिली धमकी



**अमरावती।** अमरावती की सांसद नवनीत राणा को एक ऑडिशो संदेश के जरिए जान से मारने की धमकी दी गई है। धमकी भरा ऑडियो उन्हें व्हाट्सएप पर भेजा गया था। मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इसकी जानकारी पुलिस ने बुधवार को दी। एफआईआर के मुताबिक, संदेश भेजने वाले ने सांसद के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का भी इस्तेमाल किया।

# पीएम ने किया देश के पहले अंडरवाटर मेट्रो का उद्घाटन

## उद्घाटन करने पहुंचे पीएम मोदी का लोगों ने किया जोरदार स्वागत

## 15,400 करोड़ की कई परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास




### टनल के निर्माण से पहले कोलकाता मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने 13 से अधिक देशों की स्टडी की

### फिर इसकी प्लानिंग और डिजाइनिंग की गई

### पीएम ने मेट्रो कर्मचारियों के साथ भी बातचीत की

### सुरंग की लंबाई 520 मीटर है। अप व डाउन लाइन के लिए दो सुरंगें बनाई गई हैं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश में मेट्रो सेवा के विस्तार की दृष्टि से बुधवार काफी महत्वपूर्ण दिन रहा। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोलकाता में बने देश के पहले अंडरवाटर मेट्रो का उद्घाटन किया। उसके साथ ही उन्होंने ऑनलाइन कोच्ची व आगरा मेट्रो का भी उद्घाटन किया। अंडरवाटर मेट्रो टनल के उद्घाटन के लिए पीएम मोदी कोलकाता के एस्प्लेनेड मेट्रो स्टेशन पहुंचे। उनके एस्प्लेनेड पहुंचते ही उपस्थित लोगों की दीवानगी चरम पर पहुंच गई। उनकी एक झलक पाने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस मौके पर 'मोदी-मोदी' और 'जय श्री राम' के नारे से माहौल गुंजायमान हो गया। पीएम ने यहां 15,400 करोड़ रुपये की कई कनेक्टिविटी परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।



इस दौरान उन्होंने कई छात्रों से बातचीत भी की।

## कोच्चि मेट्रो के नये टर्मिनल का उद्घाटन



**कोच्चि।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार सुबह कोच्चि मेट्रो के त्रिपुनिथुरा टर्मिनल का कोलकाता से वर्चुअली उद्घाटन किया। इसके साथ ही अलुवा से त्रिपुनिथुरा तक कोच्चि मेट्रो के पहले चरण का काम पूरा हो गया है। इस चरण में 25 स्टेशन हैं। इसकी लंबाई 28 किलोमीटर है। त्रिपुनिथुरा टर्मिनल 1.35 लाख वर्ग फुट में फैला हुआ है। जैसे ही पीएम ने कोलकाता से हरी झंडी दिखाई, ट्रेन अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गई। इस अवसर पर राज्य के कानून मंत्री पी. राजीव और अन्य शीर्ष अधिकारी मौजूद थे। केरल की पहली मेट्रो का दूसरा चरण जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम से इन्फोपार्क कक्कानाड तक है, जो लगभग 11.3 किलोमीटर की दूरी तय करेगा। इसमें 11 स्टेशन होंगे।

## पीएम मोदी ने आगरा मेट्रो का किया शुभारंभ

**आगरा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कोलकाता से वर्चुअल माध्यम से आगरा मेट्रो के प्राथमिकता वाले छह किमी लंबे कारिडोर का शुभारंभ किया। आगरा मेट्रो के उद्घाटन में पीएम मोदी के हरी झंडी दिखाते ही मेट्रो दौड़ पड़ी। इस मौके पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने स्टेशन से हरी झंडी दिखाई। साथ ही ताजमहल भूमिगत स्टेशन से इसकी शुरूआत हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ताजमहल स्टेशन से ताज पूर्वी स्टेशन तक मेट्रो ट्रेन में सफर किया। उनके साथ जनप्रतिनिधि भी शामिल रहे। पहले चरण में मेट्रो छह किमी चलेगी। मेट्रो ट्रेन में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय एक के 32 बच्चे चुने गए। इन्होंने ताजमहल स्टेशन से ताजपूर्वी तक सफर किया। मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आगरावासियों को होली से पहले मेट्रो ट्रेन की सौगात मिली है। देश में सबसे कम समय में आगरा में मेट्रो स्टेशन तैयार हुए। आगे के प्रोजेक्ट को भी इसी तरह तेजी से कार्य करने के लिए मेट्रो अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।



## 'ममता राज में महिलाओं के साथ हुआ घोर पाप'



**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के बारासात में पीएम ने ममता सरकार पर जमकर निशाना साधा। कहा, सीएम ममता के राज में नारी शक्ति पर घोर अत्याचार हुआ है। भाजपा की ओर से बारासात में आयोजित नारी शक्ति वंदन अभिनंदन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार बंगाल की महिलाओं के गुनहगारों को बचाने के लिए पूरी शक्ति लगा रही है जबकि उसे उच्च न्यायालय से लेकर उच्चतम न्यायालय तक में झटका लगा है। उन्होंने कहा कि इस व्यवहार से बंगाल की महिलाएं, देश की महिलाएं आक्रोश में हैं। नारी शक्ति के आक्रोश का यह ज्वार संदेशखाली तक ही सीमित नहीं रहने वाला है, बल्कि यह पूरे बंगाल तक जाएगा। मोदी ने कहा कि यहां की महिलाओं ने देश को दिशा दी है और मां शारदा, भगिनी निवेदिता, मातंगिनी हाजरा और कल्पना दत्ता जैसी अनगिनत शक्ति स्वरूपा यहां अवतरित हुई हैं लेकिन, इसी धरती पर तृणमूल के राज में नारी शक्ति पर घोर पाप हुआ है। संदेशखाली में जो हुआ उससे किसी का भी सिर शर्म से झुक जाएगा, लेकिन यहां की सरकार को आपके दुख से कोई फर्क नहीं पड़ता। मोदी ने आरोप लगाया कि राज्य की गरीब, दलित, वंचित और आदिवासी परिवार की बहन-बेटियों के साथ टीएमसी के नेता जगह-जगह अत्याचार कर रहे हैं। लेकिन राज्य सरकार को अपने अत्याचारी नेताओं पर भरोसा है बंगाल की बहन-बेटियों पर भरोसा नहीं।

## 12,800 करोड़ की योजनाओं का दिया तोहफा

**एजेंसी। बेतिया**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को एकदिवसीय बिहार दौरे के क्रम में बेतिया पहुंचे। यहां उन्होंने 12,800 करोड़ रुपए से अधिक की विकास योजनाओं का रिमोट के जरिए उद्घाटन और शिलान्यास किया। पश्चिम चंपारण जिले के बेतिया में जिन परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया गया, सभी परियोजनाएं रेल, सड़क, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस से संबंधित हैं। पीएम मोदी ने इंडियन ऑयल की 109 किमी लंबी मुजफ्फरपुर-मोतिहारी एलपीजी पाइपलाइन का उद्घाटन किया। यह पाइपलाइन बिहार और पड़ोसी देश नेपाल में स्वच्छ खाना पकाने के ईंधन तक पहुंच प्रदान करेगी। पीएम मोदी ने मोतिहारी में एक बड़ा



एलपीजी बॉटलिंग प्लांट और स्टोरेज टर्मिनल भी देश को समर्पित किया। यह नेपाल और उत्तर बिहार के आठ जिलों को पेट्रोलियम उत्पाद उपलब्ध कराने में मदद करेगा। पीएम मोदी ने विभिन्न रेलवे परियोजनाओं का लोकार्पण, उद्घाटन और शिलान्यास भी किया।

### दो दिवसीय असम दौरे पर पीएम 8 को आएंगे काजीरंगा

**गोलाघाट।** पीएम अपने दो दिवसीय दौरे पर 8 मार्च को असम पहुंचेंगे। पीएम 9 को काजीरंगा उद्यान का दौरा करेंगे और जोरहाट जिले में लाचीत बरफुकन की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। पीएम 8 मार्च को काजीरंगा पहुंचेंगे और यहां के पुलिस गेस्ट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगे। पीएम 9 को सुबह के समय उद्यान का दौरा करेंगे।

### पीएम आज जायेंगे श्रीनगर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री 7 मार्च को श्रीनगर जाएंगे और विकसित भारत, विकसित जम्मू कश्मीर कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। वह जम्मू-कश्मीर में कृषि-अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए लगभग 5 हजार करोड़ रुपये का कार्यक्रम राष्ट्र को समर्पित करेंगे। पर्यटन क्षेत्र को बड़े पैमाने पर बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री स्वदेश दर्शन और प्रसाद योजना के तहत 1400 करोड़ रुपये से अधिक की 52 पर्यटन क्षेत्र परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित और लॉन्च करेंगे। पीएम हजरतबल तीर्थस्थल के एकीकृत विकास परियोजना राष्ट्र को समर्पित करेंगे। पीएम देखो अपना देश पीपल्स चॉइस 2024 और चलो इंडिया ग्लोबल डायस्पोरा कैंपेन भी लॉन्च करेंगे।

### पीएम नौ को पहुंचेंगे वाराणसी

**वाराणसी।** पीएम आजमगढ़ जाने के पहले 09 मार्च को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचेंगे और कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को जीत का मंत्र देंगे। प्रधानमंत्री के आगमन का संकेत मिलते ही जिला प्रशासन और भाजपा संगठन तैयारियों में जुट गया है। बाबतपुर एयरपोर्ट से प्रधानमंत्री मोदी कड़ी सुरक्षा के बीच बरेका गेस्टहाउस में पहुंचेंगे। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री बरेका में रात्रि विश्राम के बाद अगले दिन पूर्वाह्न दस बजे बरेका हेलिपैड से आजमगढ़ रवाना होंगे।

भारत-कोरिया संयुक्त आयोग की बैठक

## जयशंकर ने नए क्षेत्रों में सहयोग का किया आह्वान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को सोल में 10वीं भारत-कोरिया संयुक्त आयोग की बैठक में सुरक्षित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में आपसी सहयोग बढ़ाने का आह्वान किया। मंत्री ने अपने उद्घाटन भाषण में दोनों देशों के बीच 'अत्यधिक सद्भावना' की बात करते हुए कहा कि द्विपक्षीय संबंध लगातार मजबूत हुए हैं। उनके साथ विदेश मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय और नीति आयोग के प्रतिनिधि भी इस यात्रा पर हैं। जयशंकर ने अपने कोरियाई समकक्ष चो ताए-यूल के साथ बैठक की सह-अध्यक्षता की। उन्होंने कहा, मैं इस संयुक्त आयोग को बहुत आशावाद और अपेक्षा के साथ देखता हूं। मुझे पता है कि हमारे बीच जबरदस्त सद्भावना है। हमारी चुनौती इसे व्यावहारिक परिणामों में तब्दील करना है। दोनों देशों ने पिछले साल राजनयिक संबंधों की स्थापना की 50वीं वर्षगांठ मनाई थी। विदेश मंत्री ने दोनों देशों के बीच संबंधों को



'विशेष रणनीतिक साझेदारी' तक बढ़ाने में 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोल यात्रा के दौरान उनके द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका की भी चर्चा की। उन्होंने व्यापार, निवेश, रक्षा आदि में द्विपक्षीय आदान-प्रदान और सहयोग पर प्रकाश डालते हुए कहा, यह महत्वपूर्ण है कि हम उस पर खरे उतरें। हम लगातार मजबूत हुए हैं। बीते वर्षों में हम वास्तव में एक-दूसरे के लिए महत्वपूर्ण भागीदार बन गए हैं। मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि सहयोग के पारंपरिक क्षेत्रों में गति बनाए रखते हुए भारत अब नए क्षेत्रों में विस्तार करने में बहुत रुचि रखेगा।

# इसरो दो चरणों में लॉन्च करेगा चंद्रयान-4 मिशन

### मानव मिशन की सफलता के लिए बेहद अहम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अपने चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के बाद अब चंद्रयान-4 मिशन की तैयारी कर रहा है। खास बात ये है कि चंद्रयान-4 मिशन दो चरणों में लॉन्च किया जाएगा और चांद पर मानव मिशन भेजने के लिहाज से यह बेहद अहम होगा। चंद्रयान-4 मिशन न सिर्फ चांद की जमीन पर लैंड करेगा, बल्कि वहां से कुछ सैंपल लेकर धरती पर वापस भी लौटेगा। इसरो चीफ एस सोमनाथ ने एक कार्यक्रम के दौरान बताया कि चंद्रयान-4 मिशन में पांच स्पेसक्राफ्ट मॉड्यूल शामिल किए जाएंगे। साथ ही इसे दो रॉकेट की मदद से दो चरणों में लॉन्च किया जाएगा। चंद्रयान-4 में चंद्रयान-3 मिशन की तरह लैंडर, रोवर और प्रोपल्शन मॉड्यूल तो होंगे ही, इनके साथ ही दो अतिरिक्त मॉड्यूल भी होंगे। यही दो मॉड्यूल चांद की सतह से वहां की मिट्टी और पत्थर



लेकर धरती पर वापस लौटेंगे।

चंद्रयान-4 मिशन में इसरो अपने एलवीएम-3 और पीएसएलवी दोनों रॉकेट का इस्तेमाल करेगा। पहले एलवीएम-3 लॉन्च व्हीकल प्रोपल्शन मॉड्यूल, डिसेंडर मॉड्यूल और असेंडर मॉड्यूल को लेकर उड़ान भरेगा। इसके बाद ट्रांसफर मॉड्यूल और रि-एंट्री मॉड्यूल को लेकर पीएसएलवी लॉन्च किया जाएगा। इस मिशन को लेकर इसरो आने वाले दिनों में और ज्यादा जानकारी देगा।

#### चंद्रयान-4 मिशन में 5 मॉड्यूल अंतरिक्ष में भेजे जाएंगे

**प्रोपल्शन मॉड्यूल :** चंद्रयान-3 मिशन की तरह प्रोपल्शन मॉड्यूल चंद्रयान-4 को चांद की कक्षा में लेकर जाएगा।

**डिसेंडर मॉड्यूल :** यह मॉड्यूल चांद की सतह पर लैंड करेगा, जैसे चंद्रयान-3 मिशन के विक्रम लैंडर ने चांद पर लैंडिंग की थी।

**असेंडर मॉड्यूल :** चांद की सतह से सैंपल इकट्ठे करके असेंडर मॉड्यूल ही लैंडर से अलग होगा।

**ट्रांसफर मॉड्यूल :** यह मॉड्यूल चांद की सतह से असेंडर मॉड्यूल को लेकर चांद की कक्षा से बाहर आएगा।

**रि-एंट्री मॉड्यूल :** यही मॉड्यूल चांद की सतह से लिए गए सैंपल को धरती पर वापस लेकर आएगा।

फिल्म जगत

## स्पेनिश महिला के गैंगरेप पर भड़कीं एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा

**मुंबई।** बालीवुड एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा का झारखंड में एक स्पैनिश बाइकर कपल पर हमले की खबर पर गुस्सा फूटा । उन्होंने इंस्टा पर पोस्ट शेयर कर इस घटियापन को हमारे सड़े हुए समाज के लिए शर्म की बात बताया। ऋचा चड्ढा ने लिखा- शर्मनाक! भारतीय विदेशियों के साथ वैसे ही व्यवहार कर रहे हैं जैसे वे अपनी औरतों के साथ करते हैं। शर्म आती है हमारे सड़े हुए समाज पर। ऋचा के अलावा साउथ एक्टर दुलकर सलमान ने भी अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर इस वीडियो को शेयर करते हुए लिखा- इसके बारे में सुनकर स्तब्ध हूं! आप दोनों हाल ही में कोट्टायम गए थे जहां करीबी दोस्तों ने आपको खाने पर बुलाया था। ऐसा कहीं भी किसी के साथ नहीं होना चाहिए। बता दें कि शुक्रवार को एक स्पैनिश बाइकर कपल झारखंड के दुमका जिले के कुरमाहाट गांव से होते हुए नेपाल जा रहा था। उन्होंने वहां रात रुकने के लिए एक अस्थायी तंबू लगाया। सात ग्रामीणों ने



दोनों को पीटा, उनका सामान लूट लिया और महिला का यौन उत्पीड़न किया। खबरों में ऐसा बताया जा रहा है कि इस शर्मनाक घटना में 7-8 लोग शामिल हैं। घटना तब सामने आई जब पेट्रोलिंग के दौरान रात करीब 11 बजे दोनों को देखा गया। पुलिस ने बताया कि शिकायत दर्ज कर ली गई है और तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। बता दें कि एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा बी-टाउन की उन एक्ट्रेसेस में से हैं जो हर मुद्दे पर खुलकर अपनी राय रखती हैं। राजनीति से लेकर समाजिक तक ऋचा ने हर विषय पर अपनी बात बुलंद की है।